**मराठी** विनोदी कथांचे बादशहा चिं. वि. जोशी यांची प्रसिद्ध कथा आहे - 'सर्कशीत चिमणराव'. वाघाचे कातडे पांघरून चिमणराव पिंजऱ्यात बसतात तर वाघ बघायला आलेले लोक त्या मरतुकड्या वाघाची मजा घेतात. मग, वाघ उद्गारतो - पिंजऱ्यामध्ये व्याघ्र सापडे, बायकामुले मारिती खडे. ते ऐकून कडेवर मूल घेतलेली बाई घाबरून भूत, भूत ओरडत पळून जाते. 'बंगालची वाघीण' अशी ओळख असलेल्या ममता बॅनर्जी व त्यांच्या तृणमूल काँग्रेस पक्षाची सध्या अशीच केविलवाणी अवस्था झाली आहे. बरोबर एक महिन्यापूर्वी, ४ मे रोजी पश्चिम बंगाल विधानसभा निवडणुकीचा निकाल लागला. ममता बॅनर्जी यांची पंधरा वर्षांची सत्ता भारतीय जनता पक्षाने उलथवून टाकली. भाजपला २०८ तर तृणमूल काँग्रेसला अवघ्या ८० जागा मिळाल्या. ममतादीदी चिडल्या, चरफडल्या, संतापल्या. पण, निकाल तर लागलाच होता. गेल्यावेळी नंदीग्राममध्ये व आता भवानीपूरमध्ये ममता बॅनर्जी यांचा पराभव करणारे सुवेंदू अधिकारी मुख्यमंत्री बनले. बंगालची जखमी वाघीण पिंजऱ्यात अडकली. तिच्यावर दाही दिशांनी हल्ले सुरू झाले. शारीरिक व राजकीयदेखील. गेल्या आठवड्यात ममतादीदींचे भाचे अभिषेक यांच्यावर आणि नंतर ज्येष्ठ नेते कल्याण बॅनर्जी यांच्यावर हल्ला झाला. जखमी अभिषेक बॅनर्जी यांच्यासाठी धावतपळत इस्पितळात गेलेल्या ममतादीदींच्या चेहऱ्यावरील भीती व तगमग स्पष्टपणे जाणवत होती. महत्त्वाचे म्हणजे भाच्यावरील हे जास्तीचे प्रेमच राजकीय हल्ल्यांसाठी कारणीभूत ठरत आहे. पक्षाची सगळी सूत्रे अभिषेक यांच्या ताब्यात आहेत आणि त्यांच्या आग्रहामुळेच आयपॅक या पीआर एजन्सीकडे पक्षाची रणनीती ठरविण्याची जबाबदारी देण्यात आली होती. या दोन कारणांनी पक्षाचे अध:पतन झाल्याचा आरोप करीत बव्हंशी तृणमूल आमदारांनी आघाडी उघडली आहे. त्यासाठी सह्यांची मोहीम सुरू केल्यामुळे ऋतब्रत बॅनर्जी व सांदीपान साहा या दोन आमदारांची मंगळवारी पक्षातून हकालपट्टी करण्यात आली. पण, तब्बल ५८ आमदारांनी त्यापैकी ऋतब्रत बॅनर्जी यांना पाठिंबा दिला आणि विधानसभा अध्यक्षांनी अपेक्षेनुसार या बॅनर्जींना विरोधी पक्षनेतेपद बहाल केले. या घडामोडींमुळे महाराष्ट्राला शिवसेनेतील चार वर्षांपूर्वीच्या एकनाथ शिंदे यांच्या बंडाची आठवण झाली. ऋतब्रत बॅनर्जी हे 'बंगालचे एकनाथ शिंदे' बनले, अशी तुलना झाली. आधी विरोधी पक्षनेते व नंतर महाविकास आघाडी सरकारमध्ये ज्येष्ठ मंत्री राहिलेले शिंदे यांना भारतीय जनता पक्षाने उद्धव ठाकरे यांच्या विरोधात असेच गळाला लावले होते. वर्षभरानंतर दिवंगत अजित पवार यांनीही थेट काका शरद पवार यांच्याविरुद्ध असेच बंड केले होते. अर्थात, बॅनर्जी व शिंदे, पवार यांची तूर्त तुलना करता येणार नाही. कारण, सध्यातरी ते फक्त विरोधी पक्षनेते आहेत. तरीही महाराष्ट्र व प. बंगालच्या या घडामोडींमध्ये आणखी एक विस्मयकारक साम्य आहे. ज्येष्ठ नेते शरद पवार व काही प्रमाणात उद्धव ठाकरे यांच्याबाबत त्यांच्या पक्षातील आमदार व पदाधिकाऱ्यांनी जशी 'साहेब हृदयात आहेत' वगैरे शब्दांच्या रूपात निष्ठा व्यक्त केली होती, तशीच भाषा ऋतब्रत बॅनर्जी यांनी ममतादीदींबाबत वापरली आहे. ते म्हणतात, 'आपल्यासाठी त्या आदरणीय आहेत, त्यांनी मार्गदर्शक राहावे, विधिमंडळाचा कारभार आमच्या हाती सोपवावा.' म्हणजेच भारतीय जनता पक्षाविरुद्ध संघर्ष करून निवडून आलेल्या आमदारांचा सगळा रोष व राग अभिषेक बॅनर्जी यांच्यावर आहे. बंगालचे राजकारण आणि हिंसाचार या एकाच नाण्याच्या दोन बाजू आहेत आणि डाव्या पक्षांच्या आघाडीने उत्तेजन दिलेल्या हिंसाचाराचा सामना करीत ममता बॅनर्जी यांनी अक्षरश: रक्त सांडून तृणमूल काँग्रेस उभी केली. तळागाळात पक्षसंघटनेची बांधणी केली. ठोशाला प्रतिठोसा देत डाव्यांची साडेतीन दशकांची सत्ता उलथवली. दुर्दैवाने तृणमूल काँग्रेस सत्तेवर आल्यानंतर त्या कार्यकर्त्यांनीदेखील दहशत, दडपशाही व हिंसेचाच मार्ग धरला. ममतादीदी देशभर प्रचंड बदनाम झाल्या. भाजपने ते अराजक संपविण्यासाठी मतदारांना हाक दिली. मतदारांनी प्रतिसाद दिला आणि पंधरा वर्षांची तृणमूलची सत्ता गेली. आता भाजपही हिंसाचारावर उतरली, हा भाग अलहिदा. मूळ मुद्दा राजकीय पिंजऱ्यात अडकलेल्या ममता बॅनर्जी व तृणमूलच्या भविष्याचा आहे. सत्तांतरानंतरच्या परिस्थितीला त्या शरण जातात की नव्या दमाने उसळी मारतात, हे पाहावे लागेल. कारण, तसेही शरण जाणे हा या वाघिणीचा स्वभाव नाही. त्यात ती जखमी झाली आहे.

# निमित्त विधान परिषदेचे; पण नजर लोकसभेवर!

**काही गणिते बंद दाराआड सुटतात. प्रत्यक्ष निवडणुकीत खर्चाची वेळ येऊ नये म्हणून आधीच खर्च केला, असे काही ठिकाणी घडले म्हणतात!**



यदु जोशी
राजकीय संपादक, लोकमत



**अरुण लखानी** यांना वर्धा-चंद्रपूर-गडचिरोली या विधान परिषदेच्या स्थानिक स्वराज्य संस्था मतदारसंघात उमेदवारी मिळताच सोशल मीडियामध्ये उथळ प्रतिक्रिया आल्या. सुप्रिया सुळेंच्या व्याह्यांना भाजपने दिली संधी वगैरे वगैरे. सोशल मीडिया बरेचदा सत्य न शोधता सर्वात सोपी कथा शोधत असते; परिश्रम, त्यागाची कहाणी त्यांना कंटाळवाणी वाटते. अशा लोकांसाठी एवढेच की विदर्भात संचेती, लखानी, खंडेलवाल हे असे परिवार आहेत की, जे तीन-चार पिढ्यांपासून संघ-जनसंघ-भाजपमध्ये आहेत. सुप्रियाताईंचे व्याही म्हणून अरुणभाऊंना संधी नाही मिळालेली. त्यांचा डीएनए संघाचा आहे. अरुणभाऊ हा प्रेमळ आणि समर्पित माणूस आहे. स्वत:चे मोठे उद्योगविश्व उभारूनही जमिनीवर असलेले अरुणभाऊ सुळे-पवार परिवार त्यांच्या आयुष्यात आला म्हणून मोठे झालेले नाहीत. उलट सुप्रियाताईंची कन्या एका अतिशय चांगल्या कुटुंबात जात आहे.

भाजपचे एक उमेदवार असे आहेत की, ज्यांना सहा वर्षे आमदारकी मिळायला हवी होती; पण दीड वर्षाचीच आमदारकी त्यांना मिळणार आहे, ते आहेत डॉ.राजीव पोतदार. गेली तीस वर्षे पक्षासाठी जीवाचे रान त्यांनी केले. मूळचे अमरावतीचे; पण रमले कळमेश्वर-सावनेर या नागपूर जिल्ह्यातील तालुक्यांमध्ये. सुनील केदारांचे साम्राज्य खालसा करण्यात त्यांचा मोठा वाटा राहिला आहे. पक्षासाठी त्यांनी केलेल्या त्यागाची बक्षिसी दीड वर्षांची आमदारकी असेल तर तो अन्याय ठरेल.

भाजपने काही उमेदवार २०२९ ची लोकसभा डोळ्यासमोर ठेवून दिले आहेत. अहिल्यानगरमध्ये प्राजक्त तनपुरेंना दोन दिवसांपूर्वी शरद पवारांच्या पक्षातून आणले अन् उमेदवारी दिली. २०२४ च्या लोकसभेत डॉ. सुजय विखे पाटील नीलेश लंकेंकडून हरले होते, ते शल्य दूर करण्यासाठी केलेली पेरणी म्हणजे तनपुरेंची उमेदवारी आहे. सोबतच राहुरीची विधानसभा भाजपने आणखी पक्की करून घेतली. सोलापुरात राजेंद्र राऊत यांना उमेदवारी देऊन धाराशिवच्या लोकसभेसाठी भाजपने बळ मिळविले. बार्शी सोलापूर जिल्ह्यात असले तरी लोकसभेला तेथील मतदान धाराशिवमध्ये आहे. धाराशिव-लातूर-बीडमध्ये माजी राज्यमंत्री बसवराज पाटील यांना उमेदवारी देऊन भाजपने लिंगायत कार्ड खेळले आहे. त्याचा फायदा २०२९ च्या लोकसभेला लातूर, धाराशिवमध्ये होईल, असे भाजपचे गणित दिसते. विधान परिषदेच्या या मतदारसंघातील निवडणूक खर्चिक होईल. राजेंद्र राऊत यांची आमदारकी साडेतीन वर्षांची राहील असे दिसते, कारण ते विधानसभेचे मटेरियल आहेत. भाजप त्यांना विधानसभेला उतरवेल आणि प्रशांत परिचारकांना त्यांच्या जागी विधान परिषदेवर तर नाही पाठवणार? विदर्भात चारपैकी दोन जागी भाजपने कुणबी उमेदवार दिले. अमरावती प्रवीण पोटे पाटील, भंडारा-गोंदियात अविनाश ब्राह्मणकर यांना संधी देऊन कुणबी कार्ड खेळताना भाजपने नजर लोकसभेवरच ठेवली आहे.

**खानासाठी बाणाला मते**

'खान पाहिजे की बाण?'... ही टॅगलाइन घेऊन शिवसेनेने परभणीत इतकी वर्षे मते मागितली. आता त्याच परभणी-हिंगोलीत शिंदेसेनेने म्हणजे बाणाच्या पक्षाने खान दिला आहे. सईद खान हे शिंदेसेनेचे उमेदवार आहेत. खानासाठी बाणावर मते मागितली जातील. नियती बरेचदा अशा गमतीजमती करत असते. परभणीत लोकसभेला मुस्लीम समाजाने उद्धव ठाकरेंना साथ दिली, पुढल्या वेळी मुस्लिमांची मते आपल्याकडे वळविण्यासाठी शिंदेंनी सईद खान यांना संधी दिलेली दिसते. नागपूरचे दुष्यंत चतुर्वेदी पूर्वी यवतमाळचे विधान परिषद आमदार होते, कार्यकाळ संपल्यानंतर ते पक्षात फारसे सक्रिय दिसले नाहीत; पण नशिबाने त्यांना साथ दिली. एकनाथ शिंदेंचे लाडके किरण पांडव मागे पडले. मंत्री संजय राठोड यांची भूमिका निर्णायक ठरली असे म्हणतात. काँग्रेसचे साहेबराव कांबळे यांनी माघार घेतली. त्यांनी कारण छान दिले, महाविकास आघाडीकडे जिंकण्यासाठीचे संख्याबळ नसल्याने मी माघार घेतो आहे असे ते म्हणाले. उमेदवारी अर्ज भरताना त्यांना हे माहिती नव्हते का? कधीकधी संख्याशास्त्रावर अर्थशास्त्र मात करते. या निवडणुकीच्या आधी अनेक ठिकाणी 'अर्थ'शास्त्राचे नियम चालले. निवडणुकीची काही गणिते बंद दाराआड सुटत असतात.

**राष्ट्रवादीत तडजोड**

राष्ट्रवादीच्या अजित पवार गटात पार्थ पवार विरुद्ध प्रफुल्ल पटेल-सुनील तटकरे असा संघर्ष दिसतो; पण विधान परिषदेत दोघांनी आपापले सुभे वाटून घेतले. पार्थ यांनी आपल्या मनाप्रमाणे विक्रम संजय काकडे यांना पुण्यात उमेदवारी दिली. तिकडे तटकरे यांनी रायगड-रत्नागिरी-सिंधुदुर्गातून मुलगा अनिकेतच्या गळ्यात उमेदवारी टाकली. पार्थ आणि तटकरे यांच्यात तडजोड झालेली दिसते. पार्थ हे आपल्या निष्ठावंतांची टीम बांधू पाहत आहेत. जुन्या निष्ठावंतांना त्यांनी पुण्यात बाजूला ठेवले आणि भाजपमधून आलेल्या संजय काकडेंच्या मुलाला आणि त्यातही आपल्या खास मित्राला तिकीट दिले. विलास लांडे, सुनील टिंगरेंसारखी जुनी माणसे दुखावली, पार्थ यांची परीक्षा तर पुढेच आहे. जुनी माणसे बदलून आणलेल्या नव्यांच्या भरवश्यावरही मी यशस्वी होऊ शकतो हे त्यांना सिद्ध करावे लागणार आहे.

yadu.joshi@lokmat.com

अन्वयार्थ

# हिरव्या हातांची सामान्य माणसे जेव्हा निसर्गाची हाक ऐकतात..

**सरकार काही करेल म्हणून वाट पाहणे नाकारून स्वत: हिरवाई फुलवणारी कितीतरी माणसे, गट देशभर आहेत. आजच्या पर्यावरणदिनी त्यांच्या कहाण्या..**



अभिलाष खांडेकर
ज्येष्ठ पत्रकार

**दरवर्षी** जागतिक पर्यावरण दिनाच्या निमित्ताने केंद्र आणि राज्य सरकारे पाणी, जंगल आणि पर्यावरणाशी संबंधित विविध योजना जाहीर करून मोठमोठ्या यशाचे दावे करत असतात, प्रत्यक्ष वास्तवातली परिस्थिती खूपच वेगळी असते, हे आपण सगळेच अनुभवतो. या निराशाजनक पार्श्वभूमीवर महाराष्ट्रातल्या आज काही यशोगाथा सांगाव्या म्हणतो. सर्वत्र काहीशी निराशा असताना उत्तर प्रदेशमधले आर. के. पालीवाल, मध्य प्रदेशातले विदिशाचे डॉ. सुरेश गर्ग, पंजाबचे हरपाल पाली, बांदाचे राजा बाबू सिंह किंवा राजस्थानमधील ताल छाप्परमध्ये गवताळ प्रदेश विकसित करणारे कितीतरी लोक मला आशेचे किरण वाटतात.

काही वर्षांपूर्वी मी पामेला आणि अनिल मल्होत्रा या विलक्षण अमेरिकन दाम्पत्यावरचं एक पुस्तक वाचलं होतं. कर्नाटकात त्यांनी ३०० एकरांहून अधिक क्षेत्रावर एक खासगी अभयारण्य उभं केलं. त्यांनी अतिशय कष्टाने एका उजाड आणि नापीक शेतजमिनीचं रूपांतर हत्ती आणि वाघांसाठी योग्य ठरेल अशा अधिवासामध्ये केलं. कोविड काळात अनिल यांचं निधन झालं. २०२४ मध्ये पामेलाही गेल्या; पण त्यांनी उभं केलेलं काम मात्र 'एसएआय सँक्चुअरी' या नावाने जिवंत आहे. आसामचे जादव पायेंग आणि त्यांचं अद्‌भुत वनसंवर्धनाचं काम तर अनेकांना माहितीच आहे.

राजा बाबू सिंह हे अतिरिक्त पोलिस महासंचालक या पदावर कार्यरत आहेत. मध्य प्रदेश पोलिसांच्या प्रशिक्षण विभागाचे ते प्रमुखही आहेत. ग्वाल्हेरमधील जुन्या तिघरा तलावाजवळच्या १७२ एकर ओसाड जमिनीचं त्यांनी जैवविविधतेने समृद्ध अशा वनक्षेत्रात रूपांतर केलं आहे. पोलिस प्रशिक्षण केंद्राच्या अखत्यारीतील ही जमीन अनेक वर्षे पूर्णपणे दुर्लक्षित होती. त्या जमिनीवर फक्त बाभळीची झाडं होती. राजा बाबू सिंह यांनी प्रशिक्षणार्थींच्या मदतीने या जमिनीवर वैज्ञानिक पद्धतीने काम सुरू केलं. पर्यावरणपूरक स्थानिक जातींची १६ हजारांहून अधिक झाडं लावण्यात आली. भाजीपाला आणि फळबागाही लावल्या. अवघ्या १४-१५ महिन्यांत, पोलिस अधिक्षक अखिलेश रैनवाल यांच्या नेतृत्वाखालील एका टीमने, बजेटवर फार ताण न टाकता हे काम उभं केलं.

सिंह यांनी नागरिकांना रोपं, बियाणे आणि खतं दान करण्याचं आवाहन केलं. त्यातून खडकाळ जमिनीवर हिरवाई फुलली. गवतामुळे जमिनीची धूप रोखली गेली. मातीचा सुपीक थर कायम राहिला आणि एकेकाळच्या ओसाड जमिनीवर आज जैवविविधतेनं नटलेलं वनक्षेत्र उभं आहे. वास्तविक सिंह हे केन नदीच्या काठावर वसलेल्या, उत्तर प्रदेशातील सर्वांत उष्ण प्रदेश म्हणून ओळखल्या जाणाऱ्या बांदा जिल्ह्यातले... पर्यावरण क्षेत्रातल्या कामाची कुठलीही पार्श्वभूमीही त्यांना नाही; पण दुर्दम्य इच्छाशक्ती आणि नेतृत्वगुणांच्या बळावर त्यांनी हे काम केलं. आज त्या वनराईकडे अनेक पक्षी आकर्षित होतात. पृथ्वीचा आदर राखला तर ती आपल्याला किती भरभरून देते, याचा हा पुरावाच आहे.

वयाच्या सत्तरीत असलेले डॉ. सुरेश गर्ग गेली काही वर्षे विदिशामधील बेतवा (वेत्रवती) नदीपात्राच्या स्वच्छतेचं काम करत आहेत. आयकर विभागाचे माजी मुख्य आयुक्त आर. के. पालीवाल यांची क्रियाशील साथ त्यांना लाभली आहे. भोपाळजवळील रातापानी जंगलातील झिरी येथे असलेल्या बेतवा नदीच्या उगमस्थानाच्या पुनरुज्जीवनाचं काम त्यांनी निवृत्तीनंतर हाती घेतलं. नदीचा उगम जवळजवळ कोरडा पडला होता; पण गेली काही वर्षे चाललेल्या सातत्यपूर्ण प्रयत्नांमुळे आता चित्र बदललं आहे.

सुमारे ५५० किलोमीटर प्रवास करून बेतवा नदी उत्तर प्रदेशातील हमीरपूरजवळ यमुनेला मिळते. तिची अवस्थाही यमुनेसारखीच दयनीय झाली होती. बुंदेलखंडाची जीवनवाहिनी असलेल्या या नदीसाठी ना मध्य प्रदेश सरकारने काही केलं, ना उत्तर प्रदेश सरकारने! पण डॉ. गर्ग आणि पालीवाल यांनी अनेक राज्यांतील स्वयंसेवकांना एकत्र आणलं, त्यांना कामासाठी प्रेरित केलं आणि विंध्य पर्वतरांगांतील झिरी जंगलाच्या वरच्या भागात पावसाचं पाणी जमिनीत मुरावं यासाठी १२५ हून अधिक लहान बंधारे बांधले. या कामात त्यांना सरकारची कुठलीही मदत मिळालेली नाही. या प्रकल्पाचं सगळं यश स्वयंसेवकांच्या उत्स्फूर्त सहभागाच्या बळावर मिळवलेलं आहे.

भारतभर अशा अनेक व्यक्ती आणि गट कार्यरत आहेत. ते सरकार काही करेल म्हणून वाट पाहत बसलेले नाहीत, तर शांतपणे आपलं काम करत आहेत. शांतपणे आणि निष्ठेने आपलं काम करणाऱ्या अशा सगळ्या गटांचा जागतिक पर्यावरण दिनानिमित्त सन्मान व्हायला हवा.

जगभर

# श्रीमंतांच्या क्रमात घसरल्यानं झकरबर्ग अस्वस्थ

**मार्क** झकरबर्ग. जगातील सर्वाधिक श्रीमंतांच्या यादीत त्यांचं नाव कायम वरच्या फळीत असतं. २०२५च्या फोर्ब्सच्या अब्जाधीशांच्या यादीत मात्र त्यांचं नाव दुसऱ्या क्रमांकावरून घसरून पाचव्या स्थानावर गेलं आहे. अर्थात गेल्या वर्षीच्या २१६ अब्ज डॉलर संपत्तीच्या तुलनेत यंदा त्यांची संपत्ती वाढून २२२ अब्ज डॉलर झाली आहे. तरीही पृथ्वीवरील सर्वांत श्रीमंत इलॉन मस्क यांच्यासह आणखी तिघं त्यांच्यापुढे गेले आहेत.

इलॉन मस्क हे ८४१ अब्ज डॉलर संपत्तीसह पहिल्या क्रमांकावर कायम आहेत. त्यांच्याकडे २०२५मध्ये ३४२ अब्ज डॉलर संपत्ती होती. २५७ अब्ज डॉलर संपत्तीसह गूगलचे लॅरी पेज दुसऱ्या क्रमांकावर आहेत. गेल्या वर्षी त्यांच्याकडे १४४ अब्ज डॉलर होते. गूगलचेच दुसरे संस्थापक सर्गेई ब्रिन २३७ अब्ज डॉलर संपत्तीसह तिसऱ्या क्रमांकावर आहेत. गेल्या वर्षी त्यांची संपत्ती १३८ अब्ज डॉलर होती. ॲमेझॉनचे जेफ बेझोस २२४ अब्ज डॉलर संपत्तीसह चौथ्या क्रमांकावर असून, त्यांचा क्रमांक मार्क झकरबर्ग यांच्या वर गेला आहे. २०२५मध्ये बेझोस यांची संपत्ती २१५ अब्ज डॉलर असल्याचा अंदाज होता.

अब्जाधीशांच्या क्रमवारीत घसरण झाल्यानं मार्क झकरबर्ग अस्वस्थ झाले आहेत. आपली संपत्ती पुन्हा वाढवण्यासाठी त्यांनी आता वेगवेगळे मार्ग शोधायला सुरुवात केली आहे. त्यातलाच एक भाग म्हणजे फेसबुक, व्हॉट्सॲप, इन्स्टाग्राम प्लसची सेवा आता सशुल्क होणार आहे. त्या माध्यमातून श्रीमंतांच्या यादीत पुन्हा वरचा क्रमांक गाठण्यासाठी मार्क झकरबर्ग यांनी कंबर कसली आहे.

'मेटा'नं कमाई वाढवण्यासाठी आपली सारी लोकप्रिय व्यासपीठं सशुल्क करण्याची घोषणाही नुकतीच केली आहे. या व्यासपीठांवरील जुनी खाती पूर्वीसारखीच सुरू राहतील, पण फेसबुक प्लस, इन्स्टाग्राम प्लस, व्हॉट्सॲप प्लस या नावानं नव्या सुविधांचा वापर करण्यासाठी कंपनी सशुल्क सेवा सुरू करणार आहे. भारतात या सशुल्क सेवा




पोहोचायला वेळ लागेल, पण जिथे ती पहिल्या टप्प्यात सुरू होईल तिथे फेसबुक आणि इन्स्टाग्रामवरील या सुविधेसाठी ३.९९ अमेरिकी डॉलर म्हणजेच सुमारे ३७८ रुपये खर्च करावे लागतील. व्हॉट्सॲप प्लससाठी २.९९ अमेरिकी डॉलर म्हणजेच अंदाजे २८३ रुपये द्यावे लागतील.

व्यवसाय क्षेत्रातील मजबूत स्थितीमुळे टेस्ला, एक्स आणि स्पेसएक्सचे मालक इलॉन मस्क यांच्यापुढे जाणं सध्या तरी कोणत्याही अब्जाधीशासाठी शक्य दिसत नाही. मात्र, मार्क झकरबर्ग यांच्या पुढे असलेल्या तिघांमध्ये लॅरी पेज यांच्यासोबतचं अंतर जास्तीत जास्त ३५ अब्ज डॉलर आहे. झकरबर्ग यांच्या कंपनीच्या नव्या सेवेमुळे त्यांना वापरकर्त्यांच्या आधारे कमाई वाढवण्याची संधी मिळेल. त्यामुळं कंपनीचा नफा वाढून समभाग बाजारातही मजबुती येईल.

फेसबुकवर ३०७ कोटींपेक्षा जास्त लोक आहेत. त्यापैकी सुमारे २११ कोटी लोक दररोज ते उघडतात. फेसबुकचे सर्वाधिक ५८ कोटी वापरकर्ते भारतात आहेत, तर अमेरिकेत २५ कोटी लोक त्याचा वापर करतात. व्हॉट्सॲपचे ३३० कोटी वापरकर्ते असून, त्यापैकी २३० कोटी लोक ते रोज वापरतात. भारतातील वापरकर्त्यांची संख्या ८५ कोटींपेक्षा जास्त आहे. इन्स्टाग्रामकडे ३०० कोटी वापरकर्ते आहेत. त्यापैकी ५० कोटी लोक ते रोज वापरतात. भारतात ५३ कोटींपेक्षा जास्त लोक इन्स्टाग्रामवर आहेत.

भारत हा 'मेटा'च्या तिन्ही व्यासपीठांचा सर्वांत मोठा आधार आहे. उत्पन्नवाढीसाठी 'मेटा'नं मोठी कर्मचारी कपातही केली आहे, पण २०२७च्या अब्जाधीशांच्या यादीत पुन्हा स्थान मिळवण्यासाठी मार्क झकरबर्ग यांच्याकडे सध्याच्या व्यासपीठांतूनच कमाई वाढवण्याशिवाय दुसरा कोणताही मार्ग नाही.

जनमन

# स्वच्छतागृहे मोफत; पण स्वच्छतेचे काय?




**राज्यातील** बसस्थानकांतील स्वच्छतागृहे हा राज्य परिवहन मंडळाच्या उदासीनतेचा विषय आहे. प्रवाशांना इच्छा असूनही तिथे जावेसे वाटत नाही; पण नाइलाजाने जावेच लागते. त्रासाचे कारण म्हणजे तेथील देखभाल करणाऱ्यांचा उर्मटपणा, सुट्टे पैसे व स्वच्छतेचा अभाव! त्यावर आता राज्य परिवहन मंडळाने मार्ग काढला आहे. १ जूनपासून बसस्थानकांतील स्वच्छतागृहे प्रवाशांसाठी मोफत झाली आहेत. विधान परिषदेच्या उपसभापती नीलम गोऱ्हे यांनी त्यासाठी प्रयत्न केले होते. विधानपरिषदेत ४ मार्च रोजी त्यांच्या अध्यक्षेखाली महिला सुरक्षेबाबत उच्चस्तरीय बैठक झाली. त्यात स्वच्छतागृहांवर चर्चा झाली. त्यानुसार राज्याचे परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक यांनी तिकिटावर दोन रुपये अधिभार लावून स्वच्छतगृहे कंत्राटदारांकडून काढून महामंडळ चालविणार असल्याचे जाहीर केले होते. त्यानुसार १ जूनपासून प्रवाशांना बसस्थानकांवरिल स्वच्छतागृहे वापरताना पैसे द्यावे लागत नाहीत. स्वच्छतागृहचालक अवाजवी पैसे आकारत असत व त्यांच्याकडे सुट्टे पैसे नसल्यामुळे प्रवाशांची विशेषत: महिलांना त्रास होत होता. ग्रामीण भागातील अनेक महिलांकडे ऑनलाइन पैसे देण्यासाठी सक्षम मोबाइल नसल्याने गैरसोय होत होती. मासिक पाळीत अनेक महिलांना स्वच्छतागृहांची आवश्यकता असते. सुट्ट्या पैशांअभावी त्यांना त्रास सहन करावा लागत होता. येथून पुढे स्वच्छतगृहे नियमित स्वच्छ राहावीत, अशी अपेक्षा आहे. स्वच्छतागृहांची नियमित देखभाल व तपासणी व्यवस्थित होत राहिल्यास हेतू साध्य होईल.

**- कृष्णा चांदगुडे,** नाशिक

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

म्हणजे काय?

# डी-इन्फ्लुएन्सर्स : ही वस्तू विकत घेणं तुम्हाला खरंच गरजेचं आहे?

**इन्फ्लुएन्सर्स एखादी वस्तू, सेवा, ब्रँड रोज तुमच्यावर लादत असतात, तर डी-इन्फ्लुएन्सर तत्काळ खरेदीबाबत तुम्हाला भानावर ठेवण्याचं काम करतात.**

**इन्फ्लुएन्सर** या शब्दाशी आपण सगळेच चांगलेच परिचित आहोत. सोशल मीडियावर अनेक इन्फ्लुएन्सर दिसतात. एखादं उत्पादन, एखादं गॅझेट किंवा एखादी सवय किती चांगली आहे, किती महत्त्वाची आहे आणि तुमच्यासाठी ती किती अत्यावश्यक आहे, हे ते इतरांच्या मनावर ठसवत असतात. एखाद्या इन्फ्लुएन्सरने सांगितलं म्हणजे ते प्रमाण मानून त्यांचे फॉलोअरही ते अमलात आणायला लागतात; पण याच इन्फ्लुएन्सर्सच्या अतिरेकी गदारोळामुळे आता, म्हणजे अगदी अलीकडेच सोशल मीडियावर एक नवा ट्रेंड रुजताना दिसतो. तो ट्रेंड आहे डी-इन्फ्लुएन्सिंगचा..

एका बाजूला इन्फ्लुएन्सर्स एखादी वस्तू, सेवा, ब्रँड रोज उठून तुमच्यावर लादत असताना डी-इन्फ्लुएन्सर मात्र तुम्हाला भुरळ पाडत असलेली वस्तू, सेवा किंवा ब्रँड खरोखरच गरजेचा आहे का? हे विचारून तुम्हाला भानावर ठेवण्याचं काम करत असतो.

नवनवीन सौंदर्यप्रसाधनं, गॅझेट्स, कपडे किंवा घरगुती वस्तू खरेदी करण्यासाठी इन्फ्लुएन्सर्स लोकांना प्रोत्साहन देत असतात. त्यामुळे सोशल मीडिया ही शेअरिंगपेक्षा एक प्रचंड मोठी डिजिटल बाजारपेठच झाली आहे. या बाजारपेठेत अनेक इन्फ्लुएन्सर विविध ब्रँड्सकडून पैसे किंवा लाभ मिळवून त्यांची उत्पादनं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्षपणे विकताना दिसतात. इन्फ्लुएन्सर जी वस्तू विकत घेण्यासाठी आपल्याला भरीस घालत आहेत ती वस्तू आपल्याकडे नसल्यामुळे आपलं फार अडत असल्याच्या भावनेने त्यांचे फॉलोअरही खरेदी करत सुटतात.

डी-इन्फ्लुएन्सिंग आता या सगळ्यालाच चॅलेंज करताना दिसतं. 'हे विकत घ्या' असं सांगण्याऐवजी



काही लोक आता 'हे विकत घेणं तुम्हाला खरंच गरजेचं आहे का?' असं विचारून फॉलोअर्सना त्या विशिष्ट वस्तूची किंमत, तिचा प्रत्यक्ष उपयोग, तिचे फायदे-तोटे, गुण-अवगुण आणि तिला असलेले इतर पर्याय यांबद्दल चर्चा करतात. एखादं उत्पादन अनावश्यक असेल, ते विकताना कंपनीने केलेले दावे फसवे असतील तर तशी स्पष्ट कल्पना हे लोक फॉलोअर्सना देतात. पैशाची उधळपट्टी करण्यास प्रवृत्त करत नाहीत तर परावृत्त करण्याचा प्रयत्न करतात.

सध्या हा ट्रेंड विशेषतः तरुण पिढीत लोकप्रिय होत असल्याचं दिसतं. वाढता खर्च, कर्जबाजारीपणा, पर्यावरणावर होणारा अतिरेकी परिणाम आणि सतत काहीतरी नवं हवं असल्यामुळे येणारा अस्वस्थपणा यांमुळे अनेकजण सजग ग्राहक व्हायचा प्रयत्न करत आहेत. इन्फ्लुएन्सर ज्या वस्तू किंवा ब्रँड्सची शिफारस करतात त्यासाठी त्यांना पैसे मिळतात हेही आता सर्वसामान्य लोकांना कळू लागलं आहे. त्यामुळे त्यांना भुलण्याचं प्रमाणही कमी झालं आहे. किमान तसा प्रयत्न तरी होताना दिसतो.

मात्र, एक गंमत अशी की, आता डी-इन्फ्लुएन्सिंग करू पाहणारे अनेकजण स्वतःच इन्फ्लुएन्सर असतात. एखाद्या व्हिडीओमध्ये ते 'ही वस्तू घेऊ नका' असं सांगतात आणि त्याऐवजी दुसरी वस्तू सुचवतात. त्यामुळे काही तज्ज्ञांच्या मते डी-इन्फ्लुएन्सिंग हे कुठल्याही उपभोगवादाविरोधात नाही, तर नवा मार्केटिंग फंडाच आहे. असं असलं तरी आपण काय खरेदी करतो, का खरेदी करतो आणि त्याची आपल्याला खरोखर गरज आहे का, याचा विचार लोक अधिक गांभीर्याने करू लागले आहेत आणि आजच्या काळात ते अधिक महत्त्वाचं आहे, याचा विसर पडू देता कामा नये.

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 5 जून, 2026

कल्पमेधा

*दरअसल, अच्छा समाज वह नहीं है, जिसके अधिकांश सदस्य अच्छे हैं, बल्कि वह है, जो अपने बुरे सदस्यों को प्रेम के साथ अच्छा बनाने में सतत प्रयत्नशील है।*
*- डब्लूएच आडेन*

# सुविधा की सियासत

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वहां विपक्ष की राजनीति में शुरू हुई उथल-पुथल से फिर यही जाहिर हुआ है कि आज सिद्धांत और विचारधारा की राजनीति के तकाजे पीछे छूट चुके हैं। राज्य में सत्ता से बाहर होने के बाद तृणमूल कांग्रेस बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझ रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेताओं तक पर प्रत्यक्ष हमले हुए। मगर इस सबके बीच विधानसभा के लिए चुने गए कई विधायकों के अलग होने का फैसला पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के अस्सी में से अट्ठावन विधायकों ने अपना अलग गुट बना लिया और उसे विधानसभा में तुरंत मान्यता भी दे दी गई। यों इस बगावत का सिरा तृणमूल के दो विधायकों, ऋतव्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किए जाने से जुड़ा माना जा रहा है। इसके बाद ऋतव्रत बनर्जी ने अन्य विधायकों का समर्थन जुटा कर अपना अलग गुट बना लिया और खुद को विधानसभा में असली तृणमूल कांग्रेस घोषित कर दिया।

जाहिर है, बीते करीब तीन दशक की राजनीति में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक मुश्किल वक्त है। इससे हुए नुकसान को कम करने की कोशिश में पार्टी ने राज्य में अपनी सभी समितियों और आनुषंगिक संगठनों को भंग कर दिया, मगर एक साथ इतनी बड़ी संख्या में चुने हुए प्रतिनिधियों का पार्टी छोड़ना तृणमूल कांग्रेस के लिए संभवतः एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। हालांकि पार्टी से अलग होने की घोषणा करने वाले विधायकों की संख्या चूंकि दो-तिहाई से ज्यादा है, इसलिए दल-बदल कानून के प्रावधानों का कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इससे फिर यही सवाल उठा है कि देश की राजनीति में अवसरों का लाभ उठाने की यह कैसी प्रवृत्ति है कि जिसमें जनता के भरोसे का खयाल रखना अब एक गैर-महत्त्व का विषय माना जाना लगा है। यह भी विचित्र है कि ऐसी बगावत आमतौर पर अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने या सरकार बनाने के गणित में कमजोर होने के बाद ही देखी जाती है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में बगावत को करीब चार साल पहले महाराष्ट्र में शिवसेना की टूट की तरह देखा जा रहा है, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायकों ने उद्धव ठाकरे से खुद को अलग कर लिया था। उसके बाद आखिरकार पार्टी का नियंत्रण उद्धव ठाकरे से एकनाथ शिंदे के हाथ में चला गया था। इसमें लोकतांत्रिक अधिकारों की दलील दी जा सकती है, मगर सवाल है कि किसी खास पार्टी के सिद्धांत और उसकी विचारधारा के आधार पर जनता का समर्थन और जीत हासिल करने के बाद अचानक उसे छोड़ देना किस तरह लोकतंत्र को मजबूत करेगा। राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों की बुनियाद की अहमियत को कायम रखने के लिए दल-बदल कानून लाया गया था। मगर ऐसा लगता है कि उसके प्रावधानों को भी सिर्फ तकनीकी कसौटी पूरा होने के दायरे में समेट दिया गया है। हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति तेजी से जोर पकड़ रही है, जिसमें किसी भी कीमत पर सत्ता का सिरा थामने के लिए चुनाव में जीते हुए प्रतिनिधियों को इस बात का खयाल रखना बिल्कुल जरूरी नहीं लग रहा है कि उन्हें जनता ने किन सिद्धांतों, वादों या राजनीति की वजह से चुना था।

# किसकी जवाबदेही

किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों की मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है। आमतौर पर किसी भी अस्पतालों में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं।

पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे। बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शार्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी!

# अपराध के दुश्चक्र में पिसता समाज



**एक ओर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक प्रगति से आम लोगों के बीच खुशहाली लाने की बात हो रही है, वहीं अपराध में बढ़ती क्रूरता बताती है कि समाज आज किस दिशा में जा रहा है।**

**अखिलेश आर्येंदु**

आए दिन क्रूरता और स्त्रियों की गरिमा का हनन करने वाले अपराधों के ब्योरे मन को झकझोर देते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट कहती है कि हिंसा और यौन शोषण की घटनाओं में वर्ष 2000 के बाद लगातार वृद्धि हो रही है। यदि पिछले एक दशक के आंकड़े ही निकाल कर देखें, तो पता चलता है समाज अराजकता और शोषण करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसमें वह कथित सभ्य समाज भी है, जो खुद को पढ़ा-लिखा और उच्च मानता है। दूसरों का भरोसा जीत कर धोखा देने या विश्वासघात करने वालों की संख्या भी इस समय बढ़ गई है। ऐसे में किसी पर भी यकीन करना मुश्किल होता जा रहा है।

आज एक तरफ समाज में शिक्षा, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक प्रगति से आम आदमी में खुशहाली लाने की बात हो रही है, तो दूसरी तरफ समाज में बढ़ती हैवानियत बता रही है कि समाज आज किस दिशा में जा रहा है। राज्य सरकारें आम आदमी की सुरक्षा पहले से बेहतर होने का दावा करती रही हैं, लेकिन बढ़ते अपराध इस दावे को झुठलाते हैं। गौर करें तो 16 दिसंबर 2012 से लेकर 2026 के दौरान हैवानियत की घटनाओं में ही वृद्धि नहीं हुई हैं, बल्कि क्रूरता का स्तर भी चरम पर पहुंच गया। वर्ष 2012 में दिल्ली में निर्भया कांड ने पूरे देश को उद्वेलित कर दिया था।

निर्भया मामले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा मानकों में कई सुधार किए, बावजूद इसके क्रूरता की हदें पार करने वालीं घटनाएं होती रहीं। इस पर पुलिस और सुरक्षा से जुड़ी अन्य एजंसियों पर सवाल खड़े किए गए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इंसानियत को तार-तार करने वाली घटनाएं घटती रही हैं। निर्भया कांड के बाद महिलाओं और लड़कियों की असुरक्षा को लेकर एक राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई दी थी। इसके बाद केंद्र ने आपराधिक कानूनों में संशोधन, निर्भया फंड की स्थापना, त्वरित सुनवाई अदालतों की शुरुआत के साथ किशोर अपराध कानून पर पुनर्विचार हुआ। फिर भी आपराधिक घटनाओं में कोई कमी नहीं आई। वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अपहरण, बलात्कार और हत्याकांड ने निर्भया कांड की यादें फिर ताजा कर दी थीं। फिर 2019 में हैदराबाद में महिला चिकित्सक की हत्या, 2020 में हाथरस कांड, इसी साल उन्नाव में हुई घटना ने पूरे देश को एक बार फिर झकझोर कर रख दिया था। मुंबई में 2013 में महिला फोटो पत्रकार और बाद में एक अन्य महिला से सामूहिक बलात्कार, अजमेर में सामूहिक यौन शोषण, बदायूं में दो किशोरियों के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या इंसानियत को तार-तार करने की घटनाएं थीं।

सवाल यह है कि कठोर कानून, त्वरित सुनवाई अदालतों के गठन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के बाद भी घटनाओं में कमी क्यों नहीं आई है? सवाल यह भी है कि शिक्षा का स्तर और जागरूकता बढ़ने के बावजूद बाल यौन शोषण में कमी आने के बजाय लगातार बढ़ोतरी क्यों हो रही है? वर्ष 2012 में केंद्र सरकार ने यौन अपराधों से बच्चों के



संरक्षण के लिए अधिनियम 2012 नामक एक विशेष कानून पारित किया था और बच्चों के साथ हुए अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों की स्थापना की। मगर दस वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि न्यायालयों की स्थापना के बाद 2023 तक, पाक्सो से संबंधित दो लाख 43 हजार से

> **निर्भया मामले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा मानकों में कई सुधार किए। बावजूद इसके क्रूरता की हदें पार करने वालीं घटनाएं होती रहीं। इस पर पुलिस और सुरक्षा से जुड़ी अन्य एजंसियों पर सवाल खड़े किए गए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इंसानियत को तार-तार करने वाली घटनाएं घटती रही हैं। निर्भया कांड के बाद महिलाओं और लड़कियों की असुरक्षा को लेकर एक राष्ट्रीय बहस छेड़ दी थी। इसके बाद केंद्र ने आपराधिक कानूनों में संशोधन, निर्भया फंड की स्थापना, त्वरित सुनवाई अदालतों की शुरुआत के साथ किशोर अपराध कानून पर पुनर्विचार हुआ। फिर भी आपराधिक घटनाओं में कोई कमी नहीं आई।**

अधिक मामले लंबित थे। एक सर्वेक्षण के मुताबिक हर दस बच्चों में से एक बच्चा यौन शोषण और हिंसा से प्रभावित है। इसी तरह यौन शोषण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की औसत उम्र नौ साल है।

सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में जहां पिछले आठ वर्षों में आम आदमी की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा गौर किया गया, वहां भी यौन अपराध की दर में कमी नहीं आई है। अक्तूबर 2025 तक के आंकड़े बताते हैं कि देश में कुल अपराधों में से बच्चों के साथ किए गए अपराध 45 फीसद से अधिक हैं। इससे साबित होता है कि बच्चों के साथ हिंसा, क्रूरता और बलात्कार के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। यह तब है जब अपराधी की क्रूरता को देखते हुए उसे अधिकतम सजा दिए जाने का प्रावधान है। इसका मतलब है वर्ष 2012 में बनाया गया पाक्सो अपराधियों की नकेल कसने में नाकाम रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक बाल यौन शोषण, बच्चों के साथ क्रूरता और हिंसा वाले मामलों में ज्यादातर मामले अपहरण किए गए बच्चों से संबंधित हैं। अपहरण के मामले में लड़कियों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके अलावा मानव तस्करी के मामले भी बहुत बड़ी संख्या में सामने आए। ये आंकड़े बयान करते हैं कि बाल यौन शोषण रोकने के लिए केवल कानून ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें हर तरह से जागरूक करने की भी जरूरत है। चिंता की बात यह है कि ऐसे कई मामलों में सगे-संबंधियों ने भी भरोसा तोड़ा। हजारों की संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इस साल रामभुवन का मामला चर्चा में रहा। सवाल यह है कि समाज में रिश्तों की पवित्रता पर दाग लगाने वालों की संख्या लगातार क्यों बढ़ रही है? रिश्तों की विश्वसनीयता खत्म होना सभ्य समाज के पतन का सूचक है, फिर आर्थिक, शैक्षिक और विचारात्मक विकास का क्या मतलब रह जाता है?

यूनिसेफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 20 वर्ष से कम उम्र की कम से कम 12 करोड़ लड़कियों का हर साल यौन शोषण किया जाता है। इनमें 90 फीसद लड़कियों ने स्वीकार किया कि उन्हें यौनकर्मी बनाने के लिए ले जाने वाला व्यक्ति परिचित, दोस्त या उनका ही सगा था। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि जान-पहचान के लोग ही नाजायज फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि जब ऐसे लोगों में कानून का डर खत्म हो गया है और संबंधों की पवित्रता को तार-तार करने वालों की बाढ़ आ गई हो तो, समाज में महिलाओं, लड़कियों और बच्चों को किस तरह सुरक्षित किया जा सकता है? समाज में बढ़ती अपराध की प्रवृत्ति में यदि अपने ही लोग दाग लगाने लगे हों, तो आपसी रिश्तों को कैसे बचाया जा सकता है?

आज के दौर में जब बच्चों का सारा ध्यान मोबाइल गेम, रील और वीडियो पर केंद्रित हो गया हो तो, उनको समझाने के लिए कौन-सा तरीका बेहतर रहेगा? कठोर कानून का भी लोगों में डर नहीं है, तो यौन अपराधों को किस तरह रोका जाएगा? देश में परिवार का स्वरूप भी कमजोर पड़ रहा है। बच्चे एकाकी जिंदगी जीने के अभ्यस्त हो गए हैं। वे बगैर सोचे-समझे अनजान लोगों पर भरोसा कर लेते हैं और अपने साथ हुई घटना माता-पिता को नहीं बताते। यही वजह है कि अपराधी प्रवृति के व्यक्ति बच्चों को लालच देकर उनका शोषण करने लगते हैं। यह स्थिति बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इसको रोकने के लिए परिवार और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। बच्चों को जब तक हर तरह से जागरूक नहीं बनाया जाएगा, तब तक उन्हें बचाना संभव नहीं।

# उम्मीद के पायदान

**शिवम भारद्वाज**

## दुनिया मेरे आगे

वर्षों की पढ़ाई, प्रतियोगिता, परीक्षाएं और पारिवारिक अपेक्षाओं के बाद जब किसी दफ्तर का नियुक्ति पत्र हाथ में आता है, तो स्वाभाविक रूप से यह महसूस होता है कि संघर्ष का कठिन हिस्सा अब पीछे छूट चुका है। यह अधिकांश युवाओं के जीवन में उपलब्धि और उम्मीद के सबसे बड़े क्षणों में से एक होता है। कालेज की दुनिया से पेशेवर जीवन में प्रवेश करते समय लगभग हर युवा अपने भीतर सफलता, स्थिरता और तेज प्रगति की एक स्पष्ट तस्वीर लेकर चलता है। मगर उत्साह बहुत जल्दी वास्तविकता की पहली ठोस परत से टकराता है। कुछ ही समय में स्पष्ट होने लगता है कि नौकरी केवल वेतन, पदनाम या कारपोरेट पहचान का नाम नहीं है। यह लगातार सीखने, दबाव झेलने, छोटे कामों से शुरुआत करने और स्वयं को धीरे-धीरे साबित करने की प्रक्रिया है। यहीं से अधिकांश युवाओं की वास्तविक पेशेवर यात्रा शुरू होती है।

हमारे यहां विश्वविद्यालयों और पेशेवर संस्थानों से हर वर्ष लाखों युवा डिग्रियां लेकर निकलते हैं। इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य या तकनीक- लगभग हर क्षेत्र का विद्यार्थी अपने भीतर एक निश्चित कल्पना लेकर नौकरी की दुनिया में प्रवेश करता है। पढ़ाई के दौरान नेतृत्व, नवाचार और तेज सफलता के जो सपने उसके भीतर बनते हैं, वे अक्सर पेशेवर जीवन की वास्तविक संरचना से मेल नहीं खाते। यहीं से समस्या शुरू होती है। परिसर में हुई चर्चा, सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली सफलताएं और नौकरी की संस्कृति मिलकर एक ऐसा माहौल तैयार करती हैं, जहां बड़ी संख्या में युवा यह मानने लगते हैं कि करिअर की शुरुआत सीधे ऊंचे वेतन, तेज पदोन्नति और आरामदायक कार्य-जीवन से होगी। कई लोगों के लिए अच्छी नौकरी का अर्थ एक ऐसे पेशेवर जीवन में बदल जाता है, जहां आर्थिक सुरक्षा तो हो, लेकिन दबाव, प्रतिस्पर्धा और लगातार प्रदर्शन की अपेक्षा न हो।

> **सपनों और वास्तविकता के बीच की दूरी हर पीढ़ी ने तय की है। करिअर की शुरुआत शायद ही कभी वैसी होती है, जैसी उसकी कल्पना की जाती है। परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होतीं, लेकिन पेशेवर जीवन की असली दिशा अक्सर यहीं तय होती है।**

जबकि वास्तविक पेशेवर दुनिया सुविधा नहीं, क्षमता और परिणाम के आधार पर चलती है। किसी भी उद्योग में शुरुआती वर्षों का उद्देश्य अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्वयं को उपयोगी, भरोसेमंद और सक्षम साबित करना होता है। करिअर का विकास किसी एक उपलब्धि का परिणाम नहीं होता। वह लंबे समय तक लगातार दिए गए प्रदर्शन मानकों, अनुशासन और सीखने की क्षमता पर निर्मित होता है।

समस्या यह भी है कि बड़ी संख्या में युवा अपनी वास्तविक क्षमता, उद्योग की अपेक्षाओं और करिअर के विकास की संरचना को समझे बिना ही पेशेवर जीवन की कल्पना कर लेते हैं। जबकि अधिकांश संस्थानों में जिम्मेदारियां अनुभव, भरोसे और निरंतर प्रदर्शन के आधार पर बढ़ती हैं। करियर की सीढ़ियां एक-एक पायदान चढ़कर तय होती हैं। उन्हें एक छलांग में पार करने की उम्मीद अक्सर निराशा को जन्म देती है। इसी तरह, 'कैंपस प्लेसमेंट' यानी संस्थान के परिसर में ही किसी नौकरी के लिए चुन लिए जाने के दौरान जिस वेतन-भत्ते की चर्चा होती है, वास्तविक जीवन में उसका अर्थ किराया, परिवहन, कर और रोजमर्रा के खर्चों के बीच बदल जाता है। पहली तनख्वाह भावनात्मक संतोष तो देती है, लेकिन आर्थिक स्वतंत्रता का जो चित्र मन में बनाया गया होता है, वह जल्दी ही व्यावहारिक गणित में बदलने लगता है।

सर्वेक्षणों में लगातार यह संकेत मिलता रहा है कि बड़ी संख्या में युवा कर्मचारी नौकरी के शुरुआती कुछ महीनों के भीतर ही बदलाव के बारे में सोचने लगते हैं। इसका एक कारण बेहतर अवसरों की तलाश है, लेकिन उतना ही बड़ा कारण पेशेवर वास्तविकताओं के लिए मानसिक रूप से तैयार न होना भी है। दरअसल, कालेज और दफ्तर के बीच सबसे बड़ा अंतर स्वतंत्रता और जवाबदेही का है। शैक्षणिक जीवन में समय को लेकर अपनी एक अलग सुविधापूर्ण स्थिति होती है। दरअसल, पेशेवर दुनिया समय को अलग नजर से देखती है। यहां हर देरी किसी और के काम को प्रभावित करती है और हर छोटी चूक का असर पूरी टीम पर पड़ सकता है।

एक और परिवर्तन, जिसे अधिकांश युवा स्वीकार करने में समय लेते हैं, वह है कार्यस्थल का पदानुक्रम। कालेज में लगभग सभी एक समान स्थिति में होते हैं, जबकि दफ्तर में अनुभव सबसे बड़ी पूंजी माना जाता है। वहां वरिष्ठ का हर निर्देश कार्यप्रणाली का हिस्सा होता है। नए कर्मचारी को अक्सर लगता है कि उसकी क्षमता को पर्याप्त महत्त्व नहीं मिल रहा, जबकि संगठन उसे पहले व्यवस्था समझने की प्रक्रिया से गुजारना चाहता है। यह टकराव कई बार निराशा, असंतोष और आत्म-संदेह का कारण बनता है। समस्या केवल युवाओं की अपेक्षाओं तक सीमित नहीं है। तमाम शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को सिद्धांत, माडल और अवधारणाएं तो सिखाते हैं, लेकिन पेशेवर व्यवहार की वास्तविक चुनौतियों के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं कर पाते।

सपनों और वास्तविकता के बीच की दूरी हर पीढ़ी ने तय की है। करिअर की शुरुआत शायद ही कभी वैसी होती है, जैसी उसकी कल्पना की जाती है। परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होतीं, लेकिन पेशेवर जीवन की असली दिशा अक्सर यहीं तय होती है। जो लोग इस दौर को सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया की तरह स्वीकार करते हैं, वे समय के साथ आगे निकल जाते हैं। और जो केवल आदर्श अवसर की प्रतीक्षा करते रहते हैं, वे अक्सर शुरुआत ही खो देते हैं। सच यही है कि करिअर की मजबूत नींव हमेशा छोटी शुरुआतों से बनती है- यही वह बात है, जिसे हर पीढ़ी को आखिरकार अपने अनुभव से समझना पड़ता है।




## साझा प्रयास

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें चिंता का विषय है। अब समय आ गया है कि इसकी बचत पर जोर दिया जाए। संयम और साझा प्रयास से रास्ते निकल सकते हैं। निजी क्षेत्र के साथ सरकारी कार्यालयों में भी कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक एवं साझा परिवहन से जोड़ कर इच्छित परिणाम हासिल किया जा सकता है। अधिकतर सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन खुले रहते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि भी 1980 से 2010 तक दो माह तक हुआ करती थी। अब यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आगामी एक वर्ष के लिए सभी जगह यदि पांच दिवसीय व्यवस्था हो और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ा दिया जाए, तो अपेक्षित परिणाम हासिल हो सकते हैं। इस प्रयोग से कुल खपत में सालाना 77,698 मीट्रिक टन की कमी जा सकती है। वहीं हजारों पेट्रोल कारों द्वारा पूरे एक साल में किए गए कुल प्रदूषण को कम कर देगा। इसी तर्ज पर एक ही छत के नीचे अलग-अलग चूल्हों को एक कर हम विश्व को अपने सामर्थ्य का परिचय दे सकते हैं।

*- विवेक मिश्रा, खंडवा*

## हित के ध्रुव

'समझौते की राह' (संपादकीय, 26 मई) पढ़ा। इसमें भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं के कई पहलुओं को संतुलित ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह सही है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों को नई दिशा दे सकता है, लेकिन इसके साथ राष्ट्रीय हितों की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है। अमेरिका द्वारा अपने हित में शर्तें तय करने की कोशिश और आयात शुल्क बढ़ाने की नीति कई देशों के लिए चिंता का विषय रही है। ऐसे में भारत को केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि अपने किसानों, छोटे उद्योगों और घरेलू बाजार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। किसी भी समझौते का आधार परस्पर और समान हित होना चाहिए, न कि दबाव की राजनीति। सरकार को जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने के बजाय दूरगामी परिणामों को ध्यान में रख कर समझौता करना चाहिए। यह न केवल देश हित में, बल्कि अपने बाजार की मजबूती के लिए भी जरूरी है।

*- इफ्तेखार दानिश, किशनगंज*

## जमीनी सच

'बदलाव के बजाय' (संपादकीय, 2 जून) पढ़ा। पश्चिम बंगाल चुनावी हिंसा में सबसे आगे है। पिछले एक दशक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में चुनावी हिंसा की कुल घटनाओं में एक-तिहाई तथा कुल मरने वालों में आधे लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई। चुनावी हिंसा की इसी पृष्ठभूमि में बंगाल चुनाव के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि समय की मांग 'बदलाव है, बदला नहीं' और अब शांति तथा विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, लेकिन जमीनी हालात कुछ अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चुनाव परिणामों से पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा था कि केंद्रीय बलों की सात सौ कंपनियां बंगाल में 60 दिनों तक तैनात रहेंगी। यानी केंद्र सरकार को चुनाव बाद हिंसा की आशंका तो थी, मगर उसे रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह वहां शांति स्थापित करे और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

*- बृजेश माथुर, गाजियाबाद*

## साइकिल और पर्यावरण

आज भी सड़कों पर साइकिल दिखाई देती है, तो पुराने दिन याद आ जाते हैं जब परिवार का कोई सदस्य सुबह उठ कर उसकी सफाई किया करता था। घर पर ही उसकी साज-संभाल भी हो जाती थी। खासकर 1960 से 1990 तक भारत में ज्यादातर घरों में साइकिल हुआ करती थी। फिर धीरे-धीरे यह कम होती चली गई। आज लोग बीमारियों से बचाव के लिए साइकिल चलाते हैं, क्योंकि व्यायाम का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं है। न ध्वनि प्रदूषण, न वायु प्रदूषण और न पेट्रोल-डीजल का झंझट। अगर हम पर्यावरण को बचाने की बात करते हैं, तो साइकिल का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? साइकिल चला कर हम न केवल अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि पृथ्वी को भी स्वच्छ बना सकते हैं। आसपास जाने के लिए इससे बेहतर कोई साधन नहीं।

*- साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## चिंतन

# 'तिजौरी' का ताला है साइबर सुरक्षा

डिजिटल युग में हमारी जिंदगी जितनी आसान हुई है, उतनी ही जोखिमों से भी घिर गई है। बैंकिंग से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा से लेकर सरकारी कामकाज तक लगभग हर व्यवस्था इंटरनेट और डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत गोपनीयता का भी अहम हिस्सा बन गई है। अक्सर लोग साइबर सुरक्षा को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। विशेषकर पासवर्ड को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जबकि आज के डिजिटल नेटवर्क में पासवर्ड को डिजिटल दुनिया की 'तिजौरी' का ताला कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपनी 'तिजौरी' की चाबी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं सौंपता, उसी प्रकार पासवर्ड को भी पूरी तरह गोपनीय रखना आवश्यक है, लेकिन व्यवहार में अक्सर इसके उलट देखने को मिलता है। लोग आसान पासवर्ड रखते हैं, एक ही पासवर्ड कई खातों में इस्तेमाल करते हैं या फिर उसे दूसरों के साथ साझा कर देते हैं। कई बार सिस्टम तक को खुला छोड़ देते हैं। यही लापरवाही साइबर अपराधियों के लिए अवसर बन जाता है। हाल ही में सीबीएसई की ओर से री-इवैल्यूएशन के लिए खोले गए पोर्टल को महज 2 मिनट के भीतर 15 लाख से ज्यादा बार हैक करने की कोशिश की गई। यह दर्शाता है कि साइबर अपराधी कितने शातिर हो गए हैं। केंद्र सरकार ने तमाम राज्यों को आगाह किया है कि कोई बड़ा साइबर अटैक हो सकता है। यह हमला तभी रुकेगा, जब हमारी साइबर सुरक्षा मजबूत होगी। सुरक्षा के विभिन्न चरणों में पासवर्ड भी इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। अब कोई कर्मचारी अपने पासवर्ड को किसी के साथ शेयर करता है तो वह उसकी घोर लापरवाही है। कर्मचारी कई बार अपने सिस्टम को खुला छोड़ देते हैं, इससे सिस्टम अपराधियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। इससे दुनिया के तमाम साइबर अपराधी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं और उनकी साइबर सुरक्षा में सेंध लगा देते हैं। भारत में साइबर हमलों की बढ़ती घटनाएं इस खतरे का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। हर वर्ष लाखों साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की जा रही हैं और प्रतिदिन हजारों वेब-आधारित हमलों का सामना करना पड़ रहा है। साइबर अपराधी डेटा चोरी, फिशिंग, रैंसमवेयर और पहचान की जालसाजी जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए केवल तकनीकी उपाय ही नहीं बल्कि जागरूकता भी आवश्यक है। दिल्ली स्थित एम्स पर हुए रैंसमवेयर हमले ने देश को यह दिखा दिया था कि साइबर सुरक्षा में एक छोटी सी कमजोरी भी कितनी बड़ी समस्या बन सकती है। इस हमले के कारण अस्पताल की सेवाएं कई सप्ताह तक प्रभावित रहीं और लाखों मरीजों का डेटा खतरे में पड़ गया। चिंता की बात यह भी है कि देश के कई राज्य साइबर अपराधों के हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश में साइबर अपराधों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या अब किसी एक क्षेत्र या संस्थान तक सीमित नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती बन चुकी है, जिसके समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में सरकार को भी अपने साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना चाहिए, ताकि कोई भी साइबर अपराधी वहां तक न पहुंच सके। अगर हम समय रहते नहीं चेते तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है।

# विकास की दौड़ में दम तोड़ती धरती



पर्यावरण दिवस
राज कुमार सिन्हा

पर्यावरण को समझने के लिए अपने आस-पास के जैविक और अजैविक घटकों जैसे हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतुओं के आपसी संबंधों को जानना बहुत जरूरी है। जैविक घटक में सभी सजीव चीजें शामिल हैं, जैसे पेड़-पौधे, सूक्ष्मजीव, जानवर और मनुष्य। अजैविक घटक में सभी निर्जीव लेकिन जीवन के लिए आवश्यक तत्व आते हैं, जैसे हवा, पानी, मिट्टी, धूप, और तापमान।पर्यावरण को समझने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को जानना आवश्यक है। यह एक ऐसा प्राकृतिक वातावरण है जहां सभी जीव एक-दूसरे पर और अपने आस-पास के निर्जीव वातावरण पर निर्भर रहते हैं जैसे पौधे धूप और मिट्टी से बढ़ते हैं और जीव-जंतु उन पौधों पर निर्भर रहते हैं। एक प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र मानव हस्तक्षेप के बिना बनता है।जैसे वन और घास के मैदान, रेगिस्तान और पहाड़, झीलें, नदियां और महासागर आदि। ये पर्यावास अपने आप विकसित होते हैं, और विशिष्ट परिस्थितियों के अनुकूल ढलने वाले विविध जीवों को सहारा देते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन-रक्षक तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो हमें ऑक्सीजन और स्वच्छ हवा, जल संसाधन,खाद्य आपूर्ति और प्रजातियों के लिए आवास विकसित करता है। जिससे एक स्वस्थ वातावरण और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए आवश्यक है। प्रारंभिक मानव ने स्वयं को प्रकृति के अनुरूप बना लिया था। उनका जीवन सरल था एवं आस-पास की प्रकृति से उनकी आवश्यकताएं पूरी हो जाती थीं। समय के साथ कई प्रकार की आवश्यकताएं बढ़ीं। मानव ने पर्यावरण के उपयोग और उसमें परिवर्तन करने के कई तरीके सीख लिए। उसने फसल उगाना, पशु पालना एवं स्थायी जीवन जीना सीख लिया। पहिए का आविष्कार हुआ, आवश्यकता से अधिक अन्न उपजाया गया, वस्तु-विनिमय पद्धति का विकास हुआ, व्यापार आरंभ हुआ एवं वाणिज्य का विकास हुआ। औद्योगिक क्रांति से बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रारंभ हो गया। परिवहन तेज गति से प्रारंभ हुआ। सूचना क्रांति से पूरे विश्व में संचार सहज और द्रुत हो गया है। प्रकृति एवं मानवीय पर्यावरण के बीच सही संतुलन होना आवश्यक है। मानव को पर्यावरण के साथ समरसता से रहने एवं उसका उपयोग सीखना चाहिए। इन तत्वों के सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य किए बिना, पृथ्वी पर जीवन खतरे में पड़ जाएगा, जो हमारे पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। पर्यावरण केवल वैज्ञानिक या तकनीकी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों से जुडा हुआ है। जबकि केंद्रीकृत और कॉर्पोरेट-प्रधान विकास मॉडल पारिस्थितिक असंतुलन और सामाजिक असमानता को बढ़ाता है। यूँ तो विकास प्रकृति का स्वाभाविक नियम है, लेकिन यहां हम विकास के पीछे छिपी पूंजीवादी ताकतों के एजेंडे की बात कर रहे हैं। पूंजीवादी प्रणाली में उत्पादन और वितरण सामाजिक समानता, न्याय और पर्यावरण की सुरक्षा की बजाय निजी मुनाफे से संचालित होती है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और विनाश पर अधारित विकास के कारण उन समुदायों को विस्थापित होना पडता है जो इन संसाधनों पर निर्भर हैं। अधिकांश जैव विविधता का प्रबंधन स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों द्वारा किया जाता है, यही कारण है कि यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रकृति की रक्षा और पुनर्स्थापना को उचित स्थान मिले।आज भारत में विकास, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं के चौराहे पर खड़ा है, इसलिए प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व ही टिकाऊ भविष्य का एकमात्र रास्ता है। आज आदिवासियों की बदहाली के मूल में तथाकथित विकास की अवधारणा है। विकास की अंधी दौड़ में उन्हें जबरन घसीटकर इस बदहाली तक पहुंचा दिया गया है। अब और विकास हुआ तो शायद वे खत्म ही हो जायेंगे। पूंजी और मुनाफे से दूर उनका जीवन दर्शन जल, जंगल, जमीन के प्रति हमेशा संवेदनशील रहा है। उनके अस्तित्व का संकट, दुनिया का संकट है और उनको बचाने का मतलब है, दुनिया को भी बचाए रखना है।जीवन का मूल आधार, हवा, पानी और मिट्टी गहरे संकट में है, और यह स्थिति आगे और बदतर होगी। करोड़ों लोगों को बढ़ती असुरक्षा, फसल नुकसान, भीषण गर्मी, जल संकट, प्रदूषण, कुपोषण, बेरोजगारी तथा अलगाव और जीवन के अर्थ खोने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



कृषि 'ग्रीनहाउस गैसों' का एक प्रमुख स्रोत है जिससे भविष्य में खाद्य-सुरक्षा के लिए चुनौती उत्पन्न होने की संभावना है। जल के बढ़ते उपयोग और सूखे के कारण उत्पादन के लिए पानी की कमी हो सकती है। कृषि में कीटनाशकों के प्रयोग से भूजल और पर्यावरण में जहर घुल रहा है। 'प्राकृतिक' और 'जैविक खेती' ऐसी कृषि पद्धति है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन बढ़ा सकती है। 'प्राकृतिक खेती' से कार्बन उत्सर्जन में 35% से 50% तक की कमी आ सकती है। दूसरी ओर ईंधन का जलना (जैसे कोयला, तेल, और गैस), वनों की कटाई, और औद्योगिक प्रक्रियाएं, ये सभी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन के प्रमुख स्रोत हैं। ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन का एक प्रमुख कारण है, जिसके कारण तापमान में वृद्धि, समुद्र के स्तर में वृद्धि, और चरम मौसमी घटनाओं जैसे प्रभाव होते हैं। तीव्र होती समुद्री ऊष्मा तरंगें मानवजनित जलवायु परिवर्तन की व्यापक और विनाशकारी संकेत हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए आर्द्रभूमि (वेटलैंड) हमारा सबसे प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र है। ये कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर तापमान कम करने और प्रदूषण घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परन्तु वर्ष 1970 से लेकर अब तक दुनिया की 35 प्रतिशत आर्द्रभूमि विलुप्त हो चुकी है। 'वेटलैंड इंटरनेशनल' के अनुसार भारत की करीब 30 प्रतिशत आर्द्रभूमि पिछले तीन दशकों में विलुप्त हो चुकी है।इसी तरह महासागर एक प्रमुख कार्बन सिंक होने के अलावा, महासागर जलवायु नियमन और पोषक चक्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह पृथ्वी के वायुमंडलीय ऑक्सीजन का 50% से 85% तक उत्पादन करता है। वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय समुदायों और बाढ़ की चपेट में आने वाले शहरों के जीवन और आजीविका को खतरा है।दूसरी ओर सेंटर फॉर सांइस एण्ड एनवायरनमेंट (सीएसई) दिल्ली के अध्ययन अनुसार 2015-16 से 2024-25 के दौरान भारत में 1.76 लााख हेक्टेयर वनभूमि गैर-वन कार्यों के लिए दी गई है। इसमें से 97,050 हेक्टेयर जमीन पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) में डायवर्ट हुई है जो 2015 से 2020 की तुलना में 23 फीसदी अधिक है। 24,347 हेक्टेयर वन भूमि मध्यप्रदेश में डायवर्ट किया गया है जो पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में गैर-

वन गतिविधियों के लिए डायवर्ट की गई कुल हिस्सा का करीब 25 प्रतिशत है। सीएसई दिल्ली की रिपोर्ट अनुसार 79 लाख लोगों की मृत्यु विश्व में वायु प्रदूषण के कारण हुई है और 20.1 लाख वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु भारत में दर्ज की गई है। हाल के दशक (2014 से 2023) में भारत में परिवेशीय पीएम 2.5 के कारण होने वाली मृत्यु में 61.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत का औसत तापमान पिछले एक दशक (2015–2024) में लगभग 0.9सेंटीग्रेड बढ़ गया है, जो 20वीं सदी की शुरुआत (1901–1930) की तुलना में अधिक है। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी और पूर्वोत्तर भारत में वर्ष के सबसे गर्म दिन का तापमान 1950 के दशक से अब तक 1.5 से 2C तक बढ़ चुका है। आधुनिक विकास के नाम पर जिन 'भस्मासुरों' को बनाया, बढ़ाया जा रहा है, प्लास्टिक उनमें से एक है। कुल-जमा सौ-सवा सौ साल पहले ईजाद किया गया यह कारनामा आज प्रकृति-पर्यावरण और इंसानों के अस्तित्व के लिए संकट बन गया है। मनुष्य अपनी सुविधाओं और भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंगल काटता है, खनिजों का अत्यधिक दोहन करता है, नदियों को प्रदूषित करता है। विश्व की आर्थिक तरक्की ने पिछले 50 से 70 वर्षों में उत्पादन, व्यापार, और तकनीकी विकास को तेज किया है। लेकिन इस तरक्की की पर्यावरणीय कीमत भारी है।

भारत में प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गहरी आजीविका और सामाजिक न्याय की समस्या है। गरीब और निर्भर समुदायों के लिए भूमि, जल और वन केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की बुनियाद हैं। जब ये संसाधन अनियंत्रित रूप से नष्ट या निजी हितों के लिए उपयोग किए जाते हैं, तो सबसे पहले और सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं लोगों को होता है जिनकी आवाज सबसे कमजोर होती है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण वास्तव में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक न्याय की भी शर्त है।

*-बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ*

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# आइए, सभी पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लें

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाना अपने आप में बेमानी हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। इसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं हुई है। अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टाकर्टिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई।

सैद्धांतिक रूप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। 1992 के रिओ शिखर सम्मेलन में कहा गया कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव जाति ही है और उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादनशील जीवन जीना चाहिए, लेकिन ये सभी सिद्धांत कागजों तक ही सीमित है। उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। लेकिन गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। पर विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं। किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जरूरत से ज्यादा विनम्र होना भी ठीक नहीं

जरूरत से ज्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस–नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

*– विवेक सक्सेना, भिलाई*

## करंट अफेयर

# थ्येनआनमन स्क्वायर पर नहीं जाने की चेतावनी

चीन का प्रशासन 1989 में थ्येनआनमन स्क्वायर पर विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के खिलाफ की गयी सैन्य कार्रवाई की यादों को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस वर्ष प्रशासन ने इस घटना के पीड़ितों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी यह घटना बृहस्पतिवार को आज के ही दिन 37 साल पहले घटी थी। यह जनमानस से इस घटना को पूरी तरह मिटाने के लिए वर्षों से जारी अभियान का एक और कड़ा कदम है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस ने इस कार्रवाई में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, इस घटना में मारे गये लोगों के परिजन पिछले 30 सालों के दौरान पुलिस की निगरानी में कब्रिस्तान में जाकर श्रद्धांजलि देते रहे हैं। ये परिजन, 'थ्येनआनमन मदर्स' नाम के एक समूह से जुड़े हैं। चीनी सेना ने वर्ष 1989 में थ्येनआनमन चौक पर प्रदर्शनकारियों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करने वाली भीड़ को कुचलते हुए हजारों लोगों को मार गिराया था।



## ऑफ बीट

# दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' की तरह नहीं हो सकता

आधुनिक मस्तिष्क स्कैनिंग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' (झूठ पकड़ने वाली मशीन से जांच) की तरह नहीं किया जा सकता, क्योंकि दर्द एक व्यक्तिगत अनुभव है जिसे केवल तकनीकी संकेतों के आधार पर प्रमाणित या खारिज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का कहना है कि पुराना या दीर्घकालिक दर्द अक्सर दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर व्यक्ति के जीवन पर गहरा पड़ता है। वैज्ञानिक ने दावा किया कि मस्तिष्क स्कैन में कोच के दर्द के संकेत दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद मामला उस राशि से दस गुना अधिक पर सुलझा, जितनी राशि नियोक्ता पहले देने को तैयार था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निष्कर्ष वैज्ञानिक रूप से उतना स्पष्ट नहीं है जितना प्रतीत होता है। उनका तर्क है कि यदि कोई विशेषज्ञ यह दावा कर सकता है कि स्कैन में दर्द दिखाई दे रहा है, तो वही तकनीक किसी दूसरे मामले में यह भी निष्कर्ष निकाल सकती है कि व्यक्ति दर्द का नाटक कर रहा है। यही स्थिति इस तकनीक को विवादास्पद बनाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पुराना दर्द उन चिकित्सीय स्थितियों में से एक है जिन पर अक्सर संदेह किया जाता है।



## ट्रेंड

### कल्याणकारी राजनीति



पिछले एक दशक में, भारत में मोदी जी के नेतृत्व में कल्याणकारी राजनीति का रूपांतरण हुआ है और यह सेवा, सुशासन और सशक्तिकरण के एक नए मॉडल में तब्दील हो गई है।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### कबीले के साथ विश्वासघात



जो अपने ही कबीले के साथ विश्वासघात करते हैं...वे अंत में दुखी आत्माओं के रूप में भटकते रहते हैं! कुछ लोग बड़े-बड़े दावे करने के लिए मोहरे बन रहे हैं; अगर मोहरा बनना ही है, तो कम से कम कुछ बेहतर बनो—सिर्फ एक सिपाही बनकर रहना ठीक नहीं है।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### भाजपा की अक्षमता



मोदी सरकार न केवल स्वास्थ्य सेवा और पोषण को लेकर भारत की महिलाओं और बच्चों को धोखा देती है, बल्कि यह जानबूझकर महत्वपूर्ण डेटा भी छिपाती है जो इसकी विफलताओं को उजागर करता है। एनएफएचएस-6 डेटा से भाजपा की पूर्ण अक्षमता उजागर हो गई है।

-**मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपार जनविश्वास



मोदी सरकार को विरासत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ संस्थाएं और अपार जनविश्वास मिला था। लेकिन महज एक दशक में इसने इन तीनों को कमजोर कर दिया है। मोदी जी का समय समाप्त हो गया है।

-**वाईएस शर्मिला**, कांग्रेसाध्यक्ष, आंध्र प्रदेश

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण

विचार हमारे भाव, व्यवहार एवं चरित्र को आकार देते हैं

# मूल से उखड़ती तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में टूट के बाद उसके संसद सदस्यों में भी टूट की आशंका उभर आने पर आश्चर्य नहीं, क्योंकि जैसे पार्टी के अधिकांश विधायक ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य-व्यवहार से खफा थे, वैसे ही कई सांसद भी हैं। कुछ की तो नाराजगी भी सामने आ चुकी है। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि बागी विधायकों की ओर से विधानसभा में अपना नया नेता चुन लिए जाने पर तृणमूल कांग्रेस के अधिकतर सांसदों ने चुप्पी सी साध रखी है। तथ्य यह भी है कि बीते दिनों जब ममता भतीजे अभिषेक पर कथित गंभीर हमले के खिलाफ धरने पर बैठीं तो ज्यादातर विधायक और सांसद नदारद थे। यदि ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक को जरूरत से ज्यादा अहमियत नहीं दी होती तो शायद पार्टी उनके हाथ से जाने की नौबत नहीं आती। उन्हें परिवारवाद को प्रश्रय देने के साथ ही अपने नेताओं के बेलगाम भ्रष्टाचार की भी कीमत चुकानी पड़ रही है। तृणमूल कांग्रेस में टूट शिव सेना और एनसीपी में टूट की याद दिलाने वाली है। इन दोनों दलों में टूट का एक कारण यह भी रहा कि जहां एनसीपी प्रमुख शरद पवार बेटी को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं शिव सेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे बेटे को। वैसे जहां शिवसेना और एनसीपी में टूट इसलिए हुई, क्योंकि बागी गुट सत्ता का साथ चाहता था, वहीं तृणमूल कांग्रेस में असंतुष्ट नेताओं के अलगाव का कारण सत्ता सुख पाना नहीं है। इस दृष्टि से तृणमूल कांग्रेस की टूट कुछ अलग भी है। साफ है कि असंतुष्ट नेताओं को पार्टी चलाने का ममता का तरीका और खासकर भतीजे को आगे बढ़ाना रास नहीं आया।

पुराने और अनुभवी नेताओं को कभी यह स्वीकार नहीं होता कि पार्टी प्रमुख अपने बेटे-बेटियों अथवा भाई-भतीजों को उन पर थोप दे। परिवारवादी दल कई बार अपने परिवार के ऐसे सदस्य को पार्टी पर थोप देते हैं, जो बिल्कुल अनुभवहीन होते हैं। उन राजनीतिक दलों में भी टूटन अधिक होती है, जिनकी कोई विचारधारा नहीं होती। तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा जानना उसी तरह कठिन है, जैसे पिछले दिनों टूट का शिकार हुई आम आदमी पार्टी की। लोक लुभावन नीतियों, जाति या समुदाय विशेष के तुष्टीकरण के सहारे किसी राजनीतिक दल को अधिक दिनों तक नहीं चलाया जा सकता। ऐसे दलों में सत्ता के लोभ में दूसरे दलों के नेता आ तो जाते हैं, लेकिन जैसे ही सत्ता जाती है, वे अपना अलग ठिकाना खोजने लगते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने भले ही अपना एक कैडर बना लिया हो, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि पार्टी के अधिकांश नेता दूसरे दलों से अपने स्वार्थों की पूर्ति करने के इरादे से आए थे। इनमें से अधिकतर वाम दलों से आए थे और शायद यही कारण रहा कि ममता ने वही तौर-तरीके अपना लिए, जो वामपंथियों ने अपना रखे थे।

# ड्रग्स पर नकेल

किशोरों और युवाओं में नशे की लत एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद झारखंड पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की निगरानी करने तथा स्कूली बच्चों को निशाना बनाने वाले ड्रग तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में प्रयास किया जाना सराहनीय है। नई पीढ़ी का नशे के चंगुल में फंसना देश और राज्य के भविष्य के लिए चिंताजनक है। यह युवाओं और किशोरों के भविष्य और जीवन को खोखला बनाकर ऐसे अंधेरे गर्त में धकेल देता है, जहां से वापस आना मुश्किल होता है। बच्चों, किशोरों और युवाओं से पूरे परिवार की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। सपनों का एक पूरा संसार उनके साथ-साथ चलता है, ऐसे में किसी किशोर या युवा का नशे का गुलाम होकर अपने जीवन को बर्बाद कर लेने की स्थिति पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। ड्रग माफिया पर कार्रवाई और उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने से इस स्थिति पर जरूर अंकुश लगेगा, लेकिन नई पीढ़ी को नशे की इस लत से बचाने के लिए उनकी कड़ी निगरानी के साथ निरंतर प्रभावी काउंसेलिंग भी जरूरी है।

**नशे के दलदल में फंस रहे किशोरों और युवाओं को नई जिंदगी देना हम सबों की जिम्मेदारी है। इसके लिए गंभीर प्रयास करने होंगे**

# संसाधनों के संयमित उपयोग का समय



कुमार रोहित

**यदि हम अपनी उपभोगवादी जीवनशैली में बदलाव नहीं लाते हैं तो वैश्विक बाजार के झटके हमारे सपनों को बाधित करते रहेंगे**

सुबह अखबार हाथ में आते ही देश-दुनिया की बड़ी खबरों के बीच नजर अक्सर महंगाई पर टिक जाती है। 'रसोई गैस का संकट', 'सब्जियों के बढ़ते दाम या 'कमजोर होता रुपया'-ये सिर्फ सुर्खियां नहीं, बल्कि मध्यवर्गीय परिवारों के बजट, बच्चों की फीस और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ी रोजमर्रा की चिंताएं हैं। बदलते मौसम की मार सभी वर्गों की मुश्किलें अलग से बढ़ा रही हैं। इन दोनों चिंताओं की कड़ी कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी है। हमें समझना होगा कि पर्यावरण का सीधा संबंध हमारी रसोई, बिजली के बिल, मोटरसाइकिल की टंकी और खेतों की मिट्टी से है।

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जैविक खेती को अपनाने और ईंधन की खपत घटाने, अनावश्यक विदेशी यात्राओं और सोने की खरीद से बचने और यथासंभव 'वर्क फ्राम होम' अपनाने की अपील की। उन्होंने इस दशक को 'संकटों का दशक' बताते हुए कहा कि कोविड-19, युद्ध और ऊर्जा संकट जैसी वैश्विक चुनौतियां विकास और गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों पर असर डाल रही हैं। इस वैश्विक परिदृश्य को वित्तीय मामलों के जानकार राबर्ट कियोसाकी की गंभीर चेतावनियों के संदर्भ में भी देखा जा सकता है। उनका तर्क है कि सभ्यताओं का पतन किसी बाहरी हमले से नहीं, बल्कि आंतरिक महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता और संसाधनों के दुरुपयोग से होता है। प्रधानमंत्री की अपील के संदर्भ की ही बात करें तो आज भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है। होर्मुज जलमार्ग में गतिरोध के चलते उपजे भू-राजनीतिक संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतें सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जिससे देश का आयात बिल तेजी से बढ़ा है। डालर मजबूत होने से रुपया गिरकर लगभग 95 रुपये प्रति डालर के रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गया, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब और देश की आर्थिक संप्रभुता पर पड़ रहा है। ऐसे कठिन समय में हमारे देश की कृषि नीति इस संकट से निपटने का मजबूत माध्यम बन सकती है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक यूरिया का लगभग 70 प्रतिशत विदेश से आयात करता है। यूरिया निर्माण में प्राकृतिक गैस के उपयोग के कारण वैश्विक गैस संकट सरकारी उर्वरक सब्सिडी बजट को कई गुना बढ़ा देता है। ऐसे में हमें जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ना होगा। गाय के गोबर और गोमूत्र आधारित जैव-इनपुट्स, कंपोस्टिंग और बायोगैस स्लरी के विकेंद्रीकृत उपयोग से रासायनिक यूरिया पर निर्भरता काफी घटाई जा सकती है। यह केवल मिट्टी की सेहत सुधारने का पारंपरिक उपाय नहीं, विदेशी मुद्रा भंडार बचाने वाला क्रांतिकारी 'कृषि-संयम' है, जो देश को खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनाता है।



अवधेश राजपूत

भारत ने अतीत में भी बड़े संकटों का सामना सामूहिक त्याग से किया है। जैसे 1962 के युद्ध में माताओं का स्वर्ण दान और 1965 के अन्न संकट में लाल बहादुर शास्त्री की अपील पर पूरे देश द्वारा सप्ताह में एक दिन का उपवास। आज का संकट उतना कठिन नहीं है। वर्तमान प्रधानमंत्री का ऊर्जा संरक्षण और मितव्ययिता का आह्वान हमारे पूर्वजों के त्याग की तुलना में सरल और व्यावहारिक है। हमें बस अपनी रोजमर्रा की आदतों में थोड़ा अनुशासन और संयम लाना है। संयमित जीवन हमारी सांस्कृतिक चेतना का मूल है। महात्मा गांधी ने कहा था कि पृथ्वी के पास हर मनुष्य की आवश्यकता पूरी करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, पर किसी एक के लालच को शांत करने के लिए नहीं। कबीर की सीख भी प्रासंगिक है कि 'साईं इतना दीजिए, जा मे कुटुंब समाय। मैं भी भूखा ना रहूं, साधु न भूखा जाय।।' तात्पर्य यही है कि आवश्यकता और लालच का अंतर समझने पर मितव्ययिता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि एक नैतिक और सामाजिक कर्तव्य, एक 'राष्ट्रीय संयम यज्ञ' बन जाती है।

एक आम नागरिक के रूप में हम इस संयम यज्ञ में छोटी-छोटी, लेकिन प्रभावी आदतों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसके लिए बड़े आर्थिक त्याग की आवश्यकता नहीं है, बल्कि दैनिक जीवन में अनुशासन और जागरूकता अपनाने की जरूरत है। हमें ऊर्जा और जल संरक्षण को अपनी आदत बनाना चाहिए। एलईडी बल्ब और ऊर्जा-दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दें। कमरे से निकलते ही लाइट और पंखे तुरंत बंद करें। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग भी उतना ही आवश्यक है। साझा सवारी, साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

हमने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, लेकिन विकसित राष्ट्र का वास्तविक अर्थ केवल जीडीपी में बढ़ोतरी या बड़ी औद्योगिक इमारतों की संख्या से नहीं मापा जा सकता। सच्चा विकास वही है, जहां ऊर्जा सुरक्षा सुदृढ़ हो और संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। यदि हम अपनी उपभोगवादी जीवनशैली में बदलाव नहीं लाते हैं तो वैश्विक बाजार के झटके हमारे सपनों को बाधित करते रहेंगे। काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर-सीईईडब्ल्यू के अनुसार यदि भारत अभी से संसाधन-कुशल मार्ग पर आगे बढ़ता है तो वर्ष 2047 तक यह हरित अर्थव्यवस्था देश में 1.1 ट्रिलियन डालर (लगभग 97.7 लाख करोड़ रुपये) का नया बाजार मूल्य सृजित कर सकती है, जिससे लगभग 4.8 करोड़ नए रोजगार के अवसर तैयार हो सकते हैं।

मितव्ययिता और ऊर्जा-संयम कोई नकारात्मक विचार नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्र निर्माण के वे संक्रमणकालीन अनुशासन हैं, जो हमें दीर्घकालिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाते हैं। हम यह साझा संकल्प लें कि हम अपने घरों में संयम और जैविक खेती की नई चेतना का संचार करेंगे। आज हमारे द्वारा सहेजा गया पानी का प्रत्येक कतरा, बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई और रासायनिक खाद के स्थान पर उपयोग किया गया प्राकृतिक इनपुट हमारे भविष्य की सुरक्षा का बीज बनेगा। यही छोटे-छोटे प्रयास विकसित राष्ट्र के विराट लक्ष्य की पूर्ति का माध्यम बनेंगे।

(लेखक अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय) तथा पीडीयूएनएएसएस, नई दिल्ली के निदेशक हैं)

response@jagran.com

# प्रकृति हितैषी भारतीय जीवनशैली



डा. अनिल गुप्ता

**हमारी भारतीय संस्कृति पृथ्वी को केवल भौतिक संसाधन नहीं मानती, बल्कि उसे मां के रूप में पूजती है**

पर्यावरण संरक्षण भारत के लिए कोई नया विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी परंपरा और जीवन-पद्धति का हिस्सा रहा है। इसका प्रमाण हमारी धार्मिक गतिविधियों, परंपराओं, रीति-रिवाजों और दैनिक जीवन के व्यवहार में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति पृथ्वी को केवल भौतिक संसाधन नहीं मानती, बल्कि उसे मां के रूप में पूजती है। जंगल, वन्यजीव, वनदेवता और प्रकृति के विभिन्न स्वरूप हमारी प्राचीन सभ्यताओं तथा धार्मिक मान्यताओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन मान्यताओं के कारण अनेक पौधों और पशु-पक्षियों को धार्मिक आस्था से जोड़कर संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। जैसे पीपल, नीम, केला तथा अन्य अनेक वृक्षों को पूजनीय माना गया है। प्राचीन काल से ही ऐसे वृक्ष मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर लगाए जाते रहे हैं। इसी प्रकार अनेक पशु-पक्षियों को भी धार्मिक मान्यताओं के कारण विशेष सम्मान प्राप्त है। अधिकांश हिंदू देवी-देवताओं को किसी न किसी पशु या पक्षी के साथ दर्शाया गया है। ये मानव और प्रकृति के गहरे संबंध को भी व्यक्त करते हैं। यह सब दर्शाता है कि जंगल, पृथ्वी, आकाश, जल, वायु और अग्नि जैसे प्राकृतिक तत्व हमारी सभ्यता, संस्कृति और जीवन-दर्शन का अभिन्न अंग रहे हैं।

भारतीय पर्यावरण संरक्षण का दृष्टिकोण केवल व्यवहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, धार्मिक और नैतिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। यही परंपरा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भारत को विश्व के अन्य देशों से अलग पहचान प्रदान करती है और प्रकृति के साथ हमारी एक टिकाऊ तथा संतुलित संबंध स्थापित करती है। यह भावना लोगों के संस्कारों और जीवनशैली में रची-बसी है, जिसे वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी निभाते चले आ रहे हैं। वेद मानवता की ज्ञान-परंपरा के सबसे प्राचीन ग्रंथों हैं। वेदों में जीवन और प्रकृति को एक-दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ माना गया है। वहां प्रकृति केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की सहचरी और प्रेरणा-शक्ति के रूप में प्रस्तुत है। यही कारण है कि वेद और आधुनिक विज्ञान को परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक के रूप में देखा जा सकता है।



भारतीय परंपरा का हिस्सा है पर्यावरण संरक्षण। फाइल

पर्यावरण विज्ञान और जीव विज्ञान, दोनों आधुनिक विज्ञान की महत्वपूर्ण शाखाएं हैं, जिनके अंतर्गत पर्यावरण के भौतिक, रासायनिक और जैविक घटकों के बीच होने वाली पारस्परिक क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। यद्यपि इन वैज्ञानिक विषयों का औपचारिक विकास 20वीं सदी में हुआ, किंतु इनके मूल तत्वों की झलक वैदिक साहित्य और प्राचीन भारतीय चिंतन में भी देखी जा सकती है। पर्यावरण की अवधारणा समय के साथ बदलती रहती है, क्योंकि यह उस समय की सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार पर्यावरण में जल, वायु और भूमि के साथ-साथ उनके तथा मानव, अन्य जीवित प्राणियों, पौधों, सूक्ष्मजीवों और संपत्ति के बीच विद्यमान पारस्परिक संबंध भी शामिल हैं। इस परिभाषा के आधार पर कहा जा सकता है कि पर्यावरण के दो प्रमुख घटक हैं-जैविक और अजैविक। जैविक घटकों में मनुष्य, पशु-पक्षी, वनस्पतियां और सूक्ष्मजीव शामिल हैं, जबकि जल, वायु, मिट्टी, प्रकाश और खनिज जैसे तत्व अजैविक घटकों के अंतर्गत आते हैं।

आधुनिक विज्ञान को इन परस्पर संबंधों की व्यापकता को समझने में लंबा समय लगा। जबकि वैदिक युग में लोग इसे पहले ही समझ गए थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में जंगलों और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में राजा के कर्तव्यों का उल्लेख मिलता है। इसमें कहा गया है कि शासक का दायित्व केवल जंगलों की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि नए वनों की स्थापना और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सम्राट अशोक ने कुछ विशेष पशुओं की सूची जारी की थी, जिनके शिकार पर प्रतिबंध लगाया गया था।

हिंदू अनुष्ठानों में प्रायः शांति मंत्रों का पाठ किया जाता है, जिनका मूल स्रोत वेद हैं। इन मंत्रों में समस्त सृष्टि के लिए शांति, संतुलन और कल्याण की कामना की जाती है। शांति मंत्रों में अंतरिक्ष में शांति, पृथ्वी पर शांति, जल में शांति, वनस्पतियों में शांति, वृक्षों में शांति, मध्य क्षेत्र में शांति तथा समस्त दैवी शक्तियों और ब्रह्मांडीय तत्वों में शांति की प्रार्थना की जाती है। अंत में यह कामना की जाती है कि वही शांति हमारे भीतर भी स्थापित हो। इन मंत्रों में सभी प्राकृतिक शक्तियों और सृष्टि के विभिन्न घटकों के बीच समन्वय, संतुलन और सद्भाव की भी भावना निहित है। सभी के सामूहिक कल्याण के लिए आज यही दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में जब विश्व जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है, तब भारतीय परंपराओं में निहित पर्यावरणीय दृष्टिकोण मानवता को प्रकृति के साथ संतुलित और सतत जीवन जीने की महत्वपूर्ण सीख देता है।

(लेखक पर्यावरणविद् एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## निरर्थक है छल

मनुष्य ने अपनी बौद्धिक क्षमता से मनोविज्ञान विकसित कर मनोरोगों के उपचार की विधि बना ली है। फिर भी मन की वास्तविकता को पहचान पाना आज भी असंभव है। छल, प्रपंच तब समझ आता है जब घटित हो चुका होता है और उसके दुष्परिणाम प्रकट होने लगते हैं। कोई मनुष्य जो बोल रहा है, क्यों बोल रहा है, जो कर रहा है, क्यों कर रहा इसे जानने का कोई विज्ञान अभी तक विकसित नहीं हो पाया है। मात्र अनुमान लगाए जाते हैं और पूर्व अनुभवों के आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते हैं, किंतु निश्चित कुछ नहीं होता। इससे समाज में सदैव अविश्वास का भाव बना रहता है। मनुष्य अपने मनोभावों को छिपाने में सफल हो जाता है। किंतु यह प्रवृत्ति सदैव घातक सिद्ध हुई है। रावण ने साधु बन कर छल किया जिसे माता सीता भी समझ नहीं पाईं। यही छल रावण ही नहीं, उसकी संपूर्ण लंका के विनाश का कारण बन गया।

परमात्मा ने मनुष्य को जो भी दिया है उसके हित और उसके माध्यम से मानव समाज के कल्याण हेतु ही दिया है। छल, कपट में न तो मनुष्य का हित निहित है, न समाज का। परमात्मा ने मनुष्य के लिए जो निर्धारित किया वह उसे प्राप्त होना ही है। छल, बल से कुछ प्राप्त करने का प्रयास परमात्मा के विधान का अपमान और चुनौती है। हो सकता है कि समाज से छल छिपा रहे। किंतु परमात्मा से नहीं छिपाया जा सकता। हो सकता है कि छल करने वाला बचा रहे, किंतु अगले किसी जन्म में दंड भोगना ही है। विकारों के अधीन पाप तो तन ने किए। तन का नाश हो गया, विकार भाग खड़े हुए, जीवात्मा अकेला रह जाता है। उत्तरदायी वही ठहराया जाता है। मनुष्य स्व अर्थात अपने आत्म तत्व को पहचाने और परमात्मा पर विश्वास करे तो छल, बल के प्रपंच से दूर हो आनंदित रह सकेगा।

डा. सत्येंद्र पाल सिंह

# जनसंख्या बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन क्यों

देवेंद्रराज सुथार

**आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा तीसरे और चौथे बच्चे के जन्म पर आर्थिक सहायता देने की घोषणा ने देश में जनसंख्या नीति को लेकर बहस छेड़ दी है**

हाल में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा तीसरे और चौथे बच्चे के जन्म पर आर्थिक सहायता देने की घोषणा ने देश में जनसंख्या नीति को लेकर नई बहस छेड़ दी है। लंबे समय तक भारत में बढ़ती आबादी को विकास की सबसे बड़ी चुनौतियों में गिना जाता रहा। सरकारों ने परिवार नियोजन को बढ़ावा दिया, छोटे परिवार को आदर्श बताया और जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाए। ऐसे में अधिक बच्चों पर प्रोत्साहन राशि देने जैसी योजनाएं स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करती हैं कि क्या यह कदम जनसंख्या नियंत्रण की पुरानी नीति के विपरीत नहीं है?

दरअसल देश में जनसंख्या का प्रश्न हमेशा एक जैसा नहीं रहा। उत्तर भारत के कई राज्यों में आज भी तेजी से बढ़ती आबादी चिंता का विषय है, जबकि दक्षिण भारत के कई राज्यों में जन्मदर लगातार कम हो रही है। शिक्षा, शहरीकरण, महिलाओं की भागीदारी और बदलती जीवनशैली के कारण परिवार छोटे होते जा रहे हैं। यही वजह है कि कुछ राज्य अब भविष्य में श्रमशक्ति की कमी और बढ़ती बुजुर्ग आबादी को लेकर चिंतित हैं। दुनिया के कई विकसित देश पहले ही इस समस्या का सामना कर रहे हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और कुछ यूरोपीय देशों में घटती जनसंख्या और वृद्ध होती आबादी बड़ी चुनौती बन चुकी है। वहां सरकारें अब लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इसी अनुभव को देखते हुए आंध्र प्रदेश सरकार भविष्य की तैयारी करना चाहती है, पर इस नीति के विरोध में भी मजबूत तर्क मौजूद हैं।

भारत अभी भी संसाधनों के असमान वितरण, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में अधिक बच्चों को प्रोत्साहित करना कई लोगों को विरोधाभासी लगता है। सवाल यह भी है कि क्या सरकार केवल नकद सहायता देकर परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करना चाहती है, जबकि बच्चों के पालन-पोषण की वास्तविक लागत कहीं अधिक है? शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और रोजगार की जिम्मेदारी केवल जन्म तक सीमित नहीं होती। चिंता यह भी है कि ऐसी योजनाएं कहीं गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को केवल आर्थिक लाभ के लिए बड़े परिवार की ओर न धकेल दें। यदि जनसंख्या वृद्धि बिना पर्याप्त संसाधनों और अवसरों के होती है तो इसका असर गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता पर पड़ सकता है। इसलिए किसी भी जनसंख्या नीति को केवल संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता के आधार पर भी देखना जरूरी है। आज भारत को संतुलित दृष्टिकोण की जरूरत है। न तो अंधाधुंध जनसंख्या वृद्धि देश के लिए उचित है और न ही इतनी कम जन्मदर कि भविष्य में श्रमशक्ति संकट खड़ा हो जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मेलबाक्स

## भ्रष्टाचार की आग

संपादकीय "अंधेरगर्दी की आग" केवल एक होटल में लगी आग की त्रासदी का वर्णन नहीं करता, बल्कि उस गहरे संस्थागत भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है, जो वर्षों से हमारे नगर निकायों और नियामक संस्थाओं को खोखला करती रही है। प्रश्न यह नहीं है कि आग कैसे लगी, वास्तविक प्रश्न यह है कि ऐसे भवन अस्तित्व में ही कैसे आ गए? जब पांच कमरों की अनुमति वाले भवन में पच्चीस कमरे बन जाते हैं, अग्निशमन विभाग की अनापत्ति के बिना होटल संचालित होता है और निकास मार्ग तक मानकों के अनुरूप नहीं होता, तब यह मान लेना कठिन नहीं कि कहीं न कहीं नियमों की हत्या सुविधा शुल्क के हाथों हुई है। भ्रष्टाचार केवल धन का लेन-देन नहीं होता, वह नागरिकों की सुरक्षा का सौदा भी होता है। विडंबना यह है कि हमारे यहां वैधानिक निकायों का निरीक्षण अक्सर कागजों तक सीमित रह जाता है। जिन संस्थाओं पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है, वे ही यदि आंखें मूंद लें तो दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि सुनियोजित आपदाएं जन्म लेती हैं। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, कुछ निलंबन होते हैं और फिर फाइलें धूल फांकती रह जाती हैं, जबकि अवैध निर्माण का कारोबार पहले की तरह फलता-फूलता रहता है। यदि वास्तव में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना है तो केवल भवन मालिकों ही नहीं, बल्कि अनुमति देने वाले, निरीक्षण करने वाले और अनियमितताओं को अनदेखा करने वाले अधिकारियों की व्यक्तिगत एवं दंडात्मक जवाबदेही तय करनी होगी। जब तक भ्रष्टाचार की कीमत कुछ लोगों के प्राणों से चुकाई जाती रहेगी और दोषियों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ऐसे हादसे दोहराए जाते रहेंगे। कानून की शक्ति उसकी पुस्तकों में नहीं, उसके निष्पक्ष और कठोर क्रियान्वयन में निहित होती है।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

## आनलाइन गेमिंग की लत

आज हर मोबाइल फोन एक वर्चुअल जुआघर बन गया है। आनलाइन गेमिंग की लत अब जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। आज कई बच्चे और युवा दिन-रात मोबाइल गेमिंग में डूबे रहते हैं। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनका भविष्य और करियर भी संकट में पड़ रहा है। इस लत के कारण आर्थिक नुकसान, अवसाद, तनाव और यहां तक कि आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। बच्चों में बढ़ती आक्रामकता, हिंसक प्रवृत्ति और चिड़चिड़ापन भी कहीं न कहीं मोबाइल और आनलाइन गेमिंग की लत से जुड़ा हुआ है। तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों ने स्किल गेम्स के नाम पर चल रही आनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न आय वर्ग के लोग भी आनलाइन गेमिंग की चपेट में आ रहे हैं। कुछ भी हो, इस समस्या को देखते हुए सभी राज्यों को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए। आनलाइन गेमिंग का दुष्प्रभाव केवल खिलाड़ी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका परिवार भी इससे बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके नकारात्मक प्रभाव आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी सभी स्तरों पर दिखाई देते हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक द्वारा आनलाइन बेटिंग और जुए पर लगाए गए प्रतिबंध निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि ऐसे प्रयासों से समाज में सुधार आएगा और जो लोग इस लत के शिकार हैं, उन्हें एक बेहतर और संतुलित जीवन की ओर लौटने का अवसर मिलेगा। हम सभी का दायित्व है कि बच्चों और युवाओं को आनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से दूर रखने का प्रयास करें। मोबाइल की उपयोगिता और उसके सीमित एवं संतुलित उपयोग के महत्व को समझें। बच्चों को पर्याप्त समय दें, उन्हें लोक साहित्य, संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों और नैतिक मूल्यों से जोड़ें। उनके जीवन में परिवार, समाज और सकारात्मक सोच के महत्व को स्थापित करें। आने वाली पीढ़ी को इस खतरे से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे।

योगेश जोशी, बड़वाह

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1.4** अरब डालर से 3.9 अरब डालर के बीच आंका गया है वैश्विक क्वांटम कंप्यूटिंग बाजार वर्ष 2024-2026 में, जबकि वर्ष 2030 तक इसके 20 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है, विभिन्न उद्योग अनुमानों के अनुसार।

आजकल

# डीप-टेक हब के रूप में भारत का उदय

हाल ही में भारत ने नेशनल क्वांटम मिशन के अंतर्गत एक हजार किमी लंबे क्वांटम कम्युनिकेशन नेटवर्क को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। इस मिशन के आरंभ होने के महज दो वर्ष के भीतर यह एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। यह दुनिया के सबसे लंबे क्वांटम कम्युनिकेशन नेटवर्क्स में से एक है तथा यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि मिशन का लक्ष्य आठ वर्षों की अवधि में दो हजार किलोमीटर क्वांटम कम्युनिकेशन क्षमता विकसित करना था, जबकि भारत ने अत्यंत तेज गति से यह उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है



डा. शिवेश प्रताप
संयोजक, विजन विकसित भारत नीति एवं शोध केंद्र



प्रतीकात्मक

वर्तमान सदी में तकनीकी क्षमता तेजी से भू-राजनीतिक प्रभाव, आर्थिक मजबूती, सैन्य तैयारी और रणनीतिक स्वायत्तता को निर्धारित कर रही है। जिस प्रकार औद्योगिक क्रांति ने 19वीं सदी की वैश्विक शक्ति संरचना को आकार दिया और डिजिटल क्रांति ने 20वीं सदी को परिवर्तित किया, उसी प्रकार आने वाले दशकों को एआइ, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन, बायोटेक्नोलाजी व हाई-परफार्मेंस कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में महारत परिभाषित करेगी। इन सभी में क्वांटम टेक्नोलाजी दुनिया के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से उभर रही है।

क्वांटम टेक्नोलाजी क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों जैसे सुपरपोजिशन, एंटैंगलमेंट, टनलिंग और क्वांटम इंटरफेरेंस पर आधारित है, जो पारंपरिक कंप्यूटिंग प्रणालियों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत कम्प्यूटेशनल और संचार क्षमताएं प्रदान करती है। व्यापक रूप से क्वांटम टेक्नोलाजी को चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है : क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम सेंसिंग तथा क्वांटम मटेरियल्स एवं डिवाइसेज। इन तकनीकों के अनुप्रयोग रक्षा, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, लाजिस्टिक्स, जलवायु विज्ञान, वित्त, एआइ और अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों को गहराई से प्रभावित करने वाले हैं।

क्वांटम टेक्नोलाजी की आर्थिक संभावनाएं भी अत्यंत विशाल हैं। मैकेंजी एंड कंपनी के अनुसार, वर्ष 2035 तक क्वांटम टेक्नोलाजी वैश्विक स्तर पर एक ट्रिलियन डालर से अधिक का आर्थिक मूल्य उत्पन्न कर सकती है। नेशनल क्वांटम मिशन भारत के अंतरिक्ष और परमाणु कार्यक्रमों के बाद सबसे महत्वाकांक्षी वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलों में से एक माना जा रहा है। इसका महत्व केवल वैज्ञानिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, रक्षा तैयारी और डिजिटल संप्रभुता से भी सीधे जुड़ा हुआ है। इस मिशन का उद्देश्य विदेशी तकनीकों पर निर्भरता कम करना, स्वदेशी बौद्धिक संपदा इकोसिस्टम को मजबूत करना, संप्रभु साइबर सुरक्षा अवसंरचना विकसित करना व भारत की दीर्घकालिक तकनीकी क्षमता और लचीलापन बढ़ाना है।

वैश्विक स्तर पर एक बड़ी रणनीतिक चिंता यह है कि भविष्य के क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो सकते हैं कि वे वर्तमान में बैंकिंग, सैन्य संचार, डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय प्रणालियों में उपयोग होने वाली पारंपरिक एन्क्रिप्शन प्रणालियों को तोड़ सकें। इसलिए जो देश प्रारंभिक स्तर पर क्वांटम-सुरक्षित संचार प्रणालियां विकसित कर लेंगे, उन्हें भू-राजनीतिक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

**भारत का क्वांटम स्टार्टअप इकोसिस्टम** : भारत का नेशनल क्वांटम मिशन एक नए डीप-टेक उद्यमिता इकोसिस्टम को भी गति प्रदान कर रहा है। मिशन के अंतर्गत कई स्टार्टअप्स को क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम सेंसिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम हार्डवेयर और क्वांटम साफ्टवेयर स्टैक्स जैसे क्षेत्रों में प्रति स्टार्टअप 30 करोड़ तक की सहायता और निवेश प्रदान किया गया है। यह विकास रणनीतिक रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर सफल नवाचार इकोसिस्टम अकादमिक संस्थानों, स्टार्टअप्स, सरकारी प्रयोगशालाओं, उद्योगों और वेंचर कैपिटल नेटवर्क के सहयोग से विकसित होते हैं। भारत में स्वदेशी क्वांटम हार्डवेयर पहलों का भी उदय हो रहा है, जिनमें देश के शुरुआती फुल-स्टैक क्वांटम कंप्यूटिंग सिस्टम शामिल हैं। ये विकास इस बात का संकेत हैं कि भारत अब केवल साफ्टवेयर सेवाओं पर निर्भर अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर उच्च स्तरीय हार्डवेयर नवाचार और डीप-टेक क्षमता निर्माण की दिशा में अग्रसर है।

**क्वांटम शक्तियों से सीख** : वैश्विक स्तर पर क्वांटम टेक्नोलाजी की दौड़ तेज होती जा रही है और विश्व की प्रमुख शक्तियां अब क्वांटम तकनीकों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में देख रही हैं। चीन क्वांटम टेक्नोलाजी के क्षेत्र में दुनिया के सबसे आक्रामक और रणनीतिक खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरा है। उसकी प्रमुख उपलब्धियों में सैटेलाइट का प्रक्षेपण, बड़े पैमाने पर क्वांटम कम्युनिकेशन बैकबोन नेटवर्क का निर्माण, सैन्य-तकनीकी एकीकरण के व्यापक प्रयास तथा क्वांटम अनुसंधान अवसंरचना में विशाल सरकारी निवेश शामिल हैं। चीन हजारों किमी तक सैटेलाइट- आधारित क्वांटम कम्युनिकेशन का प्रदर्शन कर चुका है और उसने विशेष क्वांटम प्रयोगशालाओं में अरबों डालर का निवेश किया है।

चीन का माडल भारत के लिए कई महत्वपूर्ण सबक प्रस्तुत करता है, जिनमें दीर्घकालिक सरकारी निवेश, स्वदेशी हार्डवेयर इकोसिस्टम का विकास, सिविल-मिलिट्री इंटीग्रेशन, प्रतिभा संरक्षण तथा संस्थागत समन्वय का महत्व शामिल है। यद्यपि भारत का लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत नवाचार माडल चीन की केंद्रीकृत व्यवस्था से अलग है, फिर भी भारत चीन की गति, रणनीतिक दृष्टि व बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन से सीख ले सकता है।

**भारत की संरचनात्मक शक्तियां** : भारत को अपने वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम का भी लाभ प्राप्त है, जिसमें आधार, यूपीआइ, डिजिलाकर और बड़े पैमाने पर डिजिटल गवर्नेंस प्रणालियां शामिल हैं। ये पहलें यह दर्शाती हैं कि भारत जनसंख्या स्तर पर तकनीक-आधारित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करने की क्षमता रखता है। भारत की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता उसकी कम लागत वाली नवाचार क्षमता और इंजीनियरिंग की परंपरा है, जो भविष्य में किफायती और स्केलेबल क्वांटम प्रणालियों के विकास में रणनीतिक रूप से अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। भारत दुनिया के बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बन चुका है, जहां एआइ, सेमीकंडक्टर्स, अंतरिक्ष तकनीक और क्वांटम इनोवेशन जैसे डीप-टेक क्षेत्रों में तेजी से भागीदारी बढ़ रही है। इन सभी संरचनात्मक शक्तियों को एक व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण का समर्थन प्राप्त है, जो आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, रणनीतिक विनिर्माण, सेमीकंडक्टर क्षमता, डीप-टेक इनोवेशन और डिजिटल संप्रभुता पर केंद्रित है।

## दीर्घकालिक संस्थागत प्रतिबद्धता की आवश्यकता

तेजी से प्रगति के बावजूद भारत को वैश्विक क्वांटम नेतृत्व हासिल करने के लिए कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक प्रतिभा संरक्षण है। क्वांटम तकनीकों के लिए भौतिकी, गणित, क्रायोजेनिक्स, मटेरियल साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। भारत को अपने शीर्ष विज्ञानियों और शोधकर्ताओं के विदेश पलायन को रोकने के लिए विश्वस्तरीय अनुसंधान इकोसिस्टम, उन्नत प्रयोगशालाएं और दीर्घकालिक वैज्ञानिक अवसर विकसित करने होंगे। दूसरी महत्वपूर्ण चुनौती अनुसंधान निवेश के स्तर से जुड़ी है। यद्यपि नेशनल क्वांटम मिशन के अंतर्गत छह हजार करोड़ का निवेश एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन चीन और अमेरिका जैसे देश क्वांटम अनुसंधान, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम और उन्नत कंप्यूटिंग अवसंरचना में इससे कहीं अधिक निवेश कर रहे हैं। भारत को भविष्य में बड़े सार्वजनिक निवेश, संप्रभु डीप-टेक फंड, रक्षा-आधारित नवाचार अनुदान और विशेष क्वांटम वेंचर कैपिटल इकोसिस्टम की आवश्यकता पड़ सकती है।

सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। क्वांटम कंप्यूटिंग, एआइ सिस्टम्स और हाई-परफार्मेंस कंप्यूटिंग अवसंरचना उन्नत फेब्रिकेशन क्षमताओं पर निर्भर करती हैं, जबकि भारत अभी भी इस क्षेत्र में विदेशी सप्लाई चेन पर काफी हद तक निर्भर है। इसके अतिरिक्त, भारत का अनुसंधान व्यवसायीकरण इकोसिस्टम अभी अमेरिका और चीन की तुलना में अपेक्षाकृत कमजोर है। पेटेंट व्यावसायीकरण, टेक्नोलाजी ट्रांसफर और उद्योग-आधारित अनुसंधान को मजबूत करने के लिए अकादमिक संस्थानों, उद्योगों, स्टार्टअप्स और सरकारी प्रयोगशालाओं के बीच गहरा सहयोग आवश्यक है।

अंततः भारत को अपने संस्थानों में विशेष क्वांटम शिक्षा कार्यक्रमों, अंतर्विषयक अनुसंधान केंद्रों और उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से बड़े पैमाने पर क्वांटम कार्यबल निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी। क्वांटम टेक्नोलाजी 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक सीमाओं में से एक का प्रतिनिधित्व करती है। यह साइबर सुरक्षा, रक्षा प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार, उन्नत कंप्यूटिंग, वित्तीय प्रणालियों और वैश्विक डिजिटल अवसंरचना को परिवर्तित करने की क्षमता रखती है। जो देश क्वांटम टेक्नोलाजी, सेमीकंडक्टर्स, एआइ और सुपरकंप्यूटिंग में नेतृत्व स्थापित करेंगे, वे भविष्य की वैश्विक शक्ति संरचना को आकार देंगे। भारत का नेशनल क्वांटम मिशन, सेमीकंडक्टर पहलें, सुपरकंप्यूटिंग अवसंरचना और डीप-टेक नवाचार नीतियां यह संकेत देती हैं कि देश स्वयं को केवल एक तकनीकी बाजार के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक क्षमता वाली तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि वैश्विक क्वांटम दौड़ में दीर्घकालिक नेतृत्व बनाए रखने के लिए अधिक अनुसंधान निवेश, मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, गहरा उद्योग-अकादमिक सहयोग, प्रतिभा संरक्षण, अनुसंधान साझेदारियां और दीर्घकालिक संस्थागत प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

(डा. शिवेश प्रताप)

खरी-खरी

## जांच के आदेश

विनय कुमार पाठक

लोगों की आदत है बात का बतंगड़ बनाने की। राजधानी में एक होटल में अग्निकांड होने से लगभग दो दर्जन लोगों को इहलोक की समस्या से सदा के लिए छुटकारा मिल गया है तो इसमें इतना हाय तौबा मचाने की क्या जरूरत है? हानि-लाभ, यश-अपयश की ही तरह जीवन-मरण भी विधि के ही तो हाथ है। लगता है लोग तुलसीदास को या तो पढ़ते नहीं या फिर समझते नहीं। यदि समझते तो हाय तौबा नहीं मचाते।

अब होटल बिना फायर एनओसी के चल रहा था तो अग्निदेव को समझना चाहिए था कि जब तक एनओसी न मिल जाए, इस होटल को अपने कोपभाजन का शिकार नहीं बनाना है। वैसे भी जानकार लोग बताते हैं कि एनओसी का कोई महत्व नहीं होता। चढ़ावा चढ़ाने के बाद एनओसी ऐसे ही मिल जाता है बिना कोई जांच पड़ताल किए। उसी प्रकार जैसे बिना ड्राइविंग सीखे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस मिल जाता है।

सेंसर की भी इसमें बहुत बड़ी गलती है। वह सामान्य समय में तो ठीक काम करता है, पर आग लगने पर पानी पड़ने पर काम करना बंद कर देता है। सेंसर से दरवाजा खुलना कितना प्यारा लगता है? लगता है हम एयरपोर्ट पर चले आए हैं। सेंसर को यह तो समझना चाहिए न कि आग लगे या पानी पड़े, उसे काम करते रहना है, क्योंकि दूसरा कोई रास्ता बनाया नहीं जाता इन बिल्डिंगों में जिससे होकर आपातकालीन परिस्थिति में लोग निकल सकें।

प्रशासन को लोग लापरवाही के लिए कोस रहे हैं। भाई, कितनी मुश्किल से प्रशासनिक अधिकारी बन पाते हैं लोग, कभी सोचा है किसी ने। कितनी तपस्या करनी पड़ती है, यह पता है? और फिर अधिकारी बनने के बाद उपलब्ध सुविधाओं का लाभ ले आदमी कि आग और पानी के फेर में पड़ा रहे?

लोग इस बात के पीछे पड़ जाते हैं कि छह कमरों की अनुमति लेकर 25 कमरे बना लिए गए हैं। अरे भाई, यह तो देखो जहां सिर्फ छह लोगों को होटल में ठहरने की सुविधा मिलती वहां 25 लोगों को मिली। क्या यह कम बड़ी बात है? यह क्या कम है कि जांच के आदेश दे दिए जाते हैं? अब महत्वपूर्ण यह देखना है कि जांच के बाद क्या होता है...

पोस्ट

केरल के पलक्कड़ में एक इस्लामिक फ्रेंडली जिम का मामला सामने आया है। इसका भले ही चाहे जो मतलब हो, लेकिन अगर कोई हिंदू फ्रेंडली जिम का मामला आया तो बहुत सारे लोग उस पर बवाल करने लग जाएंगे।

पल्लवी घोष@_pallavighosh



दिल्ली और भारत के शहरी इलाके एक टिक-टिक करते टाइम बम पर बैठे हैं। बुनियादी ढांचा बदहाल है और रिश्वतखोरी के कारण सुरक्षा के अधिकांश उपाय ठप पड़े हैं। पार्किंग की कमी के कारण सड़कें अवरुद्ध हैं, जिससे बचाव दल को पहुंचने में कठिनाई होती है। मालवीय नगर की आग खराब शहरी नियोजन और व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार का उदाहरण है।

तहसीन पूनावाला@tehseenp

चिराग-सात्विग की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर भारतीय खेल जगत में आशा का संचार किया है। ये दोनों दुनिया के दिग्गजों को हरा रहे हैं। अगले ओलिंपिक में यह जोड़ी भारत के लिए स्वर्ण जीत सकती है। गोपीचंद और प्रकाश पादुकोण के प्रयासों को सफलता मिल रही है। लक्ष्य और प्रणय भी अच्छा खेल रहे हैं।

सुशील दोशी@RealSushilDoshi

झारखंड डायरी

# चरम पर राज्यसभा चुनाव का रोमांच



प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर



झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव से यहां के विधायकों पर टिकी दलों की नजर। फाइल

झारखंड में राज्यसभा चुनाव का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। राज्य की दो सीटों पर होने वाला चुनाव सिर्फ ऊपरी सदन के लिए सदस्य चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ गठबंधन की एकजुटता, राजनीतिक प्रबंधन और विपक्षी दल भाजपा की रणनीति की भी बड़ी परीक्षा बनने जा रहा है। राज्यसभा की एक सीट शिबू सोरेन के निधन के बाद रिक्त हुई है, जबकि दूसरी सीट पर भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग ने इन दोनों सीटों के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है और आवश्यकता पड़ने पर मतदान होगा।

झारखंड विधानसभा में विभिन्न दलों के विधायकों के आंकड़ों को देखें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राजद और भाकपा माले के नेतृत्व वाला गठबंधन दोनों सीटें जीतने की स्थिति में दिखाई देता है। लेकिन राज्यसभा चुनाव का इतिहास बताता है कि झारखंड में केवल गणित ही नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रबंधन भी परिणाम तय करता है।

राज्यसभा चुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक कहानी फिलहाल कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही चर्चा है। कांग्रेस एक सीट पर अपना दावा मजबूत तरीके से पेश कर रही है। पार्टी नेताओं ने कहा है कि गठबंधन के भीतर उसे एक सीट मिलनी चाहिए। हालांकि अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथ में है। हाल के दिनों में कांग्रेस नेताओं और मुख्यमंत्री के बीच कई दौर की बातचीत हुई है, लेकिन अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस की चिंता यह भी है कि यदि झामुमो दोनों सीटों पर दावा ठोक देता है तो पार्टी के लिए राजनीतिक संदेश अच्छा नहीं जाएगा।

इधर विपक्षी भाजपा के पास अपने दम पर राज्यसभा की एक सीट जीतने लायक संख्या नहीं है, फिर भी पार्टी ने उम्मीदवार उतारने का संकेत देकर सत्ता पक्ष की बेचैनी बढ़ा दी है। भाजपा नेतृत्व संभावित उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रहा है और राज्य इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को नामों का पैनल भी भेज दिया है। भाजपा का उद्देश्य केवल सीट जीतना नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष की एकजुटता की परीक्षा लेना भी है। यदि मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय होता है तो क्रास वोटिंग और राजनीतिक प्रबंधन की भूमिका बढ़ जाएगी।

झारखंड विधानसभा की वर्तमान स्थिति में एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए 28 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा माले को मिलाकर करीब 56 विधायक हैं। यानी सैद्धांतिक रूप से गठबंधन दोनों सीटें जीत सकता है। दूसरी ओर भाजपा और उसके सहयोगियों के पास इतनी संख्या नहीं है कि वे आराम से एक सीट निकाल सकें। यही वजह है कि चुनावी अंकगणित सत्ता पक्ष के पक्ष में दिखाई देता है। लेकिन राज्यसभा चुनावों में केवल संख्या बल ही निर्णायक नहीं होता। उम्मीदवार चयन, असंतुष्ट विधायक, व्यक्तिगत समीकरण और रणनीतिक मतदान भी परिणाम को प्रभावित करते हैं। झारखंड में राज्यसभा चुनाव का इतिहास विवादों, क्रास वोटिंग और राजनीतिक उलटफेर से भरा रहा है। राज्य गठन के बाद कई बार ऐसे चुनाव हुए हैं, जिनमें घोषित राजनीतिक लाइन से हटकर मतदान हुआ। कुछ चुनावों में तो विधायकों की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल भी उठे और जांच एजेंसियों तक को हस्तक्षेप करना पड़ा।

यही वजह है कि संख्या बल में बढ़त होने के बावजूद सत्तारूढ़ गठबंधन पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। झामुमो नेतृत्व पहले ही चुनाव आयोग से राज्यसभा चुनाव के दौरान संभावित "हार्स ट्रेडिंग" पर नजर रखने की मांग कर चुका है। यदि भाजपा उम्मीदवार उतारती है और मुकाबला होता है तो प्रत्येक वोट की अहमियत बढ़ जाएगी।

इस चुनाव का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू उम्मीदवारों का चयन है। कांग्रेस के भीतर कई नेता दावेदारी कर रहे हैं और दिल्ली तक लाबिंग चल रही है। दूसरी तरफ झामुमो भी अपने राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखकर नाम तय करना चाहता है। भाजपा भी ऐसा चेहरा तलाश रही है जो राजनीतिक रूप से संदेश देने के साथ-साथ अतिरिक्त समर्थन जुटाने की क्षमता रखता हो। यह चुनाव बताएगा कि विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करने के बाद झामुमो-कांग्रेस गठबंधन कितना संगठित है। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि विपक्ष के रूप में भाजपा राज्य की राजनीति में कितनी प्रभावी चुनौती पेश कर पा रही है।

आंकड़ों के आधार पर देखें तो दोनों सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन की झोली में जाती दिखाई देती हैं। लेकिन झारखंड की राजनीतिक परंपरा और राज्यसभा चुनावों का इतिहास यह बताता है कि अंतिम परिणाम आने तक किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि रांची से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं और राज्यसभा का यह चुनाव आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति का सबसे बड़ा आकर्षण बन गया है।

जागरण जनमत कल का परिणाम

**क्या ममता बनर्जी पहले जैसी राजनीतिक अहमियत हासिल कर पाएंगी?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या सूर्य कुमार यादव को टी-20 टीम की कप्तानी से हटाना सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

शिंदे जी की प्रेरणा बहुत आ रही काम,
ममता दीदी का हुआ उससे काम तमाम।
उससे काम तमाम हार का झेला झटका,
आज विधायक साठ दे गए उनको फटका।
दीदी के जब रास न आए फर्जी धंधे,
हुई बगावत तेज बन गए साथी शिंदे!

-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

# युवाओं को नशे से मिले मुक्ति

तंबाकू और निकोटीन से देश की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। युवा पीढ़ी के नशे की चपेट आने का दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। ऐसे में हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए



डा. शालिनी सिंह
निदेशक, राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान



नशे के सभी विकल्पों पर हो प्रहार। प्रतीकात्मक

हमारे देश में तंबाकू जनित नशे का जाल निरंतर फैलता जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही (31 मई) विश्व तंबाकू दिवस का आयोजन किया गया था। इस साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम थी- तंबाकू और निकोटीन की लत को आकर्षक बनाने की चाल को बेनकाब करना। यह थीम केवल तंबाकू उत्पादों के नुकसान की चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन तरीकों पर भी ध्यान केंद्रित करती है जिनके जरिये युवाओं और बच्चों को इन उत्पादों की ओर आकर्षित किया जाता है। पहली बार निकोटीन को भी बराबर की अहमियत दी गई है।

पिछले कुछ वर्षों में तंबाकू उद्योग की रणनीति में बड़ा बदलाव आया है। पहले चिंता मुख्य रूप से सिगरेट-बीड़ी-गुटखा जैसे पारंपरिक तंबाकू उत्पादों तक ही सीमित थी। अब निकोटीन आधारित कई नए उत्पाद सामने आ रहे हैं। इनमें ऐसे उत्पाद भी शामिल हैं जो देखने में पेन ड्राइव जैसे सामान्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों या कैंडी जैसे लगते हैं। इनका उद्देश्य निकोटीन की लत को नए स्वरूप में परोसना है। इसलिए आज तंबाकू के साथ-साथ निकोटीन पर भी ध्यान देना जरूरी हो गया है। समझना होगा कि अधिकांश लोग तंबाकू का उपयोग इसके बनावटी आकर्षण में शुरू करते हैं।

उद्योग की रणनीति साफ है- जितनी कम उम्र में कोई व्यक्ति इन उत्पादों का उपयोग शुरू करेगा, उतनी ही अधिक संभावना है कि वह लंबे समय तक उसका उपभोक्ता बना रहेगा। यही कारण है कि बच्चों और युवाओं को लक्ष्य रख कर मार्केटिंग की जाती है। इसके लिए आकर्षक पैकेजिंग, फ्रूटी, मिंट या कैंडी जैसे फ्लेवर, आधुनिक डिजाइन और डिजिटल प्रचार का उपयोग किया जाता है। युवाओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की जाती है कि ये उत्पाद आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं या पारंपरिक तंबाकू उत्पादों की तुलना में कम नुकसानदेह हैं। जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है।

निकोटीन एक अत्यधिक नशा पैदा करने वाला पदार्थ है। यह मस्तिष्क को प्रभावित करता है और व्यक्ति को बार-बार उसी अनुभव की तलाश में लौटने के लिए प्रेरित करता है। फ्लेवर और आकर्षक प्रस्तुति इस लत को छिपाने का काम करते हैं। युवा उपयोगकर्ता अक्सर यह समझ ही नहीं पाते कि वे धीरे-धीरे एक गंभीर लत की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के सामने चुनौती और भी जटिल है। हमारे यहां केवल सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, खैनी, जर्दा और अन्य चबाने वाले तंबाकू उत्पादों का भी व्यापक उपयोग होता है। यही कारण है कि भारत दुनिया में मुंह के कैंसर के सबसे बड़े बोझ वाले देशों में शामिल है। कई लोग यह भूल जाते हैं कि चबाने वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही खतरनाक हैं। ये सभी उत्पाद कैंसर के अलावा हृदय रोग, स्ट्रोक और कई अन्य बीमारियों का कारण बनते हैं।

तंबाकू उत्पादों के प्रचार पर कानूनी रूप से रोक है। लेकिन इंटरनेट मीडिया, प्रभावशाली व्यक्तियों, मनोरंजन कार्यक्रमों और सरोगेट विज्ञापनों के माध्यम से ये अपने उत्पाद नहीं, मगर ब्रांड का जमकर प्रचार करते हैं। ब्रांड का नाम, रंग, पैकेजिंग या उससे जुड़ी छवि लोगों के मन में जगह बना लेती है। इससे युवाओं के बीच इन उत्पादों की सामाजिक स्वीकार्यता बढ़ती है। जब कोई लोकप्रिय चेहरा किसी ब्रांड से जुड़ता है, तो युवा उसे भरोसेमंद और आकर्षक मानने लगते हैं। यह सामाजिक वैधता का संदेश भी देता है। सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत ने तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रानिक सिगरेट पर प्रतिबंध इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

इस दिशा में चुनौतियां भी बनी हुई हैं। आनलाइन बिक्री, डिजिटल प्रचार, नए निकोटीन उत्पादों की उपलब्धता और फ्लेवर आधारित ऐसे उत्पादों पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। कुछ परिस्थितियां बिल्कुल नई आ गई हैं और कुछ जगहों पर उद्योग ने कानून से बचने के चोर-दरवाजे तलाश लिए हैं। इसलिए यह भी देखना होगा कि कोटपा जैसे कानूनों में क्या सुधार की जरूरत है। साथ ही, हमें उन लोगों की भी मदद करनी होगी जो पहले से तंबाकू या निकोटीन की लत में फंसे हुए हैं। तंबाकू उद्योग चाहता है कि तंबाकू की लत छुड़ाने के लिए निकोटीन का ही सहारा लिया जाए और वही कंपनियां जो तंबाकू उत्पाद बनाती हैं, उसके विकल्प भी बना रही हैं। हमें गैर-निकोटीन आधारित विकल्प अपनाने होंगे।

तंबाकू और निकोटीन की लत केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है। यह देश की उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के निर्माण से जुड़ा प्रश्न है। यदि हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में रहेगी तो इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा। तंबाकू और निकोटीन के आकर्षक आवरण के पीछे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हैं। इस आवरण को हटाकर वास्तविकता सामने लाना और युवाओं को इस जाल से बचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

### वेदांता ने पांच साल में घटाया 25 लाख टन कार्बन उत्सर्जन

**नई दिल्ली:** वेदांता समूह के लौह अयस्क खनन और इस्पात कारोबार ने पिछले पांच वर्षों में विभिन्न स्थिरता पहलों के माध्यम से लगभग 25 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम किया है। कंपनी के कार्बन उत्सर्जन में कमी के प्रयासों में स्वच्छ प्रौद्योगिकी का उपयोग प्रमुख है। विद्युत चालित यात्री वाहन, पहिया लोडर व फोर्कलिफ्ट के इस्तेमाल से हर साल करीब 800 किलोलीटर डीजल की बचत हो रही है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है। (प्रेट्र)



भारत लगातार उच्च-विकास के दौर में है। अतीत में आए वैश्विक झटके भी घरेलू अर्थव्यवस्था को पटरी से नहीं उतार पाए हैं।
– शमिका रवि, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,360.01 | ▲ 13.84 | |
| निफ्टी | 23,416.55 | ▲ 10.95 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,60,300 | ▲ ₹ 700 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,65,700 | ▼ ₹ 3,800 |
| डालर | | ₹ 95.74 | ▼ ₹ 0.02 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 96.17 | |

## एक नजर में

### एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने गोल्ड ईटीएफ में निवेश रोका

**नई दिल्ली:** एचडीएफसी म्यूचुअल फंड अपने गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और गोल्ड ईटीएफ फंड आफ फंड में नए निवेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही एचडीएफसी इस तरह के सब्सक्रिप्शन पर रोक लगाने वाला पहला म्यूचुअल फंड हाउस बन गया है। फंड हाउस ने व्यापक आर्थिक और बाजार स्थितियों का हवाला देते हुए यह फैसला किया है। फंड हाउस ने कहा कि आठ जून से बड़े निवेशकों की ओर से सीधे एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ में किए जाने वाले सब्सक्रिप्शन ट्रांजेक्शन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (प्रेट्र)

### स्पेसएक्स ने 135 डालर तय किया शेयर का मूल्य

**नई दिल्ली:** अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) के लिए शेयर का मूल्य 135 डालर प्रति इकाई तय किया है। न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स 1.77 ट्रिलियन डालर के मूल्यांकन पर यह आइपीओ ला रही है और आइपीओ में कंपनी 74.4 अरब डालर जुटाएगी। कंपनी का नया मूल्यांकन फरवरी 2026 के 1.25 ट्रिलियन डालर की तुलना में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। (एएनआइ)

### मई माह में कच्चे स्टील का उत्पादन 2.9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली:** सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारत के स्टील सेक्टर ने मई में अपनी वृद्धि की रफ्तार बनाए रखी है। इस दौरान देश में कच्चे स्टील का उत्पादन 2.9 प्रतिशत बढ़कर 1.42 करोड़ टन रहा है। स्टील मंत्रालय के अनुसार, मई में तैयार स्टील का उत्पादन 1.39 करोड़ टन रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 7.7 प्रतिशत ज्यादा है। इसी तरह, पिछले महीने पूरे देश में तैयार स्टील की खपत 1.43 करोड़ टन रही है, जो मई 2025 की तुलना में नौ प्रतिशत ज्यादा है। (आइएएनएस)

# देश की पहली 100 प्रतिशत एथनाल कार लांच

## मारुति की नई वैगन आर ई20 से ई100 ईंधन पर चल सकेगी, फ्लेक्स फ्यूल को मिलेगा बढ़ावा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** भारतीय आटोमोबाइल बाजार की दो दिग्गज कंपनियों ने एलान कर दिया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों का युग शुरू होने से पहले फ्लेक्स फ्यूल का जमाना होगा। पिछले 24 घंटे में भारतीय कार बाजार में करीब 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली मारुति सुजुकी ने फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाली पहली कार (वैगन आर माडल) लांच की है। इससे पहले बुधवार को दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकार्प ने इस ईंधन से चलने वाली पहली मोटरसाइकिल को पेश किया था।

फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाले वाहन एथनाल और पेट्रोल की किसी भी मात्रा के मिश्रण से चलने में सक्षम होते हैं। मारुति सुजुकी की वैगन आर ई20 से ई100 (20 प्रतिशत एथनाल से लेकर 100 प्रतिशत एथनाल) से चल सकेगी, जबकि हीरो मोटोकार्प की दोनों बाइक ई85 ईंधन (85 प्रतिशत तक मिश्रित पेट्रोल) से चल सकेंगी। केंद्र सरकार ने भी इन दोनों कंपनियों की इस लांचिंग को ऐतिहासिक बताया गया है। दोनों कंपनियों के लांच कार्यक्रम में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि आटो कंपनियों की तरफ से एथनाल से चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहन देना सीधे तौर पर देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। साथ ही यह दिल्ली और दूसरे महानगरों में प्रदूषण को कम करने में भी योगदान देगा। वहीं गडकरी ने कहा, दो दिनों के अंदर दोपहिया और कार बाजार में इस तरह की लांचिंग के बाद देश में तेजी से एथनाल की मांग बढ़ने जा रही है। इससे देश में तेल आयात का बिल तो कम होगा ही साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की इकोनमी को भारी समर्थन मिलेगा। यह हमारे किसानों को आय का एक अतिरिक्त और टिकाऊ स्रोत प्रदान कर उन्हें देश के अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता के रूप में भी सशक्त बनाता है।

- हीरो मोटोकार्प भी लांच कर चुकी है ई85 ईंधन पर चलने वाली मोटरसाइकिल
- पेट्रोलियम मंत्री बोले-यह कदम देश को ऊर्जा क्षेत्र में बनाएगा आत्मनिर्भर




नई दिल्ली में गुरुवार को देश की पहली फ्लेक्स फ्यूल कार की लांचिंग पर मौजूद केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मारुति सुजुकी इंडिया के सीईओ हिसाशी ताकेउची ● प्रेट्र

अगले दो से तीन वर्षों में कंपनी के सारे माडल फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाले होंगे। इन मोटरसाइकिलों में आयातित पुर्जों का इस्तेमाल बहुत कम या ना के बराबर है, जो भारत की मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता को प्रदर्शित करता है। हम दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के सरकार के विजन के साथ हैं। **–हर्षवर्धन चिताले,** सीईओ, हीरो मोटोकार्प

फ्लेक्स फ्यूल ईंधन वाले वाहनों का असर सिर्फ आटोमोबाइल सेक्टर पर ही नहीं बल्कि यह कृषि, पर्यावरण, ग्रामीण इकोनमी से भी जुड़ा हुआ है। यह वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में मददगार साबित होगा। **–हिसाशी ताकेउची,** एमडी और सीईओ, मारुति सुजुकी

### 5,200 एथनाल स्टेशन बनाए जाएंगे

**नई दिल्ली, एएनआइ:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली-एनसीआर, पुणे, मुंबई और नागपुर में करीब 5,200 एथनाल स्टेशन शुरू करने जा रही है। मारुति-सुजुकी वैगनआर के फ्लेक्स-फ्यूल एडिशन के लांच पर पुरी ने कहा कि पहले ई-100 एथनाल स्टेशन बनाने की कोशिशें कामयाब नहीं हो पाई थीं, क्योंकि उस समय गाड़ियों के सही माडल उपलब्ध नहीं थे। पुरी ने उम्मीद जताई कि 2026 के अंत तक इस तरह के स्टेशनों की संख्या बढ़कर 500 हो जाएगी। सब कुछ उम्मीद के मुताबिक रहा तो दिसंबर 2027 के आखिर तक हम 5,000 की संख्या तक पहुंच जाएंगे।

# नए पोर्टल पर तलाश करें अपनी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्ति

वित्त मंत्रालय ने हाल ही में बिना दावे वाली संपत्तियों की खोज के लिए एक नया एकीकृत पोर्टल लांच किया है। इस एक ही पोर्टल पर बैंक जमा, बीमा दावे, शेयर और म्यूचुअल फंड्स की तलाश की जा सकती है। **मनोज कुमार** बता रहे हैं पोर्टल पर बिना दावे वाली संपत्ति की खोज...



### यह है प्रक्रिया

- पहले पोर्टल www.unclaimedassetsportal.in पर जाएं
- इस पोर्टल पर आप चार अलग-अलग सेक्शन मिलेंगे, इसमें बैंक जमा, बीमा दावा, शेयर, लाभांश और म्यूचुअल फंड्स शामिल हैं।
- अब जिस सेक्शन में खोज करना चाहते हैं, उसका चयन कर प्रक्रिया करें।

### म्यूचुअल फंड्स खोजने की प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपने पैन नंबर की जानकारी दें
2. इसके बाद ई-मेल या फोन नंबर की जानकारी दें
3. इसके बाद अपने मोबाइल पर आया वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) एंटर करें
4. अब एक नया पेज आएगा। यह सबसे ऊपर वाले बाक्स में अपना नाम एंटर करें।
5. इसके बाद दो अलग-अलग बाक्स में पैन नंबर, ई-मेल, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, बैंक खाता, घर का पता, नामिनी का नाम, शहर, पिन नंबर आदि जानकारी मांगी जाएगी। दोनों बाक्स में कोई एक जानकारी देकर प्रोसीड पर क्लिक करें।
6. अब आपके खोज के आग्रह को दर्ज कर लिया जाएगा। यहां पर आप अपने आग्रह को ट्रैक कर सकते हैं।
7. अगर आपका कोई म्यूचुअल फंड बिना दावे वाला है तो उसकी जानकारी मिल जाएगी।
8. इसी तरह अन्य प्रकार की संपत्ति की खोज के लिए संबंधित विकल्प का चयन करें और पोर्टल पर आवश्यक जानकारी देकर अपनी बिना दावे वाली संपत्ति की खोज कर सकते हैं।

### चार अलग-अलग पोर्टल्स का संयोजन

वित्त मंत्रालय की ओर से लांच किए गए इस नए पोर्टल पर चार अलग-अलग पोर्टल का संयोजन किया गया है। इसमें बैंक जमा की खोज के लिए आरबीआइ का 'उद्गम', बीमा दावों की खोज के लिए बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) का 'बीमा भरोसा', केफिनटेक व सीएएमएस की ओर से संचालित 'एमएफ सेंट्रल' और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय की ओर से संचालित 'इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथारिटी' (आईईपीएफ) पोर्टल शामिल हैं।

यह पोर्टल एक ही प्लेटफार्म पर कई खोज सुविधाओं तक पहुंच उपलब्ध कराकर नागरिकों की सुविधा को बेहतर बनाएगा और व्यक्तियों को उनकी वैध वित्तीय संपत्तियों से फिर से जोड़ने की दिशा में चल रहे प्रयासों को मज़बूत करेगा। यह पोर्टल एक अधिक सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित वित्तीय इकोसिस्टम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
**–एम नागराजू,** वित्तीय सेवा विभाग के तत्कालीन सचिव

# मई में गोल्ड ईटीएफ में दर्ज की गई शुद्ध निकासी

**मुंबई, रायटर:** एक साल में पहली बार मई में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में पहली बार शुद्ध मासिक निकासी दर्ज की गई। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि निवेशकों ने कीमतों में आई तेजी के बाद मुनाफावसूली की। कीमतों में यह तेजी ज्यादा आयात शुल्क के कारण आई थी। इस निकासी से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता देश में आयात की मांग कम हो सकती है। इससे व्यापार घाटा कम करने और एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी में से एक रुपये को सहारा देने में मदद मिलेगी।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, मई में गोल्ड ईटीएफ में 6.1 करोड़ डालर की शुद्ध निकासी दर्ज की गई, जिससे कुल होल्डिंग घटकर 116.3 टन रह गईं। मई में निकासी के




बावजूद इस साल अब तक गोल्ड ईटीएफ में 3.48 अरब डालर का शुद्ध निवेश हुआ है। 13 मई को, भारत ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। यह कदम इन कीमती धातुओं की खरीद को रोकने और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने के प्रयासों के तहत उठाया गया था। इस घोषणा के बाद, घरेलू सोने की कीमतें बढ़कर 164,497 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं, जो दो महीने से भी ज़्यादा समय में इनका उच्चतम स्तर था।

# विदेशी निवेशकों को सरकारी बांड में निवेश करने पर नहीं देना होगा कैपिटल गेन टैक्स

**मुंबई, रायटर:** सरकारी बांड में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश पर कैपिटल गेन टैक्स खत्म किया जा सकता है। इससे विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, सरकार रुपये पर पड़ रहे दबाव का मुकाबला करने के लिए विदेशी पूंजी आकर्षित करना चाहती है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेश की निकासी के चलते वर्ष 2026 की शुरुआत से अब तक रुपया पांच प्रतिशत से ज्यादा कमजोर हुआ है।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा कि टैक्स में किसी भी तरह की ढील से निवेश प्रवाह को कुछ हद तक मदद मिलेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात में यह कोई जादुई उपाय साबित नहीं होगा, लेकिन मध्यम अवधि में यह फैसला सकारात्मक साबित हो सकता है। विदेशी निवेशकों को सूचीबद्ध शेयरों और बांड (जिसे उन्होंने 12 महीने से ज्यादा समय तक अपने पास रखा है) पर 12.5% की दर से लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना पड़ता है।

एक सूत्र ने यह भी बताया कि सरकारी बांड से होने वाली ब्याज आय पर विदेशी निवेशकों द्वारा चुकाया जाने वाला 20% का विदहोल्डिंग टैक्स भी हटाया जा सकता है। विदहोल्डिंग टैक्स को टीडीएस का ही एक रूप माना जा सकता है। इसके तहत किसी व्यक्ति या कंपनी को भुगतान करते समय पूरा पैसा देने के बजाय टैक्स का एक हिस्सा काटकर सीधे सरकार के खाते में जमा कर दिया जाता है।

- विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार जल्द ले सकती है फैसला
- 2026 की शुरुआत से अब तक रुपया पांच प्रतिशत से ज्यादा हुआ है कमजोर



बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय फलक

# 75 लाख घरों में रूफटाप सोलर पावर लगाने का लक्ष्य करेंगे हासिल: जोशी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत दिसंबर तक 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत 75 लाख घरों में रूफटाप सोलर पावर लगाने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। अभी 41 लाख घरों में रूफटाप सोलर पावर लग चुका है।

सरकार ने फरवरी 2024 में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की थी, जिसके लिए 75,021 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। इस योजना का मकसद रूफटाप सोलर सिस्टम लगाना और एक करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देना है। इस योजना के तहत 2 केडब्ल्यू तक के सिस्टम की लागत का 60 प्रतिशत और दो से तीन केडब्ल्यू क्षमता वाले सिस्टम की अतिरिक्त लागत का 40 प्रतिशत केंद्र सरकार की ओर से आर्थिक मदद के तौर पर दिया जाता है। यह आर्थिक मदद तीन केडब्ल्यू तक सीमित है। इस योजना के लाभार्थियों को एक केडब्ल्यू



प्रल्हाद जोशी। फाइल

के लिए 30 हजार रुपये, 2 केडब्ल्यू सिस्टम के लिए 60,000 रुपये और 3 केडब्ल्यू या उससे ज्यादा क्षमता वाले सिस्टम के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है। जोशी ने कहा, "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से बदलाव ला रही है। पिछले दो सालों में, इस योजना के तहत 40 लाख घरों में सोलर पावर लगाने का मील का पत्थर पार कर लिया गया है। 65 लाख से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं और अगले सात महीनों में 75 लाख घरों का लक्ष्य रखा गया है, जिस तेजी से लोग इसे अपना रहे हैं, वह सचमुच बेमिसाल है।"

# जेट ईंधन का बेंचमार्क 115 रुपये प्रति लीटर तय किया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** घरेलू विमानन कंपनियां मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत तीन साल तक 86.32 रुपये प्रति लीटर की तय कीमत पर विमानन ईंधन (एटीएफ) खरीद सकेंगी। इस योजना का मकसद विमानन कंपनियों और यात्रियों को वैश्विक ईंधन की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि से बचाना है।

इस स्वैच्छिक योजना के तहत विमानन कंपनियों को तय बेंचमार्क कीमत के अतिरिक्त एयरपोर्ट शुल्क, तेल कंपनियों का मार्जिन और लागू टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। इससे दिल्ली में एटीएफ की प्रभावी बिक्री कीमत लगभग 115 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में 114.5 रुपये और चेन्नई में 139 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। इस बेंचमार्क की तुलना दिल्ली में एटीएफ की मौजूदा प्रभावी कीमत (लगभग 105 रुपये प्रति लीटर) से की जा सकती है। यह कीमत दो महीने से ज़्यादा समय से स्थिर बनी हुई है, क्योंकि सरकार ने फरवरी के आखिर में पश्चिम एशिया में शुरू हुए संघर्ष के कारण वैश्विक ईंधन की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी का बोझ एयरलाइंस पर पूरी तरह से नहीं डाला था।

- एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत विमानन कंपनियों को तीन साल तक इस कीमत पर मिलेगा ईंधन



प्रतीकात्मक

जो विमानन कंपनियां इस योजना को चुनेंगी, उन्हें दिल्ली में 115 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से एटीएफ मिलेगा। वहीं जो एयरलाइंस इस योजना को नहीं चुनेंगी, उनसे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय दर (लगभग 142 रुपये प्रति लीटर) के हिसाब से कीमत वसूली जाएगी। यह कदम केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर किए गए 10,000 करोड़ रुपये के 'एयरलाइंस के लिए ईंधन कीमत स्थिरीकरण कार्यक्रम' का एक हिस्सा है। इसके तहत, सरकारी तेल कंपनियों को वित्तीय सहायता दी जाती है ताकि एटीएफ की कीमतों को सीमित रख सकें और एयरलाइंस को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण ईंधन की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से बचा सकें। इस योजना के तहत तेल कंपनियों को एक बार में 10 हजार करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त अग्रिम भुगतान दिया जाएगा। इससे वे घरेलू विमानन कंपनियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के परिचालन के लिए जेट ईंधन की आपूर्ति एक तय कीमत पर कर सकेंगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निदेशक रोहित राज ने बताया कि घरेलू परिचालन के लिए फ्री आन बोर्ड (एफओबी) स्तर पर बेंचमार्क कीमत 86.32 रुपये प्रति लीटर और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए 104.49 रुपये प्रति लीटर तय की गई है। एयरपोर्ट शुल्क, मार्जिन व लागू टैक्स जोड़ने के बाद, दिल्ली में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह के परिचालन के लिए प्रभावी बिक्री कीमत लगभग 115 रुपये प्रति लीटर बैठती है।

# अर्थव्यवस्था में साझा सहयोग पर जोर, कापीराइट में एआइ दखल पर चिंता




वाराणसी के होटल ताज में गुरुवार से शुरू हुई ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दो दिवसीय बैठक में शामिल प्रतिनिधिमंडल। जागरण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी**

ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन गुरुवार को सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए साझा प्रयासों पर जोर दिया।

बैठक में कापीराइट संरक्षण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के बढ़ते दखल को लेकर भी चिंता जताई गई। प्रतिनिधियों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने, सामाजिक एकता मजबूत करने और डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आपसी सहयोग की जरूरत बताई। होटल ताज में हो रही बैठक की अध्यक्षता संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने की। बैठक में सदस्य देशों ने अपनी सांस्कृतिक प्राथमिकताओं, रचनात्मक अर्थव्यवस्था को लेकर किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसकी वैश्विक पहचान मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। पहले पैनल में रचनात्मक अर्थव्यवस्था में जनभागीदारी, नवाचार और साझेदारी पर चर्चा हुई।

# कंपनी को पक्षकार बनाए बिना निदेशकों पर नहीं चलेगा चेक बाउंस का मुकदमा: हाई कोर्ट

**विधि संवाददाता ● जागरण**

**लखनऊ:** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चेक बाउंस से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि चेक किसी कंपनी की ओर से जारी किया गया है, तो उस कंपनी को मुकदमे में पक्षकार बनाए बिना केवल उसके निदेशकों के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा-138 के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने कहा कि कंपनी एक स्वतंत्र विधिक इकाई होती है और उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना निदेशकों को अभियोजन का सामना नहीं कराया जा सकता।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने रामपाल सिंह और दो अन्य की ओर से दाखिल धारा-482 सीआरपीसी की याचिका स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट की ओर से 22 अगस्त 2017 को जारी तलबी आदेश, 15 मई 2018 को जारी गैर-जमानती वारंट और पूरे परिवाद की कार्यवाही को रद कर दिया। मामले के अनुसार लक्ष्मी नारायण पांडेय ने वर्ष 2014 में धारा-138 एनआइ एक्ट के तहत शिकायत दाखिल की थी। शिकायत में कहा गया था कि महालक्ष्मी पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से 1.73 करोड़ रुपये का चेक जारी किया गया था। बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। इसके बाद कंपनी के निदेशकों रामपाल सिंह, विनोद सिंह और विजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि संबंधित समझौता दो कंपनियों के बीच हुआ था व विवाद भी उन्हीं के बीच का था। चेक कंपनी की ओर से जारी किया गया था, लेकिन शिकायतकर्ता ने न तो कंपनी को मुकदमे में आरोपित बनाया और न ही उसे धारा-138 के तहत विधिक नोटिस भेजा। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णय का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि कंपनी को आरोपित बनाए बिना केवल निदेशकों के खिलाफ धारा-138 की कार्यवाही नहीं चल सकती।

- लखनऊ खंडपीठ को आदेश, गैर-जमानती वारंट व कार्यवाही की रद
- कहा, कंपनी की उपस्थिति व वैधानिक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य



इलाहाबाद हाई कोर्ट। फाइल

## कोडशेयर साझेदारी के लिए एअर इंडिया और रियाद एयर ने किया समझौता

**मुंबई, प्रेट्र:** एअर इंडिया और सऊदी अरब की विमानन कंपनी रियाद एयर ने कोडशेयर साझेदारी और इंटरलाइन व्यवस्था के लिए प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य ऐसी साझेदारी करना है जिससे यात्री दोनों एयरलाइनों के नेटवर्क में निर्बाध यात्रा कर सकें। नियामकीय स्वीकृतियों के बाद यह समझौता लागू होगा।

इंटरलाइन और कोडशेयर व्यवस्था से यात्री एक ही बुकिंग से दोनों एयरलाइंस के नेटवर्क पर निर्बाध यात्रा कर सकेंगे। दोनों एयरलाइनें पारस्परिक लायल्टी प्रोग्राम, कार्गो सेवाएं, परिचालन सहायता और डिजिटल और प्रौद्योगिकी पहलों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगी। रियाद एयर के सीईओ टोनी डगलस ने कहा, भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विमानन बाजारों में से एक है। साथ मिलकर हम यात्रियों को सहज, विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगे।

# आरईएल का कारपोरेट ढांचा काफी पेचीदा

प्रथम पृष्ठ से आगे

सेबी ने साफ कहा कि आरईएल का कारपोरेट ढांचा बहुत ही पेचीदा है और इसने अपने वित्तीय लेन-देन के संदर्भ में मांगे गए प्रपत्रों में बहुत ही कम ही उपलब्ध कराए। कई लेन-देन के दस्तावेज अधूरे या गायब थे। सैंपल टेस्टिंग में सिर्फ दो प्रतिशत से 35 प्रतिशत लेन-देन ही पूरी तरह सत्यापित हो सके। उल्लेखनीय यह है कि इस स्विस कंपनी का अधिग्रहण राजेश एक्सपोर्ट्स ने वर्ष 2015 में 40 करोड़ डालर में किया था। कंपनी के प्रवर्तक राजेश मेहता पर व्यक्तिगत खातों में फंड रूटिंग और अन्य अनियमितताओं के आरोप भी लगे हैं। सेबी ने इसे अत्यंत गंभीर और अभूतपूर्व करार दिया है।

**प्रमोटर को कंपनी के शेयरों में कारोबार से रोका:** सेबी ने राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के प्रमोटर और उसके चेयरमैन व प्रबंध निदेशक राजेश मेहता को कंपनी के शेयरों में कारोबार करने से रोक दिया है। साथ ही राजेश एक्सपोर्ट्स और मेहता को जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करने और सभी जरूरी दस्तावेज व स्पष्टीकरण 30 दिन में पेश करने का भी निर्देश दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे आगे की जांच के लिए नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथारिटी को भेजा गया है। नए फोरेंसिक आडिट के आदेश भी दिए हैं।

**विदेश स्थित सब्सिडियरी के स्टेटमेंट्स से नहीं हुआ मिलान:** 'प्रेट्र' ने सेबी के हवाले से बताया कि आरईएल ने चार वर्ष की अवधि में लगभग 15.18 लाख करोड़ रुपये का समेकित (कंसोलिडेटेड) राजस्व दिखाया। इसमें से लगभग 15.15 लाख करोड़ रुपये (राजस्व का 99.8 प्रतिशत) का राजस्व सब्सिडियरी कंपनियों से जुड़ा था। लेकिन इसका ग्रुप की मुख्य सब्सिडियरी कंपनी वैलकैम्बी-एसए के आडिट किए गए फाइनेंशियल स्टेटमेंट से मिलना नहीं हो सका। कीमती धातुओं की रिफाइनर वैलकैम्बी-एसए रिफाइनिंग सेवाओं और सोना-चांदी के ब्रांडेड उत्पादों की बिक्री से राजस्व कमाती है। लेकिन स्विस कानून के तहत तैयार एवं केपीएमजी-एसए द्वारा आडिट खातों में सिर्फ प्रसंस्करण या मूल्य संवर्धन के जरिये ही राजस्व दर्ज है। सेबी ने इन आंकड़ों और राजेश एक्सपोर्ट्स व इसकी इंटरमीडियरी होल्डिंग कंपनी, ग्लोबल गोल्ड रिफाइनरीज (जीजीआर) द्वारा दर्ज राजस्व में बड़ा अंतर पाया। उदाहरण के लिए कैलेंडर वर्ष 2023 में वैलकैम्बी-एसए ने लगभग 543 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जबकि जीजीआर और आरईएल ने क्रमशः लगभग 2.93 लाख करोड़ और 2.81 लाख करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया। परिणामस्वरूप, वैलकैम्बी का राजस्व समेकित स्तर पर दर्ज राजस्व का 0.5 प्रतिशत से भी कम था। सेबी ने सवाल उठाया कि एक होल्डिंग कंपनी, जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र परिचालन गतिविधि नहीं है, वह कई लाख करोड़ रुपये का सकल लेन-देन कैसे दर्ज कर सकती है, जबकि उसकी आपरेटिंग सब्सिडियरी कंपनी स्वयं सिर्फ प्रसंस्करण शुल्क को ही राजस्व के रूप में दर्ज करती है।

हिन्दुस्तान 1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# स्वागत मानसून

मानसून भारत के लिए ताकत है, आधार है, इंतजार है और केरल में यह इंतजार पूरा हो गया है। तीन दिन की देरी से सही, गुरुवार 4 जून को मानसून ने भारत भूमि का स्पर्श कर लिया। आम तौर पर 1 जून को मानसून का पदार्पण हो जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है, 15 जून तक मानसून आधे से ज्यादा भारत को नहला देगा और 30 जून से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच जाएगा। बहरहाल, 23 मई से ही मानसून अरब सागर में ठिठका हुआ था और यहां कयास लगाए जा रहे थे कि इस साल बारिश कम होगी। सुपर अल नीनो का खतरा रहेगा। ऐसे में, मानसून के आने पर वैज्ञानिकों के लिए यह अध्ययन महत्वपूर्ण हो गया है कि इस बार बारिश कहां-कितनी होगी। जहां भारत में बारिश का इतिहास राज्य-दर-राज्य अलग रहा है, वहीं, कई बार सुपर अल नीनो का अनुमान भी गलत साबित हुआ है। भारत में लोग यही उम्मीद करेंगे कि इस बार भी सुपर अल नीनो जैसी कोई त्रासदी न घटित हो, खतरा किसी तरह से टल जाए। वैसे, मोटे तौर पर यही माना जा रहा है कि समग्रता में इस बार बारिश सामान्य से कम होगी, पर लोग भरपूर बारिश के लिए प्रार्थना, दुआ जरूर करेंगे।

अभी उन इलाकों में खुशी का माहौल है, जहां मानसून पहुंच गया है। संपूर्ण लक्षद्वीप, केरल, माहे, कर्नाटक और तमिलनाडु में बादल बरस रहे हैं। मंगलुरु, उदगमंडलम, कोडाइकनाल और थूथुकुडी को भी मानसून की खुशी नसीब हो चुकी है। अगले दो दिनों में मानसून पूरे गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु के अलावा महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के इलाकों में भी बरसने लगेगा। झारखंड, बिहार में 10 जून के बाद कभी भी मानसून प्रवेश कर सकता है, जबकि 20 जून से पहले मानसून उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाएगा। अनुमान यही है कि 8 जुलाई से पहले ही पूरे भारत में मानसून की वर्षा होने लगेगी। ध्यान रहे, विशाल भारत भूमि को पूरी तरह से कवर करने में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून को एक महीने का समय लग जाता है। वैसे, पिछले वर्ष मानसून 24 मई को ही केरल पहुंच गया था, अतः इस बार लगभग 8 दिन की देरी वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय होनी चाहिए। बीती 15 मई को मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंच जाएगा। ऐसे अनुमान जब लगाए जाते हैं, तब आगे या पीछे चार दिन के उलटफेर को सामान्य माना जाता है। इस हिसाब से देखें, तो मानसून को 30 मई को केरल पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन वैज्ञानिक अनुमान एक बार फिर गलत साबित हुआ है। यह भी अपने आप में अध्ययन का विषय है कि मौसम का मिजाज वैज्ञानिकों की पकड़ में क्यों नहीं आ रहा है? क्या इसके लिए अल नीनो या सुपर अल नीनो जैसी स्थितियां जिम्मेदार है? वैज्ञानिकों को सचेत रहना होगा, ताकि उनका ज्ञान-अनुमान देश और उसके लोगों के काम आए।

**मानसून के आगमन पर हमें पूरी संवेदना और सजगता का परिचय देना चाहिए। यह बड़े पैमाने पर जल संरक्षण और पौधरोपण का सर्वश्रेष्ठ समय है।**

फिलहाल, मानसून के आगमन पर लोगों को भी सामूहिक रूप से संवेदना और सजगता का परिचय देना चाहिए। यह बड़े पैमाने पर जल संरक्षण के उपाय करने के साथ ही, पेड़-पौधे लगाने का भी श्रेष्ठ समय है। जिन शहरों में जल भराव या जल निकासी की समस्या है, वहां बचाव और सफाई के लिए काम तेज हो जाने चाहिए। कहीं जल निकासी के मार्ग अवरुद्ध तो नहीं हैं? ध्यान रहे, मानसून हमें हमारी जरूरत का 82 प्रतिशत पानी दे जाता है, पर उसके 60 प्रतिशत से भी ज्यादा जल को हम सहेज नहीं पाते हैं। आइए, हम अपने जलाशयों को ज्यादा से ज्यादा जल संजोने के लिए तैयार कर मानसून का मान रखें।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 05 जून, 1951

### काश्मीर अभीष्ट मार्ग पर

काश्मीर नेशनल कानफरेंस ने एक बार फिर संविधान सभा आयोजित करने का संकल्प दुहरा दिया है। सुरक्षा परिषद की अवांछित कार्रवाई का यह एक दृढ़तापूर्ण उत्तर है। दूसरी ओर, भारत के प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने भी सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को उत्तर देते हुए अप्रत्यक्षतः सूचित किया है कि भारत काश्मीर में संविधान सभा के आयोजन को रोकने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद में इस विषय पर भारत का रुख स्पष्ट किया जा चुका है। भारतीय रुख इस प्रकार हैः- 'भारत काश्मीर को, जो इस समय भारतीय धारा सभा का एक घटक-राज्य है, ऐसे अधिकार से वंचित नहीं कर सकता, जिसे भारतीय संविधान में स्पष्टतः स्वीकार कर लिया गया है।'

लगभग तीन वर्ष की कार्रवाइयों के बाद भी, जिनमें कम से कम दो बार संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान को आक्रमणकारी ठहराया, सुरक्षा परिषद के वर्तमान रुख से अब किसी न्याय-प्रेमी को शंका नहीं रहनी चाहिए कि सुरक्षा परिषद काश्मीर में भारत-विरोधी निर्णय करने को आतुर है। इसका एक नया प्रमाण परिषद की वर्तमान बैठकों से उपलब्ध है। जिस बैठक में पाकिस्तानी प्रवक्ताओं के पत्रों पर विचार किया गया, उसकी अस्थायी विषय-सूची नियमानुसार तीन दिन पूर्व सदस्यों के पास नहीं भेजी गयी और पत्रों पर एकाएक विचार कर लिया गया। यह कार्रवाई जितनी शंकास्पद है, उतनी ही स्पष्ट भी है। आरम्भ से लेकर अब तक इसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण प्रवृत्तियां देखती देखती काश्मीर की जनता हताश हो चुकी है। कम से कम कहा जाये तो अब सुरक्षा परिषद पर उसका कोई विश्वास नहीं रह गया और वह पसन्द करेगी कि उसका प्रश्न कल के बदले आज ही परिषद से वापस ले लिया जाये। अतएव उसने पंच-निर्णय के प्रस्ताव को 'पूर्णतः अस्वीकार' कर दिया है। नेशनल कानफरेंस के प्रस्ताव में उचित ही कहा गया है कि 'चालीस लाख जनता के भाग्य का निर्णय एक व्यक्ति की 'सनक' पर नहीं छोड़ा जा सकता।'

कानफरेंस के अधिवेशन में भाषण करते हुए काश्मीर के नेता और मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहाः भारत ने हमारे आदर्शों और आत्म निर्णय के अधिकार का पोषण किया है और संविधान द्वारा हमें वह स्वतन्त्रता प्रदान की है, जिससे हम अपना अधिकतम विकास कर सकते हैं।

# भविष्य के लिए वर्तमान को बचाइए

**धरती समझौते नहीं करती। वह सिर्फ संकेत भेजती है- पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्री जल-स्तर, तापमान वृद्धि और भयावह वनाग्नि के रूप में। विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष :**




अनिता भटनागर जैन | पूर्व आईएएस अधिकारी



लखनऊ में पारा के 47 डिग्री पार करने पर जब सारे कारगर उपाय निष्फल हो गए, तब हमने 'सोलर रिफ्लेक्टिव प्रूफ टाइल' के बारे में पता किया। अनायास ही दादी की कही बात याद आ गई- भविष्य में आसमान से आग बरसेगी और सब खत्म हो जाएगा। मेरी बाल बुद्धि को तब यह बात समझ में नहीं आई, मगर आज यह प्रत्यक्ष देखने को मिल रही है।

समस्त पश्चिमी यूरोप में वसंत ऋतु होने के बावजूद प्रचंड लू जारी है। 22 अप्रैल, 2026 को एक नया अप्रिय कीर्तिमान स्थापित हुआ कि दुनिया के 50 सबसे अधिक तापमान वाले शहर भारत में हैं। मई में विभिन्न स्थानों पर 47 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज हुआ। इनमें से उत्तर प्रदेश के बांदा में करीब 1,400 ट्रांसफर्मर को असहनीय तापमान में जलने से बचाने के लिए उन पर पानी डालना पड़ा। कई शहरों में विद्युत सब-स्टेशन पर पीएसी तैनात करनी पड़ी, मानो दंगे की आशंका हो। कई जगहों पर दिन में कर्फ्यू-सा सन्नाटा था। कुछ जगहों पर तो एलईडी रोशनी में रात्रि-खेती की जा रही। कभी-कभी लगता है, यह कोई भयावह स्वप्न है।

आज पर्यावरण दिवस है। करोड़ों की संख्या में पौधरोपण के नए कीर्तिमान बनेंगे। तमाम समारोहों में संसाधनों का अपव्यय होगा और अनगिनत प्लास्टिक का उपयोग होगा। बहुत से वक्ता कहेंगे, 'हमें पर्यावरण भविष्य की पीढ़ी के लिए बचाना है।' जी नहीं, अब वह समय निकल चुका है, अब तो आज की पीढ़ी के लिए इसे बचाना है। अच्छी बात है, 'यूएनईपी' द्वारा 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई है। इस वर्ष की थीम है 'जलवायु कार्रवाई- प्रकृति से प्रेरित, हमारी जलवायु और भविष्य के लिए।'

भारतीय संस्कृति तो सदा से प्रकृति-प्रेरित रही है। यहां वृक्षों की पूजा, जैसे आंवला नवमी, पीपल पूर्णिमा, तुलसी विवाह जैसे त्योहार हैं। हमारे देवी-देवताओं के वाहन भी पशु-पक्षी ही हैं, यानी मनुष्य व अन्य जीवों का सह-अस्तित्व। नदियों को तो यहां मैया कहा ही जाता है। *भागवत पुराण* में उल्लेख है कि भगवान कृष्ण ने अपने अनुयायियों को इंद्रदेव के अतिरिक्त प्रकृति की भी पूजा करने को कहा। आज इस सोच और आचरण में जमीन-आसमान का अंतर है। 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' आम बात हो गई है, क्योंकि अनियंत्रित विकास से जीव-जंतुओं के घर, यानी वन समाप्त होते जा रहे हैं। शरद और ग्रीष्म ऋतु के बीच की मनोहारी वसंत ऋतु तो अब लगभग समाप्त हो गई है। कम फूलों के कारण पराग न मिलने से मधुमक्खियों ने अनेक स्थानों पर आक्रमण करना शुरू कर दिया है।

पर्यावरण विशेषज्ञ रिचर्ड महापात्रा की मानें, तो जलवायु परिवर्तन इस शताब्दी का अस्तित्वगत खतरा है। इसके कारण वैश्विक गरीबी में साल 2030 तक तीन प्रतिशत कमी का लक्ष्य कई दशकों में भी पूरा नहीं हो सकेगा। विश्व की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी जलवायु संबंधी चरम घटनाओं से प्रभावित है और उनमें भी सबसे अधिक निर्धन वर्ग असुरक्षित है।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, लू के बढ़ते दिनों के कारण आने वाले समय में भारत में धान का उत्पादन 40 प्रतिशत तक घट सकता है। हमारे देश में 70 प्रतिशत कैलोरी तो चावल से ही प्राप्त होती है, तो इसका परिणाम हम सब पर पड़ेगा। गेहूं का उत्पादन भी 34 प्रतिशत तक गिरने की आशंका है। जलवायु परिवर्तन से मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। सेहत की एक नई चुनौती 'इको घबराहट' है, जो उन लोगों में पाई जा रही है, जिनका जीवन-यापन, निवास स्थान बदलती हुई जलवायु से प्रभावित हो रहा है। युवा पीढ़ी में अपने भविष्य को लेकर असामान्य चिंता है कि उनके जीवन-काल में यह पृथ्वी रहने लायक रहेगी या नहीं?

फिर हम किसे झुठला रहे हैं? अपने आप को? प्रगति के आकलन के लिए आंकड़े आवश्यक हैं, पर क्या फर्जी आंकड़ों व रैंकिंग का कोई दीर्घकालीन परिणाम है? हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण के नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। यदि अधिकांश रोपित पौधे जीवित रहते, तो जलवायु में सुधार कुछ वर्षों में ही परिलक्षित हो जानी चाहिए थी।

बीते 27 वर्षों से यह लेखिका पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी रही है और लगभग सात लाख विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ सतत जीवन शैली पर 'इंटरेक्टिव सेशन' ले चुकी है। इसी क्रम में एक विद्यार्थी की सुंदर पर्यावरण परियोजना को देखकर जब उससे पूछा गया कि परियोजना में दर्शायी गई किस बात को उसने अपने जीवन में अपना रखा है? तो उसने बेलाग कहा, 'मैम, कोई नहीं। यह तो केवल एक परियोजना है अच्छे नंबर पाने के लिए।' जब तक बड़े लोग, समाज के प्रतिष्ठित, विख्यात व्यक्ति अपने आचरण में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता नहीं दर्शाएंगे, तब तक बच्चों का ज्ञान तो कागजी ही रहेगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों पर दिए जा रहे अनुदान के फलस्वरूप अब ईवी वाहन समस्त वाहनों का सात प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी निजी वाहनों का लक्ष्य है। गौर करने की बात यह है कि इनमें से कितने इलेक्ट्रिक वाहन 'क्लीन एनर्जी' से संचालित हैं, वरना केवल प्रदूषण का स्थान बदलेगा। प्रकृति हमें संतुलन सिखाती है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'पृथ्वी के पास मनुष्य की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन है, परंतु उसकी लोलुपता के लिए नहीं।' आज के भौतिकवादी युग में खरीदारी एक मनोवैज्ञानिक बीमारी सी हो गई है। प्रकृति दूसरों को देना सिखाती है, जो हमारी संस्कृति की मूल विचारधारा रही है, पर आज पूरा ध्यान 'मैं' पर केंद्रित है।

धरती बहस या समझौते नहीं करती। वह सिर्फ संकेत भेजती है- पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्री जल-स्तर, भयावह वनाग्नि, असहनीय तापमान और चरम जलवायु घटनाओं के रूप में। ये संदेश अब सशक्त हो गए हैं। दशकों से दुनिया जलवायु परिवर्तन की बात सुनती आ रही है- चेतावनी, लक्ष्य, दूर की समय-सीमा। यह प्रतिक्रिया प्रायः शोरगुल से घिरी रही है- निर्णय व कार्यान्वयन में देरी करना, ध्यान भटकाना और कुछ लोगों द्वारा तो खारिज कर देना।

अब विनाश सामने है, तो क्या हम जागेंगे? क्या हम व्यक्तिगत और सामुदायिक रूप से वृक्ष लगाएंगे और उनका ध्यान रखेंगे? क्या हम जीवन शैली के चार जादुई मंत्रों- 'रिफ्यूज-रिड्यूस-रीयूज और रिसाइकिल' को अपने दैनिक आचरण का हिस्सा बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाएंगे? क्या बड़े अपने आचरण से बच्चों को प्रेरित करेंगे? क्या हम समाधान का हिस्सा हैं या 'अपनी पृथ्वी अपना घर' के विनाश के मूकदर्शक? निर्णय तो हमें ही करना होगा।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# ट्रंप अरब देशों पर अब्राहम समझौता थोप न पाएंगे




औसाफ सईद | पूर्व राजनयिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मई 2026 के आखिर में एक प्रस्ताव रखा कि ईरान समेत सभी अरब और इस्लामी देश अनिवार्य रूप से अब्राहम समझौते में शामिल हों। यह शर्त पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने के बजाय वाशिंगटन की राजनीति को बेनकाब करती है। अब्राहम समझौता 2020 में अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ ऐतिहासिक कूटनीतिक समझौता है, जिसके तहत इजरायल और कई अरब- मुस्लिम देशों के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी को खत्म करके औपचारिक राजनयिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध स्थापित किए गए हैं।

तथ्य यह है कि ट्रंप जिन देशों को इसमें शामिल करना चाहते हैं, उनमें से आधे दशकों से इजरायल के साथ कूटनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। ये देश हैं, मिस्र, जॉर्डन और तुर्किये। वहीं सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान जैसे देशों ने साफ कर दिया है कि मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा करने का उनका कोई इरादा नहीं है। यूएई, बहरीन, मोरक्को व सूडान तो अमेरिकी सुरक्षा और आर्थिक प्रलोभनों के कारण पहले से ही इजरायल के साथ हैं। इसलिए ट्रंप का यह दांव भले वाशिंगटन के मुफीद हो, पर पश्चिम एशिया में इसका असर उल्टा होगा।

**फलस्तीन को अनदेखा नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय आम सहमति के बिना बनी शांति, बस दिखावा होगी व दिखावे ज्यादा दिन नहीं टिकते।**

इस प्रकरण में सऊदी अरब का रुख सबसे अहम व सुसंगत रहा है। रियाद पिछले चार सालों से लगातार दोहराता आ रहा है कि संबंध सुधारने के लिए फलस्तीनी राष्ट्र-निर्माण की दिशा में पहल जरूरी है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का यह रुख अडिग है। हालांकि, दक्षिणपंथी इजरायल सरकार फलस्तीनी राष्ट्र की कट्टर विरोधी है। 28 मई को जब ट्रंप अरब नेताओं पर इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का दबाव डाल रहे थे, तभी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी फौज को गाजा पट्टी का 70 प्रतिशत हिस्सा कब्जे में लेने का निर्देश दिया है। यह हमास के साथ अक्तूबर 2025 में हुए संघर्ष-विराम समझौते का उल्लंघन था, जिसके तहत इजरायल को गाजा की सिर्फ 53 प्रतिशत जमीन आवंटित की गई थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या इजरायल को पूरा गाजा ले लेना चाहिए, तो उनका जवाब था- पहले 70 प्रतिशत। पाकिस्तान ने इस समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया। कतर ने इसे खारिज कर दिया, तो तुर्किये ने अव्यावहारिक बता दिया।

सऊदी अरब में 81 प्रतिशत लोग इजरायल से रिश्ते सामान्य करने को खराब मानते हैं। अब्राहम समझौते में शामिल मोरक्को की स्थिति यह है कि 2022 में वहां की 31 प्रतिशत जनता ने इसे समर्थन दिया था, जो गाजा संघर्ष के बाद 13 प्रतिशत पर आ गया है। ट्रंप का फॉर्मूला नेताओं से यह उम्मीद करता है कि वे पहले रिश्ते सामान्य करें और फिर फलस्तीनी राष्ट्र की बात करें। जब ट्रंप ने कहा कि तेहरान शायद किसी दिन इन समझौतों में शामिल हो सकता है, तो ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इसे 'कोरी कल्पना' कहकर तुरंत खारिज कर दिया और कहा कि ईरान कभी भी 'किसी ऐसे कब्जे वाले शासन को मान्यता नहीं देगा, जिसने नरसंहार किया हो और बच्चों की हत्या की हो।' उल्टे तेहरान ने संघर्ष-विराम के किसी भी समझौते को सभी मोर्चों पर लड़ाई रोकने की शर्त से जोड़ दिया है।

यहां बड़ी परीक्षा नई दिल्ली की है। भारत ने इजरायल, यूएई समेत खाड़ी क्षेत्र के साथ बेहद सावधानी से संबंध विकसित किए हैं। इसकी यह रणनीति भारत-इजरायल-यूएई-अमेरिका साझेदारी और प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का आधार है। भारत के ईरान से भी पुराने संबंध हैं। भारत की नीति द्वि-राष्ट्र समाधान की है। ऐसे में, फलस्तीनी अधिकारों को हाशिये पर धकेलने वाला जबर्दस्ती का प्रस्ताव उसके हित में नहीं है। इस पूरे प्रकरण का सबक साफ है कि ट्रंप संबंध सामान्य बनाने को लेकर जितनी जोर-जबरदस्ती करेंगे, उतनी ही अपनी विदेश-नीति को बदनाम करेंगे। अमेरिकी सूत्रों ने पुष्टि की है कि ईरान के साथ अस्थायी ढांचा समझौता 31 मई तक राष्ट्रपति के पास लंबित था, जिसमें अब्राहम समझौते का कहीं कोई जिक्र नहीं था।

साफ है, संबंधों को स्थायी बनाना है, तो उसे थोपा नहीं जा सकता व फलस्तीन को अनदेखा नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय आम सहमति के बिना बनी शांति, बस दिखावा होगी और दिखावे ज्यादा दिन नहीं टिकते।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# विवेक बिना कैसा ज्ञान

*योगशास्त्र* के मतानुसार, आत्मा अविद्या के कारण प्रकृति के साथ संयुक्त हो गई है; प्रकृति के पंजे से छुटकारा पाना ही हमारा उद्देश्य है। यही सारे धर्मों का एकमात्र लक्ष्य है। प्रत्येक जीव अव्यक्त ब्रह्म है। बाह्य और अंतःप्रकृति को वशीभूत करके अपने इस ब्रह्म भाव को व्यक्त करना ही जीवन का लक्ष्य है। कर्म, उपासना, मनःसंयम अथवा ज्ञान, इनमें से एक, एक से अधिक या सभी उपायों का सहारा लेकर अपने ब्रह्म भाव को व्यक्त करो और मुक्त हो जाओ। बस, यही धर्म का सर्वस्व है। मत, अनुष्ठान-पद्धति, शास्त्र, मंदिर अथवा अन्य बाह्य क्रिया-कलाप तो उसके गौण ब्योरे मात्र हैं।

योगी मनःसंयम द्वारा इस चरम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयत्न करते हैं। जब तक हम प्रकृति के हाथ से अपना उद्धार नहीं कर लेते, तब तक गुलाम हैं; प्रकृति जैसा कहती है, हम उसी प्रकार चलने को लाचार होते हैं। योगी यह दावा करते हैं कि जो मन को वशीभूत कर सकते हैं, वे भूत को भी वशीभूत कर लेते हैं। अंतःप्रकृति बाह्य प्रकृति की अपेक्षा कहीं उच्चतर है और उस पर जय प्राप्त करना अत्यधिक कठिन है। इसीलिए जो अंतःप्रकृति को वशीभूत कर सकते हैं, सारा जगत उनके वशीभूत हो जाता है। वह उनका दास हो जाता है। राजयोग प्रकृति को इस तरह वश में लाने का उपाय दिखला देता है।

हम बाह्य जगत में जिन शक्तियों के साथ परिचित हैं, उनकी अपेक्षा उच्चतर शक्तियों को वश में लाना पड़ेगा। यह शरीर मन का एक बाह्य आवरण मात्र है। शरीर व मन, दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं, वे सीप और उसके खोल के समान हैं। वे एक ही वस्तु की दो विभिन्न अवस्थाएं हैं। सीप के भीतर का जंतु बाहर से नाना प्रकार के उपादान लेकर उस खोल को तैयार करता है। उसी प्रकार मन नामक यह आंतरिक सूक्ष्म शक्ति समूह भी बाहर से स्थूल भूत को लेकर उससे इस शरीर रूपी ऊपरी खोल को तैयार कर रहा है। अतः हम यदि अंतर्जगत पर जय लाभ कर सकें, तो बाह्य जगत को जीतना आसान हो जाएगा। फिर, ये दोनों शक्तियां अलग-अलग नहीं हैं। ऐसी बात नहीं है कि कुछ शक्तियां भौतिक हैं और कुछ मानसिक। जैसे यह दृश्यमान भौतिक जगत सूक्ष्म जगत की स्थूल अभिव्यक्ति है, उसी प्रकार भौतिक शक्तियां भी सूक्ष्म शक्तियों की स्थूल अभिव्यक्ति मात्र हैं।

**अंतःप्रकृति बाह्य प्रकृति की अपेक्षा कहीं उच्चतर है और उस पर जय प्राप्त करना अत्यधिक कठिन है। इसीलिए जो इसको वशीभूत कर सकते हैं, सारा जगत उनके वशीभूत हो जाता है।**

समस्त साधना का यथार्थ लक्ष्य है- सद्-विवेक! यह जानना कि पुरुष जड़ पदार्थ नहीं है और मन भी नहीं। चूंकि वह प्रकृति भी नहीं है, इसलिए उसका किसी प्रकार का परिणाम असंभव है। केवल प्रकृति में परिवर्तन हो रहा है, उसी का सदैव संश्लेषण-विश्लेषण हो रहा है। जब निरंतर अभ्यास द्वारा हम विवेक लाभ करेंगे, तब अज्ञान चला जाएगा और पुरुष अपने स्वरूप में, अर्थात सर्वशक्तिमान के रूप में प्रतिष्ठित हो पाएगा।

**विवेकानंद**

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**हमारी संस्कृति में वृक्ष केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि देवत्व, जीवन, ज्ञान, स्वास्थ्य और लोक-कल्याण के जीवंत प्रतीक हैं। पर्यावरण दिवस का अवसर वार्षिक औपचारिकता न होकर प्रकृति के प्रति हमारी साझी कृतज्ञता का ज्ञापन होना चाहिए।**



## अनुलोम-विलोम

### विश्व पर्यावरण दिवस



# पर्यावरण दिवस की महत्ता समझिए

प्रतिवर्ष हम 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाते हैं। यह विडंबना ही है कि एक तरफ हम जल, थल और नभ, यहां तक कि भूगर्भ तक को प्रदूषित करने में जुटे हैं, तो दूसरी तरफ एक दिवस मनाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ले रहे हैं। फिर भी, इस दिवस की सार्थकता कम नहीं हो जाती। इस तरह के दिवसों की हमें जरूरत है। दरअसल, आधुनिक जीवनशैली में सुविधा और दिखावे की प्रवृत्ति प्रदूषण को बढ़ावा दे रही है। जहां एक ओर साधनहीन व्यक्ति सीमित संसाधनों में जीवन जीता है, वहीं दूसरी ओर विलासिता और उपभोग की अंधी दौड़ पर्यावरण पर भारी पड़ रही है। ई-कचरा, पॉलिथीन, विषैले रसायन, सिंगल यूज वस्तुएं, जल का अत्यधिक दोहन और रासायनिक खेती जैसे कारक पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। पहले समाज में पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली थी। थैले, पत्तल, कुल्हड़ और पुनः उपयोग की वस्तुएं प्रचलन में थीं, लेकिन आज इनको पिछड़ेपन की निशानी मान लिया गया है। भारतीय परंपरा में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। वृक्ष, नदियां आदि की पूजा तो आज भी हम करते हैं, लेकिन असलियत में मनुष्य प्रकृति से दूर होकर केवल भौतिक उन्नति को ही विकास मान बैठा है। परिणामस्वरूप, प्रदूषण बढ़ रहा है और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां भी। ऐसे में, आज हमें अपनी सोच को बदलने की सख्त जरूरत है। इतना ही नहीं, छोटे-छोटे उपाय भी अपनाने होंगे, जैसे एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक थैलियों का त्याग, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा की बचत और पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं का उपयोग। विश्व पर्यावरण दिवस तभी सार्थक होगा, जब हर व्यक्ति प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे।

**मनोज कुमार शर्मा**, टिप्पणीकार

**5 जून** को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, लेकिन इसकी सार्थकता तभी होगी, जब हम संजीदगी से पर्यावरण बचाने के लिए काम करेंगे। सबसे पहले पॉलिथीन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर देना चाहिए। आखिर इसका उत्पादन ही क्यों नहीं बंद कर दिया जाता है? पॉलिथीन से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। बारिश आने पर सड़कों पर नाले का पानी इसलिए बहने लगता है, क्योंकि नाला पॉलिथीन की वजह से जाम पड़ा होता है। इसलिए, अगर हमें एक स्वस्थ जीवन चाहिए, तो इस तरह के दिवसों को अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। हरी-भरी धरती को उसके प्राकृतिक रूप में ही रहने देने में हम सभी को तत्परता दिखानी चाहिए। सभी लोग अपने-अपने घर में पांच पौधे जरूर लगाएं, तभी यह दिन सार्थक होगा।

**शैलबाला कुमारी**, गृहिणी

# एकदिवसीय आयोजन से क्या होगा

जब हवा जहर बन जाए, नदियां प्यास बुझाने के बजाय बीमारियां बांटने लगें और जून की धूप शरीर ही नहीं, जीवन को भी झुलसाने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि प्रकृति नाराज है। विडंबना यह है कि जिस पर्यावरण दिवस को हमें आत्ममंथन का अवसर बनाना चाहिए था, वह कई बार केवल औपचारिक भाषणों और पौधरोपण की तस्वीरों तक सिमटकर रह जाता है। हर साल 5 जून को पर्यावरण संरक्षण की बातें, संगोष्ठियां और वादे तैरने लगते हैं, लेकिन असलियत में उन पर अमल शायद ही होता है। ऐसे में,सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या 5 जून सिर्फ एक तारीख बनकर रह गया है?

आज दुनिया का एक बड़ा हिस्सा युद्ध की विभीषिका झेल रहा है। मिसाइलों के धुएं, बारूद के विस्फोट और रासायनिक हथियारों ने न केवल इंसानी बस्तियों को उजाड़ा है, बल्कि सदियों पुराने जंगलों, नदियों और बेजुबान जीव-जंतुओं के अस्तित्व को भी संकट में डाल दिया है। युद्ध की यह आग सीधे तौर पर हमारी जलवायु को प्रभावित कर रही है। आज हमें यह समझने की जरूरत है कि पर्यावरण के नष्ट होने से जो सुरक्षा कवच हमारा छिन रहा है, उसके बिना हमारी आने वाली पीढ़ी का वजूद ही खतरे में पड़ जाएगा। आज हमारी धरती धधक रही है। देश का आधा से ज्यादा हिस्सा हर साल गर्मी के पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। नदियां सूखकर नालों में तब्दील हो रही हैं। पहाड़ धसक रहे हैं, और मौसम का चक्र भी पूरी तरह से बिगड़ चुका है। दूसरे देशों का हाल भी इससे अलग नहीं है- कहीं बेमौसम बाढ़ तबाही मचा रही है, तो कहीं सूखा इंसानी वजूद को निगल रहा है। यह प्रकृति का कोई सामान्य बदलाव नहीं, बल्कि उसकी तरफ से मानवता को दी जा रही आखिरी चेतावनी है। नष्ट होते पेड़-पौधे और सिमटते जंगल इस बात के प्रमाण हैं कि हमने विकास की अंधी दौड़ में विनाश का रास्ता चुन लिया है।

यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं, तो हमें आज ही चार स्तरों पर काम करना होगा। केवल विलासिता नहीं, बल्कि टिकाऊ विकास को अपनी आदत बनाना होगा। जीवन के हर विशेष अवसर (जैसे जन्मदिन या वर्षगांठ) पर कम-से-कम एक पौधा लगाना और उसे पेड़ बनने तक पालना अनिवार्य करना होगा। पानी की हर बूंद को बचाना और सिंगल-यूज प्लास्टिक को अपने जीवन से पूरी तरह बाहर करना अनिवार्य है। जब तक हम सब एकजुट होकर प्रकृति की ढाल बनकर खड़े नहीं होंगे, पर्यावरण को नुकसान होता रहेगा। फिर, पछताने के लिए हमारे पास समय भी नहीं बचेगा।

**युगल किशोर राही**, टिप्पणीकार

# प्रकृति के पांच तत्वों से बनाएं सेहत

**सूर्य की पहली किरण के साथ जागना, समय पर भोजन, रात की शांत नींद और प्रकृति से तालमेल- कभी यह हमारी सहज जीवनशैली थी। आज स्क्रीन की नीली रोशनी, बंद कमरों की कृत्रिम हवा और हर समय की भागदौड़ ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है। नतीजा...मोटापा, तनाव और मधुमेह जैसे रोगों का बढ़ता दायरा। पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रकृति के पंच महाभूतों के साथ अपनी सेहत कैसे बेहतर बनाएं, बता रही हैं तृप्ति मिश्रा**



आधुनिक विज्ञान में इन दिनों जैविक घड़ी यानी सर्केडियन रिदम चर्चा में है। आयुर्वेद सदियों से प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को ही सबसे बड़ा उपचार मानता रहा है। हमारी जैविक घड़ी केवल नींद ही नहीं, बल्कि भूख, पाचन, तापमान और हार्मोन्स को नियंत्रित करती है। सुबह की रोशनी जब आंखों पर पड़ती है, तो दिमाग समझ जाता है कि दिन हो गया है और वह कॉर्टिसोल हार्मोन से शरीर को ऊर्जा और फुर्ती देता है। वहीं, अंधेरा होने पर मस्तिष्क में मेलाटोनिन हार्मोन बनने लगता है, जिससे हमें नींद आने लगती है।

शोध बताते हैं कि शरीर के करीब 10% जीन इसी प्राकृतिक लय से चलते हैं। देर रात तक स्क्रीन, बंद दफ्तर और कृत्रिम तापमान ने हमें इस प्राकृतिक लय से दूर कर दिया है, जिससे मोटापा, तनाव और मधुमेह जैसे रोग बढ़ रहे हैं। यही वजह है दुनिया भर में प्राकृतिक चिकित्सा, गहरे श्वास अभ्यास, उपवास, नियमित अंतराल पर खाना और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन जैसे विषयों पर काम हो रहा है। यही नहीं प्राकृतिक व ऑर्गेनिक खानपान का चलन बढ़ा है।

## वात, पित्त और कफ का संतुलन

आयुर्वेद मानता है कि हमारा शरीर पांच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश से बना है, जिनसे वात, पित्त और कफ दोष निर्धारित होते हैं। वात प्रकृति में मुख्य रूप से वायु और आकाश तत्व माने जाते हैं, जो गति, संचार और तंत्रिका गतिविधियों से जुड़े हैं। पित्त में अग्नि और जल तत्व प्रमुख माने जाते हैं, जो पाचन, और ऊर्जा उत्पादन से जुड़े हैं। कफ में पृथ्वी और जल तत्व अधिक माने जाते हैं, जो शरीर को स्थिरता, संरचना और पोषण प्रदान करते हैं।

आयुर्वेद में पंचकर्म से प्रकृति दोष को ही संतुलित करने का प्रयास किया जाता है। मसलन, यदि वात बढ़ा है, तो गर्माहट और स्निग्धता देने वाले उपाय अपनाए जाते हैं। पित्त में ठंडक और शुद्धिकरण पर जोर दिया जाता है, जबकि कफ में शरीर को सक्रिय करने वाली प्रक्रियाएं उपयोग में लाई जाती हैं। प्राकृतिक चिकित्सा में पानी, मिट्टी, धूप, हवा और उपवास जैसे प्राकृतिक साधनों से ही उपचार करने पर जोर दिया जाता है।

## समग्र चिकित्सा पर बढ़ता जोर

विभिन्न शोध यह साबित करते हैं कि प्रकाश, हवा, पानी, भोजन, विचार, विश्राम और दिनचर्या का सीधा असर शरीर पर पड़ता है। इसी कारण अस्पताल धीरे-धीरे उस मॉडल की तरफ बढ़ रहे हैं, जहां इलाज सिर्फ दवाओं तक सीमित नहीं है। इसमें योग, जीवनशैली और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों को शामिल किया जा रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में आयुष ओपीडी या वेलनेस यूनिट शुरू की गई हैं। योग और इंटीग्रेटेड मेडिसिन के तहत जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं, तनाव व पुराने रोगों पर काम हो रहा है।

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के एक अध्ययन में पंचकर्म की विरेचन थेरेपी के बाद आंतों में बैक्टीरिया में विविधता और अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन और ई-कोली बैक्टीरिया में कमी देखी गई। एक अन्य अध्ययन में आठ हफ्ते योग व पंचकर्म से पाचन समस्याओं और आईबीएस के लक्षणों में कमी पायी गई है।

## सरकार भी सजग

आयुर्वेद में व्यक्ति की वात, पित्त या कफ की प्रकृति के आधार पर उपचार और जीवनशैली तय की जाती है। आयुष मंत्रालय ने इसके लिए 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' शुरू किया है, जिसके तहत 1.29 करोड़ से अधिक लोगों का परीक्षण हो चुका है। शुरुआती आकलन के लिए 'प्रकृति परीक्षण' ऑनलाइन ऐप भी उपलब्ध है, लेकिन सटीक जांच विशेषज्ञ से कराना ही बेहतर है।

हमारे विशेषज्ञ:
**डॉ. आनंद रमन पीवी**, प्रोफेसर एवं एचओडी (पंचकर्म), एआईआईए, नई दिल्ली
**डॉ. राकेश कुमार वर्मा**, प्रोफेसर (योग एवं स्वास्थ्य विभाग), चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली
**डॉ. मनीषा शर्मा**, भारतीय धरोहर वैद्यशाला, नोएडा

## सेहत के पांच रक्षक

### मिट्टी
प्राकृतिक चिकित्सा में पेट पर मिट्टी का लेप कब्ज, अपच और पेट की गर्मी में राहत देता है। इसका लेप गठिया के दर्द व सूजन को भी कम करता है। मड थेरेपी तनाव, सिरदर्द और त्वचा विकारों में फायदा पहुंचाती है। वैज्ञानिक अब मिट्टी के विशेष खनिजों और सूक्ष्मजीवों के जैविक प्रभावों पर शोध कर रहे हैं।

### जल
शरीर 70 % पानी से बना है। पानी पीना हमारे हर अंग के लिए जरूरी है। जल चिकित्सा रक्त संचार व तंत्रिका तंत्र ठीक रखती है। इसमें भाप, सिट्ज बाथ व कॉन्ट्रास्ट बाथ जैसी तकनीकें शामिल हैं। ठंडा स्नान फुर्ती देता है। गर्म पानी जकड़न दूर करता है। माइग्रेन के अलावा पानी में किए जाने वाले व्यायाम गठिया में लाभ पहुंचाते हैं।

### आकाश
यह तत्व 'स्थान' या खालीपन का प्रतीक है। हमारा पाचन तंत्र, कोशिकाएं और मन तभी ढंग से काम करते हैं, जब उन्हें आराम मिलता है। उपवास, इंटरमिटेंट फास्टिंग इसी पर आधारित हैं। शोध बताते हैं कि कुछ घंटे खाली पेट रहने से 'ऑटोफैगी' प्रक्रिया सक्रिय होती है, जो खराब कोशिकाओं को साफ कर मेटाबॉलिज्म सुधारती है।

### अग्नि
आयुर्वेद में इसे 'जठराग्नि' कहते हैं। यह भोजन को ऊर्जा में बदलती है। इसके असंतुलन से अपच, गैस, आलस और लंबी थकान रहती है। सही भोजन, धूप स्नान व भाप स्नान अग्नि तत्व सक्रिय रखते हैं। शोधों के अनुसार, नियंत्रित हीट व लाइट थेरेपी से दर्द में राहत मिलती है। नींद व मानसिक सेहत सुधरती है।

### वायु
यह गति, ऑक्सीजन प्रवाह व तंत्रिका संकेतों का प्रतीक है। प्राणायाम, गहरे श्वास अभ्यास व खुली हवा इस तत्व को संतुलित करते हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, गहरे सांस लेने से कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर घटता है, जिससे चिंता, हाई ब्लड प्रेशर और अनिद्रा की समस्या में जादुई राहत मिलती है।

### हरियाली देखने से हृदय को आराम
एक शोध के अनुसार, यदि आप केवल 3 से 5 मिनट के लिए खिड़की से बाहर किसी हरे-भरे पेड़ या प्राकृतिक दृश्य को देखते हैं, तो आपका रक्तचाप और मांसपेशियों का तनाव कम होने लगता है। हृदय गति नियमित होने लगती है। मन शांत होने लगता है।

### शिनरिन-योकु
जापान में जंगल में समय बिताना यानी शिनरिक योकु एक प्रमाणित थेरेपी है। अध्ययनों के अनुसार, पेड़ फाइटोनसाइड्स नामक रसायन छोड़ते हैं। सांस के जरिये जब ये शरीर में जाते हैं, तो रोगों से लड़ने की हमारी क्षमता बढ़ती है। वन स्नान से कोशिकाएं बेहतर काम करती हैं।

### मिट्टी के हैप्पी बैक्टीरिया
मिट्टी में 'माइकोबैक्टीरियम वैकी' नाम का एक अच्छा बैक्टीरिया पाया जाता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि जब बच्चे या बड़े मिट्टी के संपर्क में आते हैं, तो यह बैक्टीरिया शरीर में खुशी बढ़ाने वाले सेरोटोनिन हार्मोन' का स्तर बढ़ाता है। उदासी व निराशा के भाव दूर होते हैं।

### नंगे पैर घास पर चलना
घास, मिट्टी या रेत पर नंगे पैर चलना, अर्थिंग या ग्राउंडिंग कहलाता है। अध्ययनों के अनुसार, ऐसा करने से शरीर को पृथ्वी से फ्री इलेक्ट्रॉन्स मिलते हैं। इस प्रक्रिया में पुरानी सूजन कम होती है, रक्त संचार बेहतर होता है, मन को शांति मिलती है और अच्छी नींद आती है।

### सुबह की धूप का आनंद
सुबह की 15-20 मिनट की प्राकृतिक धूप से न सिर्फ विटामिन- डी की पूर्ति होती है, मस्तिष्क में 'मेलाटोनिन' और 'सेरोटोनिन' हार्मोन्स का संतुलन बेहतर होता है। जो लोग बंद कमरों व कृत्रिम रोशनी में ज्यादा रहते हैं, उनमें अवसाद का खतरा अधिक होता है।

---

सवाल-जवाब

## मधुमेह में फल खाएं, पर मात्रा कम रखें

■ **सवाल : मेरी उम्र 47 है। मुझे डायबिटीज है। दवा लेता हूं और डायबिटीज कंट्रोल रहती है। मुझे फल खाना पसंद है। मैं कौन-कौन से फल खा सकता हूं और कितनी मात्रा में खाना सही है?**



**कविता देवगन**
आहार व पोषण विशेषज्ञ

आपकी उम्र में फल खाना अच्छा रहता है। ये फाइबर, विटामिन व एंटीऑक्सीडेट से भरपूर होते हैं। आप बस कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फल खाएं, कम मात्रा में खाएं। फलों में कुदरती शुगर होती है, जो ब्लड ग्लूकोज पर असर डाल सकती है। हर व्यक्ति की स्थिति अलग होती है, इसलिए फलों की मात्रा तय करते समय डॉक्टर से बात जरूर करें।

सामान्य नियम इस प्रकार है- एक बार में करीब एक कटोरी यानी 15 ग्राम कार्बोहाइड्रेट से अधिक न लें। दिनभर में एक से दो बार अलग-अलग समय पर खाएं। इसे दिनभर के कुल कार्ब्रोहाइड्रेट्स में गिनें।

**कम जीआई वाले फल:** ऐसे फल, जिनमें फाइबर ज्यादा और शुगर कम होती है-
**बेरीज (स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी):** 3/4 कप
**सेब :** 1 छोटा (छिलके समेत), इसमें मौजूद पेक्टिन शुगर को धीरे-धीरे स्रावित करता है।
**नाशपाती :** 1 छोटी, इसमें अच्छा फाइबर होता है।
**संतरा या अमरूद:** 1 मध्यम आकार का फल ही खाएं, इनका जूस न पिएं।
**कीवी :** 2 छोटी, विटामिन सी और फाइबर से भरपूर।
**पपीता:** 1 कप (टुकड़ों में। इसका जीआई मध्यम है, लेकिन इसमें प्रति कप कार्बोहाइड्रेट कम होता है।
**आड़ू या आलूबुखारा :** 1 मध्यम आकार का।
**जामुन :** आधा कप। यह ब्लड शुगर काबू रखने का पारंपरिक तरीका है।

**2. कभी-कभार खाए जाने वाले फल-**
**केला :** आधा छोटा, बहुत पका हुआ नहीं।
**आम :** आधा कप या 5-6 टुकड़े ।
**अंगूर :** 10-12 पीस।
**चीकू :** 1/2 छोटा, इसमें शुगर बहुत ज्यादा होती है।
**तरबूज :** 1 कप। इसका जीआई ज्यादा होता है, लेकिन कार्बोहाइड्रेट का घनत्व कम होता है।

### इन चीजों से पूरी तरह परहेज करें
फलों का जूस, सूखे मेवे, सिरप वाले डिब्बाबंद फल और चीनी या शहद मिलाकर बनाए गए फ्रूट स्मूदीज से परहेज करें।

### फल खाने का बेहतर तरीका
- फल को अकेले खाने के बजाय उसे प्रोटीन या वसा के साथ खाएं। मसलन, सेब के साथ पीनट बटर, बेरीज के साथ दही या अमरूद के साथ चीज क्यूब। इससे ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ता।
- **साबुत फल खाएं, जूस नहीं :** जूस निकालने से फल का फाइबर खत्म हो जाता है। एक गिलास संतरे के जूस में बिना फाइबर के 3-4 संतरों जितनी शुगर होती है, जिससे शुगर तेजी से बढ़ती है।
- **सही समय पर खाएं :** फल खाने का सही समय इन्हें भोजन के बाद मीठे के तौर पर खाना है या फिर सुबह व दोपहर के भोजन के बीच नाश्ते की तरह खाएं। अगर सुबह खाली पेट की शुगर बढ़ी हुई आती है, तो खाली पेट फल खाने से बचें।
- **'प्लेट मैथड' का इस्तेमाल करें :** अगर आप भोजन में रोटी या चावल खा रहे हैं, तो कुल कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बराबर रखने के लिए 1/4 रोटी कम कर दें और 1/2 कप फल खा लें।
- **कोल्ड फ्रूट हैक :** जमे हुए बेरीज या अंगूरों को खाने में अधिक समय लगता है और वे आइसक्रीम की तरह लगते हैं। इससे मात्रा काबू कर सकते हैं।
- **क्रम से खाएं :** सब्जी/दाल/सलाद खाएं, फिर रोटी और सबसे आखिरी में फल खाएं।

### भेजें अपने सवाल
सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
**तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301**

---



# खराब आदतों से युवाओं का बिगड़ रहा पाचन

**हमारे पेट की एक आंतरिक घड़ी होती है, जिसकी अनदेखी करना पाचन समस्याओं को बढ़ाता है। देर रात भोजन करना, कैफीन का अधिक सेवन और तनाव धीरे-धीरे पाचन तंत्र को कमजोर कर देते हैं।**

**युवाओं** में पेट फूलना, गैस, कब्ज, अनियमित मल त्याग और पेट में बेचैनी जैसी समस्याएं आम हो चुकी हैं। संक्रमण या मेडिकल कारणों को छोड़ दिया जाए, तो खराब आदतें असमय पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं होने का बड़ा कारण हैं।

सर एच. एन. रिलायंस हॉस्पिटल के इंस्टिट्यूट ऑफ गैस्ट्रोसाइंसेज के प्रमुख डॉ. अमित मायदेव के अनुसार, 'हमारे पेट की एक आंतरिक घड़ी होती है। गलत खान-पान और तनाव पेट में अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन बिगाड़ देते हैं।'

### इन आदतों से बचें

**रात का भोजन देर से :** सोने और रात के भोजन के बीच कम अंतर पाचन क्रिया पर बुरा असर डालता है। इससे पेट का एसिड ऊपर आने का खतरा बढ़ जाता है और नींद की गुणवत्ता कम हो जाती है।

**कैफीन युक्त चीजों का अधिक सेवन:** काम, करियर और नींद की कमी से निपटने के लिए युवा कॉफी, एनर्जी ड्रिंक्स या कैफीन युक्त चीजों का अधिक सेवन करते हैं, जिससे एसिडिटी और घबराहट बढ़ सकती है। दस्त या आंतों में जलन के अलावा कृत्रित मिठास वाली चीजें पेट के माइक्रोबायोम को नुकसान पहुंचाती हैं।

**अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजें अधिक खाना:** फास्ट व जंक फूड, पैकेटबंद स्नैक्स और मीठे पेय पदार्थों में फाइबर की कमी होती है। फाइबर पेट में अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन बनाए रखते हैं। फाइबर की कमी से कब्ज, पेट में सूजन और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं।

**तनाव और अधूरी नींद :** हमारा पेट और दिमाग आपस में जुड़े हुए हैं, इसे गट-ब्रेन एक्सिस कहते हैं। लगातार तनाव का रहना पेट की कार्यप्रणाली बदल देता है, जिससे इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ता है।

इसके अलावा बिना जरूरत बार-बार एंटीबायोटिक्स दवाएं खाना, धूम्रपान और शराब का सेवन और व्यायाम न करना भी पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाता है।

### वजन कम करने के लिए भोजन छोड़ देना
वजन कम करने के लिए नाश्ता या दोपहर का भोजन न करना, सिर्फ कॉफी पर रहना जैसी आदतें नुकसान पहुंचाती हैं। एक्सपर्ट दीप्ति शर्मा के अनुसार, आहार में प्रोटीन,फाइबर और स्वस्थ वसा का संतुलन जरूरीहै।

**1. धीमा मेटाबॉलिज्म :** भोजन छोड़ने से शरीर ऊर्जा बचाने के लिए 'प्रिजर्वेशन मोड' में चला जाता है। इससे पाचन तंत्र धीमा हो जाता है, नतीजा, थकान, मूड स्विंग्स और खाने की ललक बढ़ती है।

**2. मांसपेशियों का नुकसान :** जब शरीर को पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिलते, तो मांसपेशियां कम होने लगती हैं। इससे वजन कम होने का भ्रम होता है।

---

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी, पर मेहनत का फल मिलेगा।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। खर्चों में बढ़ोतरी होगी। पिता से धन मिल सकता है।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संतान सुख में बढ़ोतरी होगी। माता का साथ मिलेगा। पिता से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह :** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन के रख-रखाव तथा साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय भी बढ़ेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर तो रहेगा। मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। अवसर मिलेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**मीन :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं। दोस्तों से सहयोग मिल सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी
05, जून, शुक्रवार, **शक संवत्** : 15 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 22 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 18 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी तिथि रात्रि 01.21 बजे तक पश्चात षष्ठी तिथि श्रवण नक्षत्र (दिन-रात), ब्रह्म योग प्रात: 09.43 बजे तक पश्चात ऐंद्र योग। चंद्रमा मकर राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी
**आजकल क्रिस्टल का बहुत चलन है। ये क्या हैं और इनके क्या नियम हैं?**
-**अतुल गौड़**, आगरा

- क्रिस्टल प्राकृतिक रत्न होते हैं, जो व्यक्ति या स्थान की ऊर्जा बढ़ाने का कार्य करते हैं। क्रिस्टल प्रयोग करने से पहले नमक के पानी में धोकर धूप में सुखा लेना चाहिए। किसी दूसरे के क्रिस्टल नहीं पहनने चाहिए। इससे नुकसान हो सकता है।
- अगर किसी जगह नेगेटिविटी महसूस होती है, तो वहां पर क्रिस्टल लगा सकते है।
- क्रिस्टल को जितना हो प्राकृतिक रूप में प्रयोग करें। ब्लैक टूर्मोलिन क्रिस्टल टॉयलेट में और क्लियर क्वाट्र्ज भूमि में दबाना या अपने पास रखना बहुत अच्छा रहता है।

### वर्ग पहेली : 8350



**बाएं से दाएं**
1. अलग हो जाना; मरने को तैयार होना (3,2,3)
6. रक्षिका; कान की लौ; शस्त्र आदि की धार (3)
7. कड़ा होना; ठोस होना; सख्त होना; निष्ठुर होना; बेरहम होना (3,2)
9. जो बेमतलब घूमता-फिरता हो; उद्देश्यहीन घूमने वाला; बेकार घूमने वाला; दुष्ट, निकम्मा; पाजी (3)
12. टर-टर करना; प्रलाप करना; बढ़-बढ़ कर जोर-जोर से बोलना (5)
13. काल; अवकाश; अवसर; मौका (3)
15. आवागमन चक्र से मुक्त करना; कैद से मुक्त करना; जंजीर खोलना; प्रतिबंध हटाना; रुकावट दूर करना (5,3)

**ऊपर से नीचे**
1. कार्य चलाने वाली संस्था; कार्यकारिणी; शासन व्यवस्था; सरकार (5)
2. उक्ति; बखान; बयान; वक्तव्य (3)
3. यात्री; राही; मुसाफिर (3)
5. साहूकार जिसकी साख सारे संसार में मानी जाए; बहुत बड़ा धनी महाजन (5)
8. अधिक ठंड से हाथ-पांव सुन्न होना; ऐंठन; ठिठुरने का भाव; सरदी से होने वाला कंपन (4)
9. लेने वाला; साहूकार; ऋणदाता (4)
11. नियंत्रित करना; लगाम लगाना (3,2)
12. इज्जत बचाना; प्रतिष्ठा की रक्षा करना (2,3)
14. किसी घटना का रंगमंच पर प्रदर्शन; मंचन के लिए तैयार की गई कथा (3)
15. अग्र; अव्वल; पहला; श्रेष्ठ; सबसे अच्छा; प्रधान; मुख्य (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8349



### सुडोकू : 8332
*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 9 | | 1 | 4 |
| | | | 8 | 2 | | | | |
| 3 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | | 5 | | | 9 | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | 3 | | | 6 | | | |
| 1 | | | | | | 7 | | 9 |
| | | | | 1 | 7 | | | |
| 5 | 8 | | 4 | | | 1 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |

## प्रेरणा

संभावनाएं हमारे विचारों की सीमा से परे हैं, उन्हें अपनाएं और नया रास्ता खोजें। -अगाथा क्रिस्टी

## संपादकीय

# हम 'क्लॉड माइथोस' का सटीक उपयोग कर सकते हैं

**एन्थ्रोपिक** ने अपने क्लॉड परिवार के सबसे ताकतवर और साइबर-सुरक्षा संस्करण माइथोस को भारत को देने का फैसला लिया है। कहने को तो यह रेस्ट्रिक्टेड वर्जन होगा, लेकिन यूएस के अलावा इस संस्करण का एक्सेस केवल अमेरिका के आठ मित्र यूरोपीय देशों सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड को ही दिया गया है। भारत को इसका लाभ यह होगा कि इस मॉडल का इस्तेमाल करके वह बैंकों, टेलिकॉम सेक्टर, शेयर मार्केट, आर्थिक प्रतिष्ठानों व गतिविधियों और साइबर-आधारित रक्षा प्रणाली की कमजोरियां जान सकेगा और उन्हें अभेद्य बना सकेगा। एन्थ्रोपिक का यह वर्जन चीन को नहीं दिया जा रहा है। हालांकि खबर है कि चीन ने भी जीटीजी-1002 पर क्लॉड जैसे ही किसी मॉडल का उपयोग किया है। इस बात की तस्दीक स्वयं एन्थ्रोपिक ने की है। बहरहाल भारत को रेस्ट्रिक्टेड वर्जन देने के पीछे तर्क यह है कि इसके लीक होने की गुंजाइश है और तब यह अवांछित तत्वों/देशों के हाथ लग सकता है, जिससे भारी नुकसान हो सकता है। एन्थ्रोपिक के चीफ टेक्निकल ऑफिसर भारतीय हैं और भारत के इंजीनियरों की बड़ी तादाद एन्थ्रोपिक में काम कर रही है। इनका ऐसे जबरदस्त मॉडल्स को विकसित करने में बड़ा योगदान है। ट्रम्प की अनिच्छा के बावजूद एन्थ्रोपिक द्वारा भारत को अगला डेस्टिनेशन चुनना मायने रखता है।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# मितव्ययी धन का मूल्य देखता है तो कंजूस कीमत देखता है

**मितव्ययी** और कंजूस होने में फर्क है। यह वही अंतर है, जो एक समझदार और एक कृपण में होता है। मितव्ययी धन के पीछे के मूल्य को देखता है, कंजूस धन में केवल कीमत देखता है। मितव्ययी समझदारी से खर्च करता है, कंजूस सुअवसरों पर भी खर्च नहीं करता। अब एक कठिन समय सारी दुनिया देखेगी तो हमारा देश भी देखेगा। इस समय देशवासियों को मितव्ययी होना है, कंजूस नहीं बनना है। और मितव्ययी होने के कई स्वरूप हैं। जैसे, नॉइज़ बैरियर-यानी शोर से बचें-बचाएं। ग्रीन कॉरिडोर- पर्यावरण की रक्षा करें। ईवी का उपयोग करें ताकि बिजली की खपत कम हो। हमें कई स्तरों पर काम करना पड़ेगा। अब मामला केवल धन से नहीं जुड़ा, जीवनशैली से जुड़ गया है। इस समय हर मनुष्य के दिमाग में कई विचार आ रहे होंगे। अब क्या होगा? कैसे निपटारा करेंगे? और हर विचार में तरंगें होती हैं। तो जैसे ही विचार अंदर आता है, तरंगें अपना काम करने लगती हैं। फिर ये तरंगें हमको कम्पित करती हैं। ये ही अशांति का कारण बन जाता है। •Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## दूरदृष्टि • सार्क को फिर से प्रासंगिक बनाना होगा

# सूझबूझ इसी में कि हम पड़ोसियों के साझेदार बनें

सहयोग



पवन के. वर्मा
पूर्व राज्यसभा सांसद व राजनयिक
pavankvarma1953@gmail.com

**एक** प्रमुख शक्ति के रूप में भारत का उदय स्थिर और सहयोगी पड़ोस की अपेक्षा करता है। कोई भी देश अपने आस-पड़ोस के स्ट्रैटेजिक परिवेश का प्रबंधन किए बिना दुनिया में दबदबे का दावा नहीं कर सकता। 1985 में सार्क की स्थापना के पीछे यही तर्क था। किंतु 2016 में पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित 19वें शिखर सम्मेलन के रद्द होने के बाद से यह संगठन निष्प्राण-सा हो गया है।

इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जब देशों ने अपनी आपसी प्रतिद्वंद्विताओं को पीछे छोड़कर क्षेत्रीय सहयोग की संस्थाओं का निर्माण किया। ऐसी संस्थाएं इसलिए अस्तित्व में आईं, क्योंकि नेताओं ने यह समझ लिया था कि भूगोल एक स्थायी हकीकत है, जबकि संघर्ष महज एक विकल्प है। चुनौती यह थी कि भौगोलिक निकटता को तनाव के स्रोत से बदलकर सामूहिक तरक्की के साधन में बदला जाए।

इसका सबसे उल्लेखनीय उदाहरण ईयू है। ब्रिटेन और फ्रांस सदियों तक प्रतिद्वंद्वी रहे। जर्मनी ने इन दोनों के विरुद्ध विनाशकारी युद्ध लड़े। यूरोप राष्ट्रीय पहचानों की रक्षा को लेकर अत्यधिक संवेदनशील था। फिर भी, विश्वयुद्धों की त्रासदी के बाद यूरोप ने धीरे-धीरे महसूस किया कि समृद्धि और सुरक्षा का मार्ग टकराव नहीं, बल्कि सहयोग से होकर जाता है। परिणामस्वरूप एक ऐसी प्रक्रिया आरंभ हुई, जो अंततः ईयू के रूप में विकसित हुई। यह आधुनिक इतिहास में क्षेत्रीय एकीकरण के सबसे सफल उदाहरणों में से एक है।

अफ्रीकी संघ का उदय भी उन सीमाओं के बावजूद हुआ था, जिन्हें औपनिवेशिक शक्तियों ने मनमाने ढंग से निर्धारित किया था। वहां जातीय संघर्ष तथा अंतर-राज्यीय विवाद भी थे। आसियान भी ऐसे देशों को एक मंच पर लाया, जो पहले पारस्परिक अविश्वास और संघर्ष के अनुभव से गुजर चुके थे।

इंडोनेशिया और मलेशिया 1960 के दशक में कोनफ्रोंतासी संघर्ष में उलझे थे। 1965 में मलेशिया से सिंगापुर का अलगाव कटु परिस्थितियों में हुआ था। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लंबे समय से सीमा-विवाद थे। फिर भी, आसियान एक अत्यंत प्रभावी क्षेत्रीय मंच के रूप में विकसित हुआ, क्योंकि उसके सदस्य देशों ने यह समझ लिया था कि आर्थिक विकास और सामरिक स्थिरता का सर्वोत्तम मार्ग सामूहिक प्रयासों से होकर जाता है। इसी प्रकार, अमेरिकी राष्ट्रों का संगठन (ओएएस) भी उन देशों के बीच स्थापित हुआ, जिनका इतिहास क्षेत्रीय विवादों, वैचारिक विभाजनों और राजनीतिक अस्थिरता से भरा हुआ था।

इन सभी उदाहरणों में एक महत्वपूर्ण तत्व साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों का अस्तित्व था। यही तर्क दक्षिण एशिया पर भी समान रूप से लागू होता है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दक्षिण एशिया में गहन सभ्यतागत एकता विद्यमान रही है। इस क्षेत्र के लोग इतिहास, भाषा, धर्म, भोजन, संस्कृति, साहित्य, संगीत और पारिवारिक-सामाजिक संबंधों के ऐसे नेटवर्कों से जुड़े हैं, जिनका अस्तित्व आधुनिक राष्ट्र-राज्यों के उदय से बहुत पहले से रहा है।

लेकिन अफसोस कि सार्क की प्रगति भारत और पाकिस्तान के तनावपूर्ण संबंधों की बंधक बनकर रह गई। दशकों से चले आ रहे अविश्वास ने सामूहिक पहलों को पंगु बना दिया। चीन ने भी क्षेत्रीय विभाजनों का लाभ उठाकर अपने सामरिक हितों को आगे बढ़ाने के अवसर देखे। इसके बावजूद सार्क के पीछे निहित तर्क आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

**भूगोल एक स्थायी हकीकत है, जबकि संघर्ष महज एक विकल्प है। ऐसे में चुनौती यह है कि भौगोलिक निकटता को तनाव के स्रोत से बदलकर सामूहिक तरक्की के साधन में बदला जाए। इतिहास भी यही सबक सिखाता है।**

दक्षिण एशिया के साथ भारत का संबंध केवल भौगोलिक ही नहीं, सभ्यतागत भी है। बौद्ध धर्म के माध्यम से भारत और श्रीलंका के संबंध गहरे हैं। नेपाल के भारत के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध स्थायी हैं। बांग्लादेश भारत के साथ गहरे भाषाई, ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध साझा करता है। यहां तक कि पाकिस्तान के साथ भी हमारा साझा इतिहास, संस्कृति, भाषा, साहित्य और संगीत की सदियों पुरानी विरासत मानवीय संबंधों का एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

समाधान सार्क को त्यागने में नहीं, बल्कि धैर्य और व्यावहारिकता के साथ उसे पुनर्जीवित करने में है। विश्वास रातों-रात निर्मित नहीं किया जा सकता। किंतु जब लोग व्यापार, पर्यटन, शैक्षिक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परस्पर संपर्क, ऊर्जा सहयोग आदि के माध्यम से सहयोग के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं, तब वे स्वयं उस सहयोग के पैरोकार भी बन जाते हैं। एक उभरती हुई प्रमुख शक्ति के रूप में भारत के लिए पहली प्राथमिकता अपने निकटवर्ती पड़ोस को मजबूत बनाना होना चाहिए। दक्षिण एशिया के भूगोल ने हमें पड़ोसी बनाया है। लेकिन सूझबूझ इसी में है कि हम सहयोगी भी बनें। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## मुद्दा • पर्यटक विदेश में भारत के प्रतिनिधि होते हैं

# दुनिया में देश की अच्छी छवि पेश करना भी हमारा फर्ज है

टूरिज्म



आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com

**किसी** भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारतीय पर्यटकों के बारे में सर्च कर लीजिए, विदेश यात्राओं के दौरान उनके व्यवहार, या कहें दुर्व्यवहार के अनेक वीडियो सामने आ जाएंगे। एक समूह चीन की दीवार पर उत्सवी परिधान पहनकर गरबा कर रहा है। दूसरा वियतनाम में हनोई की प्रसिद्ध ट्रेन स्ट्रीट पर शाहरुख खान के गीत 'छैंया छैंया' पर नाच रहा है। एक ग्रुप वियतनाम के ही एक एयरपोर्ट में रनवे के समीप की सड़क पर डांस कर रहा है, जिससे वहां का सुरक्षा स्टाफ परेशान नजर आता है। जबकि एक अन्य, अर्जेंटीना और ब्राजील की सीमा पर स्थित इगुआजु फॉल्स की बोट सफारी करते हुए 'इंडिया, इंडिया' के नारे लगा रहा है। इससे पहले उन्हीं लोगों ने नाव में चढ़ते वक्त कतार तोड़ने की कोशिश में धक्का-मुक्की भी की थी।

पेरिस, लंदन, बैंकॉक, बाली तक ऐसे कई उदाहरण आपको दिख जाएंगे। विरले ही ऐसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बचे होंगे, जहां भारतीय पर्यटकों ने व्यवस्था में खलल न डाला हो। एक वक्त था, जब विदेशों में अपने अक्खड़ रवैये के कारण अमेरिकी पर्यटकों को 'द अग्ली अमेरिकन' कहा जाने लगा था। लगता है भारतीयों पर भी वैसा ही ठप्पा लगने जा रहा है, क्योंकि उनमें से कई स्थानीय भावनाओं की अनदेखी करते पाए जा रहे हैं।

यह कहना सही नहीं होगा कि सभी भारतीय पर्यटक ऐसा दुर्व्यवहार करते हैं। असल में तो यात्रा-शिष्टाचार के उल्लंघन को लेकर सोशल मीडिया पर जो नाराजगी दिखाई देती है, वह ज्यादातर भारतीय ही जताते हैं। क्योंकि उन्हें डर है कि मुट्ठीभर लोगों के बिगड़ैल रवैये से न केवल विदेशों में भारत की छवि बिगड़ती है, बल्कि उनके लिए भी माहौल खराब होता है। लेकिन उनके चिंता जताने के बावजूद भारतीय पर्यटकों को लेकर ऐसी कहानियां सामने आती रहती हैं कि वे कीमतों को लेकर उग्र होकर मोलभाव करते हैं, वेटरों और दुकानदारों से रूखेपन से बात करते हैं और यहां तक कि होटलों से साबुन, तौलिया जैसी चीजें भी चुरा लाते हैं।

हाल ही में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने 'एक्स' पर अपने साथ हुई ऐसी शर्मनाक घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि ऐसे व्यवहार के कारण 'ब्रांड इंडिया' को कैसी शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड के पर्यटन स्थल ग्स्टाड के एक होटल में भारतीय पर्यटकों के लिए विशेष नियमों की सूची देखकर वे हैरान रह गए। होटल के हर कमरे में लगे नोटिस में भारतीयों के लिए चेतावनी थी कि वे मुफ्त ब्रेकफास्ट बुफे से खाना बाहर न ले जाएं। सिर्फ उपलब्ध कराई गई कटलरी ही इस्तेमाल करें और बालकनी तथा गलियारों में शोर न मचाएं। उन्होंने एक और घटना बताई कि एक भारतीय कारोबारी किसी साल दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में गए और रेस्तरां में इतना तेज पंजाबी म्यूजिक बजाने लगे कि पूरा शहर सुन ले। वे इसे भारत की 'सॉफ्ट पावर' का प्रदर्शन बता रहे थे।

असल बात यह है कि देश में रहकर सिविक सेंस की जो कमी हम प्रदर्शित करते हैं, वो अब विदेश में भी नजर आने लगी है। रोजाना हम देखते हैं कि हवाई जहाजों और रेस्तरां में बच्चों को उछल-कूद मचाने दिया जाता है। माता-पिता दूसरों को हो रही परेशानी से बेखबर बैठे रहते हैं। लोग सड़क पर चॉकलेट के रैपर और चिप्स के खाली पैकेट फेंक देते हैं। सोमवार को किसी सार्वजनिक पार्क में जाइए, जहां परिवारों ने रविवार को पिकनिक मनाई हो। जगह-जगह कागज की प्लेटें, गिलास और जूठन तक बिखरी होती है,

**आज भारतीयों की वैश्विक मौजूदगी बढ़ी है। इसका यह भी मतलब है कि हमारे पर्यटकों की निगरानी अधिक होती है। ऐसे में हमारा फर्ज है कि हम देश की बेहतर छवि पेश करें। पर्यटक भी राजनयिकों की भांति भारत के प्रतिनिधि हैं।**

जबकि वहां बाकायदा कूड़ेदान लगे होते हैं। कई देशों में, खासकर विकसित देशों में, बुनियादी सिविक सेंस स्कूलों से ही सिखाया जाता है और घरों में उसका पालन कराया जाता है। लेकिन लगता है कि शायद हमने अच्छे नागरिक बनने के महत्व को भुला दिया है।

थाईलैंड ने अवांछित पर्यटकों को छांटने के लिए वीसा नीति में बदलाव किया है। उसने 93 देशों के लिए वीसा-मुक्त प्रवेश समाप्त कर दिया है और भारत भी उनमें शामिल है, जबकि भारत से सर्वाधिक पर्यटक थाईलैंड जाते हैं। आज भारतीयों की वैश्विक मौजूदगी बढ़ी है। पर इसका यह भी मतलब है कि हमारे पर्यटकों की निगरानी अधिक होती है। ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि हम अपनी और अपने देश की बेहतर छवि पेश करें। आखिरकार, पर्यटक भी राजनयिकों की भांति ही भारत के प्रतिनिधि हैं।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक | अरविंद लिमिटेड : देश की मशहूर टेक्सटाइल कंपनी

# 2000 में दिवालिया होने वाली थी, अब देश की सबसे बड़ी डेनिम निर्माता है 'अरविंद'

**जीन्स** की दुनिया का गॉडफादर कही जाने वाली लीवाई हो या फिर क्लासिक और स्पोर्टी पहचान के लिए जानी जाने वाली यूएस पोलो एसोसिएशन। इन मशहूर ब्रांड्स में बड़े स्तर पर भारत की ही एक टेक्सटाइल मिल में बना फैब्रिक इस्तेमाल होता है और वह कंपनी है अरविंद लिमिटेड। यह इस समय देश की सबसे बड़ी डेनिम निर्माता है। एरो, कैल्विन क्लेन और टॉमी हिल्फिगर जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड को देश में स्थापित करने का श्रेय इसी ग्रुप को जाता है, जो अब इनकी सहयोगी कंपनी 'अरविंद फैशन' के तहत संचालित होते हैं।

कंपनी हर साल करीब 12 करोड़ मीटर डेनिम बना रही है, लेकिन 1999 से 2002 के बीच एक दौर ऐसा आया, जिसमें लगा कि कंपनी डूब जाएगी। इस पर करीब 2,700 करोड़ रुपए का कर्ज लद चुका था। जबकि कंपनी की उस वक्त कुल वैल्यू 367 करोड़ रुपए ही थी। कंपनी की यह हालत विस्तार के लिए 1000 करोड़ रु. का भारी कर्ज लेने और फैशन बाजार में आए अचानक बदलाव के कारण हुई थी। हालांकि कंपनी के वर्तमान चेयरमैन संजय लालभाई ने ऐतिहासिक कार्पोरेट डेट रिस्ट्रक्चरिंग कराकर कंपनी को बचा लिया।





**सबक...** यदि आपके अंदर हार न मानने की जिद हो तो खराब से खराब परिस्थितियों से उबरा जा सकता है।

**15** करोड़ मीटर वोवन फैब्रिक हर साल उत्पादित करती है।

**70** से अधिक देशों में निर्यात करती है अरविंद लिमिटेड।

**40%** आय निर्यात से ही होती है कंपनी की।

**597** करोड़ रुपए शुद्ध लाभ था 2024-25 में कंपनी का।

### यूं संकट में फंसी थी...

- **भारी कर्ज लेकर विस्तार:** 1990 के दशक में, कंपनी ने अहमदाबाद में एक टेक्सटाइल प्लांट के लिए करीब 1,000 करोड़ का भारी-भरकम निवेश किया। पूरी फंडिंग बैंकों से कर्ज पर ली गई थी।
- **डेनिम बाजार में मंदी :** 1997 से 2000 के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में डेनिम की जरूरत से ज्यादा सप्लाई हो गई। पूरी दुनिया की मिलें डेनिम बना रही थीं, जिससे बाजार में कीमतें औंधे मुंह गिर गईं।
- **डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट :** 90 के दशक के अंत में डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में तेज गिरावट आई। इससे कर्ज का ब्याज तेजी से बढ़ा। कंपनी ब्याज चुकाने में भी डिफॉल्ट करने लगी।
- **क्रेडिट रेटिंग का गिरना और घाटा :** प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने 2000 में इसे डिफाल्ट कैटेगरी में डाल दिया। इससे कंपनी की साख मिट्टी में मिल गई।

### इस तरह की वापसी...

- **ऐतिहासिक डेट रीस्ट्रक्चरिंग :** दिवालिया होने से बचने के लिए 2001 में जेपी मॉर्गन की मदद से 'कर्ज पुनर्गठन' प्लान लागू किया। महंगे विदेशी कर्जों का बायबैक किया। कुछ कर्जों को शेयर में बदला।
- **गारमेंटिंग और ब्रांडेड रिटेल पर फोकस :** फ्लाइंग मशीन, न्यूपोर्ट और रफ एंड टफ जैसे इन-हाउस ब्रांड्स को प्रमोट किया। विदेशी ब्रांड्स टॉमी हिल्फिगर, ऐरो के साथ देश भर में रिटेल स्टोर खोले।
- **ऑपरेशंस और सप्लाई चेन में सुधार:** कंपनी ने भारी कॉस्ट कटिंग की। फालतू खर्चों पर रोक लगाई, गैर-जरूरी जमीनों को बेचा। 1997 में लगाए गए 'SAP ERP' सॉफ्टवेयर से इन्वेंट्री मैनेजमेंट सुधारा।
- **एडवांस्ड मटीरियल्स में विविधता :** आग से बचाने वाले कपड़े, बुलेटप्रूफ जैकेट का फैब्रिक, इंडस्ट्रीयल बेल्ट बनाना शुरू किया। मुनाफा बढ़ाया।

• वर्तमान स्थिति

### 13 हजार करोड़ से अधिक की कंपनी है

कंपनी वर्तमान में सालाना करीब 12 करोड़ मीटर डेनिम और 15 करोड़ मीटर वोवन फैब्रिक बनाती है। यह देश की सबसे बड़ी और दुनिया की टॉप-4 डेनिम निर्माताओं में से एक है। इसके रेवेन्यू का 35 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और ब्रिटेन के बाजारों से आता है। इनका गारमेंट डिवीजन हर तिमाही करीब 1 करोड़ कपड़े बनाकर रिकॉर्ड बना रहा है। इसके अलावा कंपनी ने अप्रैल 2025 में अरविंद न्यू टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इसका सबसे बड़ा फोकस टेक्सटाइल उद्योग में नई और आधुनिक तकनीकों को अपनाना है। वर्तमान में मार्केट कैप करीब 13 हजार करोड़ रुपए है।

### शुरुआत : गुजरात के लालभाई परिवार ने रखी थी मिल की नींव

1931 में गुजरात के कस्तूरभाई लालभाई ने दो भाइयों नरोत्तमभाई और चिमनभाई के साथ अहमदाबाद में अरविंद मिल्स की नींव रखी। उस समय करीब 25 लाख रुपए शेयर पूंजी उनके पास थी। शुरुआत में यहां धोती, साड़ियां, मलमल और शर्टिंग का कपड़ा बनाया जाता था। 1934 तक यह देश की प्रमुख टेक्सटाइल यूनिट्स में से एक बन गई थी।

### नए कदम : रियल एस्टेट और वॉटर ट्रीटमेंट बिजनेस में भी है कंपनी

कपड़ों के अलावा कंपनी अब नए सेक्टर में भी हाथ आजमा रही है। 2011 में एडवांस्ड मटीरियल डिवीजन बनाया है। इसमें कंपनी फायरप्रूफ सूट, इंडस्ट्रीयल और ऑटोमोटिव फैब्रिक बनाती है। इसके अलावा अरविंद स्मार्ट स्पेस के जरिए रियल एस्टेट और अरविंद एनवीसॉल के जरिए वॉटर ट्रीटमेंट के व्यवसाय में उतर चुकी है।

**ऐसे पड़ा नाम :** मिल का नाम संस्कृत शब्द अरविंद पर रखा था। 'अरविंद' का अर्थ होता है कमल। स्वदेशी को नई पहचान देने के विजन के साथ नाम रखा गया।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** रेमंड वर्धमान टेक्सटाइल, वेल्सपुन लिविंग और ट्राइडेंट ग्रुप इसके प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में शामिल हैं।

## पीपुल भास्कर | रजत पाटीदार, क्रिकेटर, आरसीबी के कप्तान

# रणजी के डेब्यू मैच में ही जड़ दिया था शतक, आईपीएल के लिए शादी टाली, रजत अब स्टार

**चर्चा में क्यों :** रजत की कप्तानी में आरसीबी ने लगातार दूसरी आईपीएल ट्रॉफी जीती है। इसके पहले टीम को खिताब के लिए 17 साल लगे।

**तारीख** 22 जून 2022, स्थान बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बना मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम का ड्रेसिंग रूम। टीम के रणजी कोच चंद्रकांत पंडित ड्रेसिंग रूम में फफक-फफक कर रो रहे थे। दरअसल मध्य प्रदेश ने 69 साल बाद मुंबई को हराकर रणजी ट्रॉफी जीती थी और इस जीत के हीरो थे इंदौर के रजत पाटीदार, जिन्होंने पहली पारी में 122 रन बनाने के साथ ही दूसरी पारी में 30 रनों पर नाबाद रहते हुए विजयी रन बनाए थे। रजत पाटीदार के कोच रहे अमय खुरासिया बताते हैं कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के कैंप में जब रजत उनके पास ट्रेनिंग लेते थे तब वे एक सैनिक की तरह निर्देशों का पालन करते थे।

**रजत को अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा है और वह अपना जवाब सिर्फ बल्ले से देता है।**
**-विराट कोहली, पूर्व भारतीय कप्तान**

अगर उन्हें दिन भर केवल ड्राइव्स की प्रैक्टिस करने को कहा जाता, तो वे बिना थके वही करते। अगले दिन बैकफुट की बारीकियों को सुधारने को कहा जाता, तो वे उसी पर काम करते। भले ही आज रजत स्टार क्रिकेटर हों, लेकिन 2020 के पहले एक समय ऐसा भी आया जब उनका न तो भारतीय टीम में और न ही आईपीएल में चयन हो पा रहा था। ऐसे में वे काफी निराश हो गए थे। कहा जाता है कि कुछ समय तक वे विकेट कीपिंग के बारे में भी सोचने लगे थे कि शायद एक नई खूबी जुड़ने पर सिलेक्शन होने में मदद मिल सके। रजत को किताबें पढ़ने का बेहद शौक है। इंदौर के विजय नगर स्थित उनके आलीशान बंगले में एक अलग और शांत लाइब्रेरी है।

**रणजी और क्लब के लिए खेलते हुए कई बार रजत नेट पर प्रैक्टिस के लिए अकेले पहुंच जाते थे। सीनियर होने के बावजूद प्रैक्टिस की कमी को पूरा करने के लिए वे जूनियर बच्चों के साथ मैच खेलने में भी संकोच नहीं करते थे।**

**जन्म :** 1 जून 1993, इंदौर, मध्य प्रदेश
**शिक्षा :** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल से 12वीं।
**परिवार :** पत्नी- गुंजन, एक बेटा
**संपत्ति :** करीब 25-35 करोड़ रु. (मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)



• परिवार

### पिता कृषि पंप और पाइप के व्यापारी हैं

रजत के पिता मनोहर पाटीदार इंदौर में कृषि पंप और पाइप के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। रजत के बचपन के क्रिकेट शौक को प्रोत्साहित किया उनके दादा जगदीश नारायण ने। जब रजत 8 साल के थे तब दादा ने उन्हें स्थानीय क्लब जॉइन कराया। क्रिकेट पर फोकस करने के लिए रजत ने केवल स्कूल की पढ़ाई की। उनकी एक बहन भी है।

• विवाह

### तय तारीख से 3 महीने बाद हो पाई थी शादी

2022 में रजत की शादी करवड़, झाबुआ की रहने वाली गुंजन से हुई थी। इससे जुड़ा एक रोचक किस्सा है। दरअसल 2022 की नीलामी में रजत अनसोल्ड रहे थे। ऐसे में परिवार ने सोचा कि शादी ही करा देते हैं। 9 मई की तारीख तय हुई। लेकिन 3 अप्रैल को जब रजत को आरसीबी से बुलावा आया तो वे शादी टालकर बेंगुलुरु रवाना हो गए। फिर जुलाई में शादी हुई।

• करियर

### अनसोल्ड खिलाड़ी से टीम के कप्तान तक

2021 में आरसीबी ने उन्हें खरीदा, लेकिन 4 मैचों में केवल 71 रन बना पाए। टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। 2022 में हुई नीलामी में अनसोल्ड रहे, लेकिन एक खिलाड़ी के चोटिल हो जाने के कारण टीम में शामिल किया गया। इसी साल एलिमिनेटर में नाबाद 112 रन बनाए। 2025 में आरसीबी के कप्तान बने। भारतीय टीम के लिए भी डेब्यू कर चुके हैं।

### खास : तीन वर्षों में 55 गुना बढ़ी रजत की सैलरी

- रजत पहले गेंदबाजी करते थे। 2014 में घुटने की चोट के बाद बल्लेबाज बने।
- 2022 में आरसीबी में महज 20 लाख रु. में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल हुए थे। आईपीएल 2025 से पहले आरसीबी ने उन्हें 11 करोड़ रु. में रिटेन किया। यानी सैलरी 55 गुना बढ़ गई।

### उपलब्धि: लगातार दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे कप्तान

- वे आईपीएल के प्लेऑफ में शतक लगाने वाले पहले अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी हैं।
- रजत आईपीएल में ऐसे तीसरे कप्तान हैं, जिन्होंने बैक-टु-बैक ट्रॉफियां टीम को जिताई हैं।
- 2015-16 में रणजी के डेब्यू मैच में ही बड़ौदा के खिलाफ शतक जमाया था।

### रोचक : मजाक में की गई उनकी भविष्यवाणी सच हुई

- रजत अंडर-15 क्रिकेट में बतौर स्पिनर खेलते थे। तब वे 11 नंबर पर बल्लेबाजी करते थे।
- कप्तान बनने से पहले रजत ने अपने एक करीबी मित्र से कहा था 'क्या पता कप्तान बनूं और आरसीबी ट्रॉफी जीत जाए।' उनकी मजाक में की गई यह भविष्यवाणी सच साबित हुई।

नियम • खाद्य नियामक एफएसएसएआई कहता है... 'आइसक्रीम' केवल वही, जिसमें फैट का स्रोत दूध या डेयरी प्रोडक्ट हो, ये बाजार ₹31,276 करोड़ का

# हर ठंडी मिठास आइसक्रीम नहीं: भारत में 'फ्रोजन डेजर्ट' का बाजार 30,000 करोड़ तक पहुंचा

भास्कर न्यूज | मुंबई

गर्मियों में ज्यादातर लोग हाथ में कोई न कोई 'फ्रोजन ट्रीट' थामे दिखता है। इस बात की ज्यादा संभावना है कि यह 'आइसक्रीम' नहीं, बल्कि 'फ्रोजन डेजर्ट' हो। दोनों एक जैसे दिखते हैं, पर बनते अलग तरह से हैं। लेबल पर यह जानकारी इतनी बारीक होती है कि शायद ही कोई पढ़ पाए। खाद्य नियामक एफएसएसएआई के मुताबिक, 'आइसक्रीम' केवल वही है, जिसमें फैट का स्रोत दूध या डेयरी प्रोडक्ट हो। जिनमें मिल्क फैट की जगह पाम ऑयल या अन्य वेजिटेबल ऑयल/फैट का इस्तेमाल किया गया हो, उन्हें 'फ्रोजन डेजर्ट' या 'फ्रोजन कन्फेक्शन' के तौर पर बेचना अनिवार्य है। अब बढ़ती जागरूकता की वजह से कंपनियां खुद बदलाव करने लगी हैं।




- कुछ देसी-विदेशी ब्रांड्स व्हे प्रोटीन मिलाकर हेल्दी स्नैक बनाने का दावा करते हैं।
- विशेषज्ञ इसे 'हेल्थ हेलो' कहते है, लोग ज्यादा खाते हैं।

### 9 साल में दोगुना हो जाएगा भारत में फ्रोजन डेजर्ट बाजारः आईएमएआरसी

| 2025 | 2034 | सालाना |
|---|---|---|
| 30,000 करोड़ के आसपास रहा कुल कारोबार | 60,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान | 7.4% की दर से बढ़ रहा यह कारोबार |

... पर डेयरी-आधारित आइसक्रीम मार्केट 4 गुना हो जाएगा

| 2025 | 2034 | सालाना |
|---|---|---|
| 31,276 करोड़ का बाजार | 1,19,000 लाख करोड़ का होगा | 16% की वृद्धि दर |

नोटः सालाना वृद्धि सीएजीआर 2026-2034
स्रोतः आईएमएआरसी ग्रुप



### अब डेयरी प्रोडक्ट्स का रुख कर रहे उपभोक्ता

ग्लोबल मार्केट रिसर्च फर्म आईएमएआरसी ग्रुप के मुताबिक, भारत में आइसक्रीम बाजार, फ्रोजन डेजर्ट के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यादा तेज रफ्तार (7.4% बनाम 16%) से बढ़ रहा है। यह बताता है कि उपभोक्ता अब डेयरी प्रोडक्ट्स की ओर लौट रहे हैं। इसी रुझान को देखते हुए अब विदेशी कंपनियां आइसक्रीम पर फोकस करने लगी हैं। क्वालिटी वॉल्स इनमें शामिल है।

### आइसक्रीम से सस्ते होते हैं फ्रोजन डेजर्ट, हेल्दी भी कम

| पहलू | आइसक्रीम | फ्रोजन डेजर्ट |
|---|---|---|
| फैट का स्रोत | दूध/मक्खन/ क्रीम | पाम ऑयल/वेजिटेबल फैट |
| कानूनी श्रेणी | डेयरी प्रोडक्ट | फ्रोजन कन्फेक्शन |
| कीमत | अपेक्षाकृत ज्यादा | कम (कच्चा माल सस्ता) |
| लेबल | आइसक्रीम (स्पष्ट) | 'फ्रोजन डेजर्ट' (बारीक प्रिंट) |
| पोषण | प्रोटीन+कैल्शियम | कम पोषण |

कई कंपनियां पैकेट के सामने 'आइसक्रीम' और पीछे बारीक अक्षरों में 'फ्रोजन डेजर्ट' लिखती हैं। यह गैरकानूनी तो नहीं, पर भ्रामक है।

**आइस्क्रीम में देखें...** 1. फैट का स्रोतः 'मिल्क फैट' लिखा हो तो आइसक्रीम; 'वेजिटेबल फैट/ऑयल' हो तो फ्रोजन डेजर्ट। 2. हरा/लाल बिंदुः शाकाहारी/मांसाहारी की पहचान। देखें कि प्रोडक्ट आखिर किस श्रेणी में आता है। 3. सामग्री : घटते वजन के क्रम में होती है। पहले नंबर पर जो है, वही सबसे अधिक होता है। 4. FSSAI नंबरः 14 अंकों का लाइसेंस नंबर अनिवार्य है।

2025 से नई पहल...

### केवल भारत में 'फ्रोजन डेजर्ट' बेच रही थी कंपनी

मई 2025 में मैग्नम आइसक्रीम कंपनी (क्वालिटी वॉल्स की मूल कंपनी) के सीईओ ने घोषणा की थी कि भारत में पूरे पोर्टफोलियो को डेयरी-बेस्ड प्रोडक्ट्स में बदला जाएगा। कंपनी केवल भारत में वेजिटेबल फैट वाले प्रोडक्ट बेच रही थी, वैश्विक स्तर पर नहीं। माना जा रहा है कि उपभोक्ता जागरूकता और सोशल मीडिया पर दबाव इस फैसले की वजह रही।

---

## बिजनेस ब्रीफ

### देश में एआई से 'स्मार्ट' स्टैंडर्ड बनाने की योजना

**नई दिल्ली|** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि सरकार एआई की मदद से मशीन-रीडेबल 'स्मार्ट' स्टैंडर्ड विकसित करने की योजना बना रही है। इससे उद्योग पर अनुपालन का बोझ कम होगा। 'स्मार्ट' स्टैंडर्ड डायनामिक होंगे और सॉफ्टवेयर व मैन्युफैक्चरिंग साइकिल में एकीकृत किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीआईएस रेगुलेटर से फैसिलिटेटर बन रहा है।

### स्पेसएक्सः सबसे बड़ा IPO 135 डॉलर/शेयर

**न्यूयॉर्क|** इलॉन मस्क के नेतृत्व वाली स्पेसएक्स ने 135 डॉलर (12,926 रुपए) प्रति शेयर पर आईपीओ लाने का ऐलान किया है। इससे कंपनी का वैल्युएशन 1.77 ट्रिलियन डॉलर (₹169.5 लाख करोड़) हो जाएगा। यह पूरी दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा, जो सऊदी अरामको के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। आईपीओ से कंपनी $74.4 अरब डॉलर जुटाएगी।

### टीवीएस अब एयरोस्पेस-डिफेंस सेक्टर में उतरी

**मुंबई|** टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्युशंस ने इटली की एएलए ग्रुप के साथ 51:49 के अनुपात में जॉइंट वेंचर बनाकर एयरोस्पेस और डिफेंस सप्लाई चेन में उतरी है। यह जॉइंट वेंचर 2031 तक ₹2,000 करोड़ आय की उम्मीद कर रहा है। शुरुआत में भारत पर फोकस रहेगा। कंपनी एंड-टू-एंड सप्लाई चेन समाधान देगी। भारत का डिफेंस लॉजिस्टिक्स बाजार सालाना 8.6% बढ़ रहा है।

### देश में रिकॉर्ड 43 लाख टन दालों का बफर स्टॉक

**नई दिल्ली|** सरकार के पास 43 लाख टन दालों का रिकॉर्ड बफर स्टॉक है। केंद्र का कहना है कि यह मानसून की बारिश पर संभावित अल नीनो प्रभाव से सप्लाई और कीमतों की सुरक्षा करेगा। यह स्टॉक पिछले साल से दोगुना है। दालें 2-3 साल तक स्टोर की जा सकती हैं। मौसम विभाग ने कमजोर मानसून और अल नीनो की चेतावनी दी है।

### मनी मार्केट का टर्नओवर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई|** बैंकों द्वारा क्रेडिट डिमांड पूरा करने के लिए उधार बढ़ाने से भारत का मनी मार्केट टर्नओवर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। ट्राई-पार्टी रेपो सेगमेंट में गुरुवार को ₹5.5 लाख करोड़ का कारोबार हुआ। बैंक लेंडिंग 16.2% बढ़ी, जबकि डिपॉजिट ग्रोथ कम रही। एसबीआई के मुताबिक पावर, रिन्यूएबल और डेटा सेंटर्स में लोन डिमांड मजबूत है।

---

भास्कर एनालिसिस | लाभांश अच्छी सेहत का संकेत, पर आंकड़े उठा रहे सवाल

# बीते साल घाटे में रहीं 39 कंपनियों ने भी दिया 450 फीसदी तक डिविडेंड

भास्कर न्यूज | मुंबई

मार्च में खत्म वित्त वर्ष 2025-26 में घाटे में रहीं 39 लिस्टेड कंपनियों ने भी 450 फीसदी तक डिविडेंड दिया। बॉश होम कम्फर्ट, सिम्फनी, ग्लेनमार्क, बजाज इलेक्ट्रिक, सनटेक रियल्टी ऐसा करने वाली टॉप-10 कंपनियों में शामिल हैं। दिलचस्प है कि कई मामलों में डिविडेंड की रकम कंपनी के सालाना घाटे से भी ज्यादा निकली।

आम तौर पर शेयरधारकों को डिविडेंड देना किसी भी कंपनी के अच्छी अच्छी स्थिति में होने का मजबूत संकेत माना जाता है। लेकिन इस मामले में बीते वित्त वर्ष के आंकड़े अलग ही कहानी कह रहे हैं। घाटे में डूब कंपनियों का डिविडेंड या लाभांश वितरण ने बाजार को चौंकाया है। हालांकि कानूनी तौर पर ऐसा करने की मनाही नहीं है। लेकिन इसके लिए संबंधित कंपनी को कर्ज देने वाली बैंकों और अन्य संस्थाओं की सहमति जरूरी है। इसके अलावा अधिकांश मामलों में डिविडेंड का एक छोटा सा हिस्सा ही आम निवेशकों की जेब में गया। बीते वित्त वर्ष स्टैंडअलोन घाटा उठाने वाली 39 कंपनियों ने जो डिविडेंड दिए, उसमें 37 फीसदी से लेकर 82 फीसदी तक हिस्सेदारी प्रमोटरों की रही। विश्लेषक रिटेल निवेशकों को ऐसी ज्यादातर कंपनियों के शेयरों से दूर रहने की सलाह देते हैं।

### 2025-26 में घाटा होने के बावजूद सर्वाधिक डिविडेंड देने वाली 10 कंपनियां

ये दिलचस्प...

**82%** तक डिविडेंड कंपनियों के प्रमोटरों को मिला

**450%** डिविडेंड दिया सिम्फनी ने, घाटा ₹166 करोड़

**201 करोड़** घटे में रही ग्लेनमार्क फार्मा का डिविडेंड 250%

| कंपनी | घाटा | डिविडेंड | कुल डिविडेंड | प्रमोटर का हिस्सा |
|---|---|---|---|---|
| सिम्फनी | 166.0 | 450% | 63.0 | 46.3 |
| बॉश होम कंफर्ट | 2.9 | 360% | 97.9 | 80.5 |
| ग्लेनमार्क फार्मा | 200.8 | 250% | 70.6 | 32.9 |
| आरएचआई मैग्नेसिटा | 467.7 | 250% | 51.6 | 28.9 |
| ईआईडी पैरी (इंडिया) | 708.3 | 200% | 35.6 | 14.7 |
| क्रॉम्प्टन ग्रीव्स | 243.3 | 150% | 193.2 | 0.0 |
| बजाज इलेक्ट्रिकल्स | 77.3 | 150% | 34.6 | 21.7 |
| सनटेक रियल्टी | 19.7 | 150% | 22.0 | 13.9 |
| बिड़लान्यू | 14.0 | 150% | 11.4 | 4.6 |
| इंडो-नेशनल | 10.4 | 75% | 2.8 | 1.8 |



आंकड़े करोड़ रुपए में

### घाटे में रहीं इन कंपनियों ने भी डिविडेंड दिए

अल्फाजियो इंडिया, हिकल, धुनसेरी इन्वेस्टमेंट्स, काकतिय सीमेंट शुगर, पोकर्ना, केसर टर्मिनल्स, बॉम्बे ऑक्सीजन इन्वेस्टमेंट्स, हिंदुस्तान इंसुलेटर, नागा धुनसेरी ग्रुप, डीसीएम श्रीराम इंटरनेशनल, इंडोको रेमेडीज, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, प्रवेग, राजपलायम मिल्स, अक्षरकेम इंडिया, वेरिटास इंडिया, लक्ष्मी मिल्स, द पेरिया करमलाई टी एंड प्रोड्यूस, सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज, थेमिस मेडिकेयर, अल्बर्ट डेविड, एलाइड डिजिटल सर्विसेज, एंटरटेनमेंट नेटवर्क इंडिया, दाई-इची करकारिया, एनआईआईटी, बटलीबॉय।

### छोटे निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, घाटा होने पर भी डिविडेंड देना गैरकानूनी नहीं, लेकिन रणनीतिक नजरिये से ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। कंपनियों को विस्तार योजनाओं और परिचालन लागत को प्राथमिकता देनी चाहिए। हो सकता है कि कंसॉलिडेटेड स्तर पर कुछ कंपनियां मुनाफे में हों, लेकिन कानून स्टैंडओलन आंकड़ों पर चलता है। ऐसी कंपनियों के शेयरों में निवेश को लेकर छोटे निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए। डिविडेंड हमेशा कंपनी की अच्छी का सेहत का पैमाना नहीं होता है।

भास्कर नॉलेज

### कानून डिविडेंड के बारे में क्या कहता है?

- मौजूदा साल के मुनाफे से डिविडेंड सीधे बोर्ड दे सकता है।
- पिछले वर्षों के संचित मुनाफे से भी डिविडेंड की सशर्त अनुमति।
- जनरल रिजर्व से डिविडेंड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी।
- घाटा होने पर डिविडेंड देने के लिए बैंक जैसे कर्जदाताओं की सहमति अनिवार्य।
- डिविडेंड का फैसला कंपनी के स्टैंडअलोन फाइनेंशियल डेटा पर आधारित होना चाहिए, कंसॉलिडेटेड डेटा पर नहीं।

---

सराफा • बीआईएस नियामकीय और बुनियादी ढांचे की स्थिति आंक रहा

# चांदी पर अनिवार्य हॉलमार्किंग की तैयारी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में गहने समेत चांदी से तैयार सभी प्रोडक्ट्स पर हॉलमार्किंग अनिवार्य करने की तैयारी चल रही है। लेकिन बीआईएस फूंक-फूंककर कदम रख रहा है।



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक संजय गर्ग ने गुरुवार को कहा कि चांदी के गहनों और कलाकृतियों पर हॉलमार्क अनिवार्य करने के लिए नियामकीय और बुनियादी ढांचे की तैयारी का अध्ययन किया जा रहा है। औद्योगिक संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम के इतर उन्होंने कहा, 'हम धीरे चल रहे हैं, क्योंकि गलतियां नहीं करना चाहते। सिस्टम को दुरुस्त करने के बाद ही अनिवार्यता लागू की जाएगी।' चांदी पर हॉलमार्किंग 2005 से स्वैच्छिक है। सितंबर, 2025 से हॉलमार्क वाले चांदी के सामान पर 'एचयूआईडी' नंबर भी अंकित होने लगा है। गर्ग के मुताबिक, चांदी की हॉलमार्किंग सोने की तुलना में कहीं अधिक जटिल है।

### एक साल में 84% बढ़ी चांदी की हॉलमार्किंग

- वित्त वर्ष 2024-25 में 32 लाख चांदी के गहनों में हॉलमार्किंग हुई थी।
- 2025-26 में हॉलमार्क वाले गहने 59 लाख तक पहुंच गए।
- बीते वित्त वर्ष यानी मार्च तक बीआईएस मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र सिर्फ 230 थे।

### हॉलमार्किंग सिस्टम सिर्फ 5 कर्मचारियों के भरोसे

बीआईएस की पूरी हॉलमार्किंग व्यवस्था महज पांच कर्मचारियों के भरोसे है। बाकी काम निजी या आउटसोर्सिंग के जरिए होता है। गर्ग ने इसे 'हरक्यूलियन टास्क' बताया। इसके बावजूद स्वैच्छिक हॉलमार्किंग में प्रगति हो रही है।

ब्याज दरों पर निर्णय आज

### सेंसेक्स फ्लैट, आरबीआई के फैसले से पहले सुस्ती

भास्कर न्यूज | मुंबई

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से एक दिन पहले बुधवार को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लगभग फ्लैट रहा। सेंसेक्स महज 14 अंकों की बढ़त के साथ 74,360 पर और निफ्टी 11 अंक चढ़कर 23,416 पर बंद हुआ। पूरे दिन बाजार दिशाहीन और निवेशक सतर्क नजर आए। गुरुवार को आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति का फैसला आना है। इस पर बाजार की नजर टिकी है। ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद के बीच यह फैसला बाजार की दिशा तय कर सकता है। देश में महंगाई बढ़ने और रुपया कमजोर होने से अप्रत्याशित फैसलों की आशंका जताई जा रही है।

---

बवाल • 15 लाख करोड़ झूठी आय के आरोप

# राजेश एक्सपोर्ट्सः 1,200 रु. से 3 हजार करोड़ तक

भास्कर न्यूज। बेंगलुरु

बेंगलुरु के राजेश मेहता और उनके भाई प्रशांत मेहता की कहानी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसी है। 15 लाख करोड़ की 'झूठी' कमाई के आरोपों का सामना कर रही उनकी कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स महज ₹1,200 की पूंजी से 1981-82 में शुरू हुई थी। 1980 के दशक की शुरुआत में कॉलेज ड्रॉपआउट राजेश मेहता ने भाई बिपिन से ₹1,200 उधार लेकर काम शुरू किया। दोनों भाई चेन्नई से चांदी के गहने खरीदते और गुजरात में घर-घर जाकर बेचते। वहां से मिले मुनाफे से राजकोट की चांदी बेंगलुरु लाते। आज इनका साम्राज्य ₹3 हजार करोड़ से ज्यादा का है। 60 से ज्यादा देशों में थोक व्यापार है, जबकि दक्षिण भारत में 'शुभ ज्वेलर्स' के 80 से ज्यादा रिटेल स्टोर हैं।



**स्विट्जरलैंड में तख्तापलट और ग्लोबल पहचानः** साल 2015 में राजेश मेहता ने दुनिया की सबसे बड़ी स्विस गोल्ड रिफाइनरी 'वैलकैम्बी एसए' को 2,600 करोड़ में खरीदा। राजेश एक्सपोर्ट्स रातों-रात वैश्विक खिलाड़ी बन गई। कंपनी ने प्रतिष्ठित 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' लिस्ट में जगह भी बनाई।

### 15 लाख करोड़ की कहानी में ऐसे उलझे...

**11 मार्च 2024:** सेबी को एक शेयरधारक की शिकायत मिली।
**23 अक्टूबर 2024:** जांच के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया।
**3 दिसंबर 2024:** फोरेंसिक ऑडिट बीडीओ को सौंपी
**2025:** कंपनी, संबंधित पक्षों को समन और नोटिस भेजे गए।
**3 जून 2026:** राजेश एक्सपोर्ट्स, प्रमोटर राजेश मेहता के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किया गया।

### जांच में आगे क्या होगा?

- राजेश एक्सपोर्ट्स, राजेश मेहता की ओर से जवाब दाखिल किया जाएगा।
- कंपनी की सब्सिडियरी यूनिट्स के रिकॉर्ड की समीक्षा होगी।
- लेनदेन और वित्तीय खुलासों का सत्यापन किया जाएगा।
- यदि नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई तो सेबी सख्त कार्रवाई कर सकती है।

### राजेश एक्सपोर्ट्स में LIC की भी 11 फीसदी हिस्सेदारी

| कंपनी/निवेशक | हिस्सेदारी |
|---|---|
| एलआईसी | 10.8% |
| विदेशी निवेशक | 14.2% |
| खुदरा निवेशक | 14.5% |
| एनआरआई, अन्य | 4.8% |
| प्रमोटर समूह | 54.5% |

(मार्च 2026 तक की स्थिति)

### 'Z' ग्रुप में ट्रेड होता है शेयर

राजेश एक्सपोर्ट्स का शेयर बाजार के 'Z' ग्रुप में शामिल है। इस श्रेणी में वे कंपनियां आती हैं जो एक्सचेंज के कुछ नियमों का पालन नहीं कर पातीं या जिनके खिलाफ निवेशकों की शिकायतें लंबित रहती हैं। इस ग्रुप के शेयरों में इंट्राडे ट्रेडिंग की अनुमति नहीं होती। **एलआईसी के निवेशक न घबराएं:** इक्विनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि एलआईसी के शेयर पर राजेश एक्सपोर्ट्स प्रकरण का बड़ा असर नहीं होगा। एलआईसी के पास राजेश एक्सपोर्ट्स के 3.18 करोड़ शेयर हैं। 2026 की शुरुआत में इनकी वैल्यू ₹637 करोड़ थी। लेकिन अभी करीब ₹347 करोड़ रह गई है। ऐसे में एलआईसी के निवेशकों पर ज्यादा असर नहीं होगा।

---

रणनीति • अप्रैल में RBI गोल्ड बाजार से दूर रहा

# केंद्रीय बैंकों ने 17 टन सोना खरीदा, सिर्फ पोलैंड ने 14 टन

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मार्च में शुद्ध बिकवाली के बाद अप्रैल में दुनियाभर के सेंट्रल बैंकों ने कुल 17 टन सोना खरीदा। इसमें 14 टन की खरीद के साथ पोलैंड सबसे आगे रहा। चीन ने 8 टन सोना खरीदा। उसकी खरीदारी लगातार 18वें महीने जारी रही और यह 16 महीनों के उच्चतम स्तर भी रहा। वर्तमान में चीन का आधिकारिक स्वर्ण भंडार 2,322 टन हो गया है। यह उसके कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 9% हिस्सा है। चीन की यह आक्रामक और लगातार खरीद वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें बढ़ाने वाले मुख्य कारकों में से एक रही है। चेक रिपब्लिक ने भी अप्रैल में 3 टन सोना खरीदा। दूसरी ओर रूस ने 6 टन सोना बेचा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की एशिया-प्रशांत क्षेत्र की वरिष्ठ रिसर्च प्रमुख मारिसा सलीम ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंकों का यह कदम मार्च की बड़ी बिकवाली के बाद एक मजबूत वापसी है, हालांकि अप्रैल में इनकी सोना जुटाने की रफ्तार धीमी रही। इस साल की शुरुआत से अब तक पोलैंड कुल 45 टन सोना खरीद चुका है। देश का कुल स्वर्ण भंडार अब 595 टन पर पहुंच गया है। यह पोलैंड के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 30% है।



### आईसीआईसीआई बैंक को सेबी की चेतावनी

भास्कर न्यूज | मुंबई

सेबी ने आईसीआईसीआई बैंक को चेतावनी जारी की है। बैंक पर आरोप है कि उसने एक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) को वॉलंटरी रिटेंशन रूट के तहत तय लॉक-इन या रिटेंशन अवधि पूरी होने से पहले ही निवेश वापस लेने की अनुमति दे दी। आईसीआईसीआई बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को भेजी सूचना में बताया कि सेबी का चेतावनी पत्र 1 जून को जारी हुआ था, जो बैंक को 2 जून को मिला। सेबी के अनुसार यह कदम रिजर्व बैंक के 7 जनवरी 2025 के मास्टर डायरेक्शन और सेबी के एफपीआई नियम, 2019 के अनुरूप नहीं था। बैंक ने कहा कि इस चेतावनी का उसके कारोबार, वित्तीय स्थिति या परिचालन पर बड़ा असर नहीं होगा। बैंक ने यह भी बताया कि एक्सचेंज को सूचना देने में हुई देरी आंतरिक प्रक्रियागत कारणों से हुई।

### दुनिया की सबसे छोटी स्मार्ट रिंग में वजन घटाने, महिलाओं के लिए खास हेल्थ रडार



**दुबई** | फोटो में दिख रही ओरा 5 दुनिया की सबसे छोटी स्मार्ट रिंग है। टाइटेनियम से बनी यह रिंग पिछले मॉडल से 40% छोटी है। इसमें लगे 12 सिग्नल पाथवे और उन्नत एलईडी सेंसर हर तरह की उंगली पर फिट होकर सटीक जानकारी जुटाते हैं। यह ब्लड प्रेशर और सांस लेने के पैटर्न को लगातार ट्रैक करती है। इसमें वजन घटाने और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष हेल्थ रडार फीचर भी है। यूएई में इसकी शुरुआती कीमत ₹41,600 है, जो सिल्वर और ब्लैक फिनिश के लिए है।

---

भास्कर एंकर | गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने कहा 'नए दौर' की तैयारी के लिए अब वक्त कम ही बचा

# एआई 2030 तक इंसान से आगे निकल सकता हैः हासाबिस

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हासाबिस ने हाल ही में एक ऐसी बात कही जो सुनने में उतनी ही रोमांचक है, जितनी डरावनी। उन्होंने कहा कि इंसान जैसी सोच रखने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एजीआई अब महज कुछ साल दूर है। स्टैनफर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'शायद 2030, एक-दो साल कम या ज्यादा लग सकते हैं।' यह सुनकर खुद उन्हें भी हैरानी होती है।

हासाबिस ने एजीआई की तुलना 'सिंगुलैरिटी' से की, यानी वो पल जहां से पलटकर देखना मुमकिन नहीं होगा। उनके मुताबिक यह 'एक नए मानव युग' की शुरुआत होगी। और इसीलिए वे बार-बार यह कहते हैं कि नए दौर का सामना करने की तैयारी अभी से होनी चाहिए क्योंकि वक्त कम बचा है। हासाबिस इकलौते नहीं हैं जो इस तरह की बातें कर रहे हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन का कहना है कि एआई की वजह से लाखों नौकरियां जा सकती हैं। एंथ्रोपिक के सीईओ डेरियो अमोदेई ने तो यहां तक कह चुके हैं कि अगले पांच वर्षों में आधे एंट्री-लेवल व्हाइट-कॉलर काम गायब हो सकते हैं। हां, यह भी सच है कि हाल के दिनों में इन तमाम दिग्गजों ने अपनी 'कयामत की भाषा' में थोड़ी नरमी लाई है, लेकिन मुख्य संदेश वही है। हासाबिस ने यह भी माना कि उनके कुछ साथी अपनी भविष्यवाणियों में 'बहुत ज्यादा निश्चित' हो जाते हैं। यह ठीक नहीं। उन्होंने एजीआई को सिर्फ खतरे का पर्याय नहीं बताया। उनके मुताबिक यही टेक्नोलॉजी मेडिकल साइंस में क्रांति ला सकती है। यह आर्थिक बदलाव की वजह बन सकती है और एक ऐसी दुनिया की नींव रख सकती है जहां 'अभाव' शब्द का अर्थ बदल जाए, जिसे भविष्यवादी 'पोस्ट-स्कार्सिटी वर्ल्ड' कहते हैं।

युवाओं और छात्रों को उनका सीधा संदेश है- चाहे आप 'ह्यूमैनिटीज' पढ़ते हों या साइंस-टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग ले रहे हों, इस तकनीक से भागिए मत, इसे अपनाइए। उन्होंने सबसे दिलचस्प बात ये कही, 'भविष्य अभी लिखा नहीं गया है, लेकिन अगले कुछ साल तय कर देंगे कि वो वास्तव में कैसा दिखेगा।'

### एजीआई... जब मशीनें भी इंसान की तरह हर काम में माहिर होंगी



एजीआई यानी आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस। यह एआई का वो स्तर है जब मशीन हर काम इंसान जितनी या उससे भी बेहतर क्षमता से कर सके। अभी का एआई किसी एक काम में माहिर होता है, एजीआई हर काम में माहिर होगा। हासाबिस का अनुमान है कि यह 2030 तक हकीकत बन सकता है। सैम ऑल्टमैन और डेरियो अमोदेई भी इसी समयसीमा के आसपास इशारा कर चुके हैं। एजीआई के संभावित फायदे- बीमारियों का इलाज, आर्थिक बदलाव, अभावमुक्त दुनिया। लेकिन इसके साथ नौकरियां कम होने के खतरे, नियंत्रण का सवाल, समाज पर अप्रत्याशित प्रभाव जैसी आशंकाएं भी जुड़ी हुई हैं। दुनिया के पास तैयारी के लिए शायद पांच साल भी नहीं हैं।

### इंडिगो के 6 अंतरराष्ट्रीय रूट 3 माह के लिए बंद

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

इंडिगो ने बढ़ती लागत और कम मांग के चलते अपने इंटरनेशनल नेटवर्क में कटौती की है। एयरलाइन ने हॉन्गकॉन्ग, शंघाई, हो ची मिन्ह सिटी, लंगकावी, क्राबी और सिएम रीप की उड़ानें जुलाई से सितंबर तक अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दी हैं। इन छह रूटों पर सेवाएं 1 और 3 जुलाई से बंद होंगी, जिनकी बुकिंग 1 अक्टूबर से फिर शुरू होगी। साथ ही, कंपनी 31 अगस्त से दिल्ली और मुंबई से मैनचेस्टर की सीधी उड़ानें भी बंद करेगी। पश्चिम एशिया के संघर्ष और पाकिस्तानी एयरस्पेस पर पाबंदियों के कारण परिचालन खर्च काफी बढ़ गया है। हालांकि, इंडिगो अभी भी हर हफ्ते 1,800 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन जारी रखेगी। एयरलाइन प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराएगी।

ट्रेंड • दो साल में 47,915 करोड़ देश से बाहर

# भारत में आईपीओ से जुटाई रकम स्वदेश भेज रहीं वैश्विक कंपनियां

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश के आईपीओ बाजार में दिलचस्प ट्रेंड देखा जा रहा है। विदेशी कंपनियां शेयर बेचकर कमाई सीधे मुख्यालय भेज रही हैं। 2024 से अब तक ज्यादातर विदेशी कंपनियों (ह्युंडई, एलजी आदि) ने ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए ₹47,915 करोड़ निकाले हैं। ऊंचे वैल्युएशन के कारण विदेशी कंपनियों को भारत में आंशिक एग्जिट आकर्षक लग रहा है। साल 2024 से लिस्ट हुई छह विदेशी कंपनियों में से सिर्फ एक ने विस्तार के लिए नया फंड जुटाया है। बाकी सभी ने ओएफएस का रास्ता चुना, जहां मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचते हैं। जुटाए गए हर एक डॉलर (₹95.8) के मुकाबले 59 डॉलर (₹5,650) से ज्यादा रकम देश से बाहर गई है। इसमें ह्युंडई, एलजी की हिस्सेदारी 80% से अधिक रही। आगे फोनपे, कोका-कोला और कार्लसबर्ग भी यही ओएफएस रास्ता अपनाएंगी।